फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 248 प्रभात जयपुर, मंगलवार 11 अप्रेल, 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



They Lured Us Into Surgery!!!

The whole Sen Family set upon preparing for the surgery. Our car garage was vacated and a thorough cleansing was done.

SWEET-DELIGHT: Molly Moo Fruity Festival

An ice cream sit down parlour that delivers happiness over the counter in unique flavours curated by its owner Sachin Khurana



*ऑइल पाम बगानों के लिए उष्णकटिबंधीय वर्षावनों को काटने की जब बात होती है तो इससे प्रभावित होने वाले जानवरों में सबसे पहले ओरांगुटान का नाम ज़हन में आता है। पर एक और जानवर है जिसे वर्षा वनों की कटाई का भारी नुकसान उठाना पड़ा है, वो भी जितना सोचा गया था उससे बहुत ज्यादा। यह जीव है मार्बल्ड कैट। एक नए शोध से पता चला है कि, पेड़ों पर रहने वाली यह बिल्ली इस कदर प्रभावित हुई है कि, इसका स्तर ''निअर थ्रैटन्ड'' की बजाय ''वल्नरेबल'' करने का सुझाव दिया गया है। जर्नल इकोस्फिअर में छपे इस शोध में वैज्ञानिकों ने पाया कि, जंगल साफ करने व पाम ऑयल बागानों के प्रति मार्बल्ड कैट की प्रतिक्रिया अच्छी नहीं थी। शोध के प्रथम लेखक, युनिवर्सिटी ऑफ क्वीन्सलैंड के अलैक्जैंडर हैन्ड्री ने कहा, मार्बल्ड कैट ने हमारी इस अवधारणा की पुष्टि की कि, जीवन का आधा समय पेड़ों पर बिताने वाले जानवरों (सैमी आरबोरिअल एनिमल्स) पर वर्षावनों के घटने का प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। हैन्ड्री के अनुसार, कैमरा ट्रैप डेटा से इस बात की पुष्टि हुई है कि, यह बिल्ली जंगल की कनैक्टिविटी पर निर्भर है। तथापि, हैन्ड्री ने कहा कि, जमीन पर रहने वाली लैपर्ड कैट की प्रतिक्रिया इससे एकदम उलट थी। शोध में पाया गया कि इन जानवरों ने ऑयल पाम बागानों के एनवायरनमैंट से अनुकूलन कर लिया। इससे स्पष्ट है कि, संभवतया मार्बल्ड कैट, पेड़ों पर रहने की, अपनी ''सेमी आरबोरिअल'' प्रकृति के कारण वनों के विनाश से उत्पन्न स्थिति से अनुकूलन नहीं कर पा रही है। नतीजों से यह भी पता चला कि, मार्बल्ड कैट इंसानी गतिविधियों की प्रतिक्रिया स्वरुप अपने व्यवहार में परिवर्तन कर सकती हैं। उदाहरण के लिए, आमतौर पर ये बिल्लियाँ दिन में एक्टिव रहती हैं पर कई बार इन्हें देर शाम को भी सक्रिय देखा गया है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां दिन में इंसानी गतिविधियां ज्यादा होती हैं। ऐसा लगता है कि, इंसानों से दूर रहने के लिए वो ऐसा करती हैं। लेकिन यदि ऐसा ही होता रहा तो मार्बल्ड कैट के पास शिकार के लिए कम समय रह जाएगा और हो सकता है उन्हें नए प्रतिद्वंदियों व परभक्षियों का सामना करना पड़े। इन नतीजों के आधार पर वैज्ञानिकों ने निष्कर्ष निकाला है कि, ऑइल पाम प्लान्टेशन की वजह से मार्बल्ड कैट को, पूर्व में जितना सोचा गया था, उससे ज्यादा खतरा है।*

# 'राहुल गांधी दिल्ली में अडानी के भ्रष्टाचार के विरोध में आंदोलित हैं और मैं राजे के खिलाफ जयपुर में'

## सचिन पायलट ने अपने अनशन के आयोजन पर किसी विधायक को आमंत्रित नहीं किया

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 अप्रेल। कल जयपुर में होने वाले अनशन से पूर्व सचिन पायलट का संदेश।

राहुल गांधी दिल्ली में अडानी के भ्रष्टाचार के विरूद्ध लड़ रहे हैं और सचिन पायलट वसुंधरा राजे सिंधिया के भ्रष्टाचार के विरूद्ध जयपुर में संघर्ष कर रहे हैं।

सचिन पायलट के कल अपनी बड़ी ताकत दिखाने की उम्मीद है क्योंकि उनके साथ अपनी एकजुटता दिखाने के लिए राज्य के सभी क्षेत्रों से लोग बड़ी संख्या में जयपुर आएंगे। सचिन पायलट और उनके समर्थक पिछले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस द्वारा किए गए वादों को पूरा करने को लेकर संघर्षरत हैं।

इन चुनावी वादों में वसुंधरा राजे सिंधिया के खिलाफ केस दर्ज करने की भी बात थी, लेकिन अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री के रूप में ऐसा कभी नहीं किया।

- **पर, भीड़ के आने की संभावना से आशंकित गहलोत प्रयासरत हैं कि, अनशन को ज्यादा मीडिया अटैन्शन ना मिले।**
- **यहां तक कि, एक प्रमुख न्यूज़ चैनल ने खबर प्रसारित की कि, सचिन पायलट के खिलाफ कार्यवाही होगी। खबर के प्रसारण से अचम्भा है, क्योंकि भाजपा के मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार के विरूद्ध कार्यवाही की मांग के खिलाफ कांग्रेस हाईकमान कार्यवाही किस मुंह से कर सकता है।**
- **जयराम रमेश व पवन खेड़ा ए.आई.सी.सी. के मीडिया सेल के कर्ताधर्ता जरूर जोर-शोर से यह प्रचारित कर रहे हैं कि, गहलोत सरकार ने भ्रष्टाचार के विरूद्ध तत्परता से कार्यवाही की है। वे संजीवनी प्रकरण में केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के खिलाफ दर्ज की गई एफ.आई.आर. का हवाला देते हैं। पर, उनके पास इस बात का जवाब नहीं है कि, गहलोत सरकार ने यह तत्परता, वसुंधरा राजे के खिलाफ चर्चित भ्रष्टाचार के मामलों में क्यों नहीं दिखायी।**

हालांकि, इस एक दिन के उपवास में विधायकों को आमंत्रित नहीं किया गया है, लेकिन उम्मीद है कि सचिन पायलट द्वारा उठाए गए मुद्दे के समर्थन में कई विधायक उनके साथ होंगे।

एक प्रमुख न्यूज़ चैनल ने यह स्टोरी चलाई थी कि सचिन पायलट के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

लगता है कि, इस चैनल का दृष्टिकोण थोड़ा संकीर्ण है। पार्टी नेतृत्व एक ऐसे नेता के खिलाफ कैसे कार्रवाई कर सकता है जो यह मांग कर रहा है कि एके भाजपा नेता के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों पर कार्रवाई करनी चाहिए।

कांग्रेस का मीडिया विभाग जिसमें जयराम रमेश और पवन खेड़ा शामिल हैं, जोर देकर कह रहे हैं कि गजेन्द्र सिंह शेखावत के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज की गई है, लेकिन उनके पास इस बात का कोई उत्तर नहीं है कि गहलोत की परम मित्र एवं प्रमुख समर्थक वसुंधरा राजे सिंधिया के विरूद्ध कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

यह कहावत है कि प्यार अंधा होता है, लेकिन गहलोत के प्रति जयराम और खेड़ा का प्रेम इस अंधत्व से भी आगे है।

क्या आपको कम सुनाई देता है।
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
फ्री सुनाई की जाँच
TRIAL OF HEARING AID
CALL FOR APPOINTMENT
+91 94602 07080
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
www.perfecthearingsolutions.com

## एक और स्पायवेयर ''कोग्नाइट''

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूर-**

नई दिल्ली, 10 अप्रेल। कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि रक्षा मंत्रालय ने पैगसस के विकल्प के रुप में

- **कांग्रेस ने आरोप लगाया कि, रक्षा मंत्रालय ने पैगसस के विकल्प के रूप में 986 करोड़ रू. में एक नया स्पायवेयर, कोग्नाइट खरीदा है, ताकि, विपक्षी दलों, एन.जी.ओ., मीडिया हाउस, जजों आदि की जासूसी की जा सके।**

एक अन्य संचार उपकरण खरीदा है जिसका नाम है कोग्नाइट और इसके लिए

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# शिव कुमार ने सिद्धारमैया का ''चांस'' खत्म करने के लिये खड़गे का नाम फेंका

## कर्नाटक चुनाव में मु.मंत्री पद की दौड़ में मुख्य प्रतिद्वंदी शिव कुमार व सिद्धारमैया का राजनीतिक द्वंद खुल कर सामने आया

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 अप्रैल। सतही तौर पर ऐसा लगता है कि कांग्रेस का केन्द्रीय एवं राज्य नेतृत्व कर्नाटक में सत्तारूढ़ भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए एक निर्विघ्न चुनाव प्रचार अभियान चला है, लेकिन यहां कांग्रेस के दोनों दिग्गजों, पूर्व मुख्यमंत्री एस. सिद्धारमैया और कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी.के. शिव कुमार के बीच की प्रकट खुशमिजाजी में एक ही अंदरूनी तथ्य है, वह है उनकी परस्पर विध्वंसकारी शत्रुता और मुख्यमंत्री पद को लेकर उनकी महत्वाकांक्षाएं और परस्पर विरोधी दावे।

ये दोनों ही जानते हैं कि उनके व्यक्तिगत भविष्य एक-दूसरे से और आपसी शांति से जुड़े हुए हैं। इनके बीच

- **कर्नाटक के कांग्रेस के नेताओं को इस घटनाक्रम से चिंता है कि, इस प्रतिद्वंदिता के कारण कांग्रेस की कश्ती डूब न जाये।**

हाई कमान ने भी शांति स्थापित करवाई है, जिसे उम्मीद है कि कर्नाटक में पार्टी की जीत की अच्छी संभावनाएं हैं।

लेकिन मतदान का दिन आने से पहले इन दोनों के बीच नेतृत्व को लेकर संघर्ष तेज हो रहा है और ये दोनों ही एक-दूसरे को मुख्यमंत्री की कुर्सी से वंचित करने के प्रयास कर रहे हैं।

अब, सिद्धारमैया का मुख्यमंत्री बनने का प्रयास शिव कुमार द्वारा खेले गए एक दलित कार्ड से खटाई में पड़ गया है। शिव कुमार ने एक आश्चर्यजनक घोषणा की कि यदि पार्टी के शीर्ष नेता एवं ए.आई.सी.सी. अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मुख्यमंत्री बनने के इच्छुक हों तो उन्हें उनका पूरा समर्थन है। इस बयान से अब पार्टी में हलचल मच गई है। पार्टी के अंदरूनी लोग इसे सिद्धारमैया के मुख्यमंत्री बनने की संभावनाओं को पूरी तरह समाप्त करने के एक प्रयास के रूप में देख रहे हैं।

पार्टी के भीतर के लोग इस बात को लेकर खुश हैं कि जमीनी स्थिति कांग्रेस के पक्ष में है, लेकिन इसे लेकर आशंकित भी हैं कि राज्य के दो शीर्ष नेताओं की प्रतिद्वंदिता ''सत्ता के बिल्कुल करीब किन्तु फिर भी दूर'' वाली एक अन्य स्थिति को जन्म दे

( शेष पृष्ठ 7 पर )

## गहलोत ने रंधावा को भी मैनेज किया?

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 अप्रैल। कांग्रेस नेतृत्व अंधा हो गया है। नवीनतम घटनाक्रम में ऐसा लगता है कि

- **सूत्रों का कहना है कि, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व उनकी टीम धन बल से एक के बाद एक ए.आई. सी. सी. महासचिव प्रभारी को मैनेज करती रही है, अविनाश पांडे ने तो जयपुर पहुंचने से पहले ही गहलोत का गुणगान शुरू कर दिया था, अब रंधावा भी यही कर रहे हैं।**

राजस्थान के ए.आई.सी.सी. प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा को अशोक

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# पायलट के अनशन की ''टाइमिंग'' ने निरुत्तर किया ए.आई.सी.सी. को

**-श्रीनन्द झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 अप्रैल। राजस्थान में नेतृत्व की लड़ाई के मामले में, कांग्रेस हाई कमान द्वारा अशोक गहलोत गुट का पक्ष लेने के निर्णय के साथ, ऐसी संभावना बनती दिखाई दे रही है कि जयपुर में पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के एक दिन के अनशन के साथ ही राज्य की पार्टी इकाई के विघटन की प्रक्रिया शुरु हो गई है। ज्ञातव्य है कि पायलट ने पूर्ववर्ती वसुंधरा राजे सरकार के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों पर राज्य सरकार की निष्क्रियता पर प्रकाश डालने के लिये एक दिन के उपवास की घोषणा कर दी है।

पायलट के इस कदम का समय अपने आप में महत्वपूर्ण है। कर्नाटक में विधानसभा चुनावों की घोषणा हो चुकी है, जबकि राजस्थान के चुनाव भी करीब छः माह बाद होने हैं। और नये कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे या गांधी परिवार अभी तक भी पायलट को किसी महत्वपूर्ण राजनैतिक पद पर समायोजित करने की इच्छा शक्ति नहीं दिला पाए हैं। पायलट के समर्थकों का

- **हाई कमान के पास कोई जवाब नहीं है कि, अभी तक उन तीन ''दोषियों'' के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही क्यों नहीं हुई, जिन्होंने बीस सितम्बर को हाई कमान के प्रतिनिधियों द्वारा आहूत विधायक दल की बैठक का बहिष्कार आयोजित कराया था।**
- **इसी प्रकार मु.मंत्री गहलोत के पास इस प्रश्न का कोई उत्तर नहीं है कि, वसुंधरा राजे के खिलाफ उन्होंने खुद जो भ्रष्टाचार के आरोप लगाये थे, उनकी अभी तक कोई जांच क्यों नहीं हुई।**

कहना है कि पायलट को उनका देय अधिकार प्रदान करने तथा इसके लिये उन्हें राज्य पार्टी की इलैक्शन को-ऑर्डिनेशन कमेटी का संयोजक नियुक्त करने के लिये पार्टी नेतृत्व पर दबाव बनाने के लिये यह बिल्कुल सही समय है।

पायलट के खिन्न और दुखी होने के वाजिब कारण हैं। वे युवा हैं, सक्रिय एवं गतिशील हैं, प्रभावी वक्ता हैं, लेकिन इन सब के बावजूद, वे पिछले साढ़े चार साल से हाशिये पर पड़े हुये हैं। कांग्रेस हाई कमान ने राज्य के उन दो मंत्रियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की, जिन्होंने विधायक दल की उस मीटिंग का बहिष्कार करने के लिये पार्टी विधायकों पर अपने प्रीााव का इस्तेमाल किया था जो मीटिंग दो केन्द्रीय पर्यवेक्षकों द्वारा बुलाई गई थी। ज्ञातव्य है कि इन दो पर्यवेक्षकों में से एक खड़गे भी थे। कांग्रेस अध्यक्ष पद की उम्मीदवारी के तत्कालीन कार्यवाहक पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी के प्रस्ताव की अवज्ञा कर देने के बाद भी, अशोक गहलोत मुख्यमंत्री पद पर बने हुये हैं, जबकि पायलट की भूमिका और कमतर हो गई है।

( शेष पृष्ठ 7 पर )

## देश भर में वकीलों की डिग्री की जांच होगी

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूर-**

नई दिल्ली, 10 अप्रेल। एक बड़े घटनाक्रम के तहत सुप्रीम कोर्ट ने देश भर के वकीलों की डिग्री के सत्यापन को हरी

- **सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इस प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी तथा डिग्री के सत्यापन के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस बी.एस. चौहान की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय कमेटी गठित की गई है।**

झंडी दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सभी वकीलों की डिग्री, एनरोलमैंट सर्टिफिकेट, एजुकेशनल सर्टिफिकेट की

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# पायलट के अनशन से गहलोत रक्षात्मक मुद्रा में आये

## पायलट ने अपने समर्थक विधायकों को अनशन स्थल पर न आने का आग्रह किया। वे गहलोत व वसुंधरा के खिलाफ इस लड़ाई को अपने स्तर पर ही लड़ना चाहते हैं

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 अप्रैल। पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट की इस घोषणा कि वे वसुंधरा राजे के नेतृत्व वाली पूर्व भाजपा सरकार के शासनकाल में हुये भ्रष्टाचार के खिलाफ कल जयपुर के शहीद स्मारक पर एक दिन के अनशन पर बैठेंगे, ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को बैकफुट पर पहुँचा दिया है जो अपनी कुर्सी बचाने के लिये हर तरह के दांव-पेज अपना रहे हैं।

गहलोत, जो एक चतुर राजनेता है, ऐसा दर्शा रहे हैं, मानो पार्टी और सरकार में सब कुछ सामान्य है, जबकि वे यह सुनिश्चित करने के लिये अपनी क्षमतानुसार हर संभव कोशिश कर रहे हैं कि पायलट के उपवास-स्थल पर ज्यादा भीड़ इकट्ठी न हो तथा मीडिया भी उधर ज्यादा ध्यान न दे। बताया जाता है कि सरकारी एजेंसियाँ राज्य में तथा खास तौर से राज्य की राजधानी में, न केवल पायलट बल्कि उनके सभी नज़दीकी सहायकों-सहयोगियों तथा मित्रों की हर गतिविधि पर निगरानी रखने के काम में जी-जान से लगी हुई हैं।

जहाँ पायलट की गतिविधियों से गहलोत के खेम की घबराहट एवं अधीरता पैदा हो रही है, वहीं कांग्रेस के अन्दर भी विभिन्न प्रकार की आशंकाओं एवं डर का माहौल है क्योंकि वह इस साल के अन्त में राजस्थान में विधानसभा चुनावों की तैयारी कर रही है।

सचिन पायलट का कहना है कि वे गहलोत सरकार पर दबाव बनायेंगे

- **मजे की बात यह भी है कि, ए.आई.सी.सी. के मीडिया कक्ष के गहलोत समर्थक वक्तव्य के बावजूद पायलट के अनशन को दिल्ली के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का मूक समर्थन व सराहना मिली है। क्योंकि कर्नाटक में कांग्रेस द्वारा चलाये जा रहे चुनाव अभियान का फोकस भी वहां की भाजपा सरकार का भ्रष्टाचार है तथा पायलट के अनशन में उसकी प्रतिध्वनि है।**
- **यह भी कहा जा रहा है कि, हालांकि कांग्रेसाध्यक्ष खड़गे कर्नाटक चुनाव, जो 10 मई को हैं, से पहले कोई राजनीतिक संकट नहीं चाहते पार्टी में, पर खड़गे ने भी भाजपा की पूर्व मु.मंत्री के विरूद्ध भ्रष्टाचार के मामलों की जांच की मांग उठाना एक सराहनीय कृत्य बताया।**
- **इस अनशन से पायलट ने एक दांव से, उन पर 2020 में भाजपा के साथ मिलकर बगावत करने के आरोप को धो दिया।**

कि वसुंधरा राजे के नेतृत्व वाली पूर्व भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार के कथित कृत्यों के खिलाफ कार्यवाही करे। उन्होंने अपने समर्थक विधायकों से अनुरोध किया है कि वे उनके अनशन में शामिल न हों। सूत्रों का कहना है कि पूर्व उपमुख्यमंत्री एक अकेले ऐसे राजनैतिक योद्धा के रूप में नज़र आना चाहते हैं जो मुख्यमंत्री तथा भाजपा की वसुंधरा राजे दोनों के खिलाफ निशाना साध रहा है।

कांग्रेस नेता का भ्रष्टाचार के खिलाफ एक दिन का अनशन अपने प्रतिद्वंदी गहलोत के लिये नवीनतम चुनौती है लेकिन इस बार पायलट फूँक-फूँककर कदम रख रहे हैं। किन्तु भाजपा और उसकी पूर्ववर्ती राजे सरकार (राजस्थान) पर उनके फोकस को कांग्रेस के कुछ शीर्ष नेता पसंद कर रहे हैं।

ऐसे समय, जब भाजपा भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस पर हमला कर रही है तथा कर्नाटक में होने जा रहे विधानसभा चुनावों में उसने इसे एक मुद्दा बना लिया है, पायलट के इस कदम से जहाँ पार्टी के जमीनी कार्यकर्ताओं में भी सुनाई दे रही है।

कांग्रेस ने बड़ी सावधानी से शब्दों का चयन करते हुये जो बयान दिया है, ताकि ऐसा लगे कि हाई कमान एक ईमानदार निर्णायक की भूमिका अदा करने जा रही है।

सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इस समय पर जल्दबाजी में कोई निर्णय लेना नहीं चाहते, क्योंकि पार्टी कर्नाटक में करो या मरो की राजनैतिक लड़ाई लड़ रही है तथा वहाँ विधानसभा चुनाव 10 मई को ही होने हैं।

इसके साथ ही, खड़गे ने भाजपा सरकार के खिलाफ जाँच की, पायलट की माँग की सराहना की है। इस माँग के कारण, पायलट पर लगे वे पुराने आरोप धुल गये हैं कि उन्होंने 2020 में जो कुछ किया था, वह भाजपा के आदेश पर किया था।

हाई कमान इस तथ्य के प्रति सचेत है कि राजस्थान के चुनावों मे आठ महीने ही रह गये हैं, इसलिये हो सकता

( शेष पृष्ठ 7 पर )

## विचार बिन्दु

**जो तेरे सामने और की निंदा करता है, वो और के सामने तेरी निंदा करेगा।**
**–कहावत**

# पृथ्वी के स्वर्ग ''कश्मीर'' पर बढ़ता दबाव

लगभग एक दशक बाद पुन: कश्मीर आने का संयोग बना और इस समय मैं यहां कश्मीर से ही पाठकों हेतु यह आलेख भेज रहा हूँ। आप में से कई ने कश्मीर अवश्य देखा होगा और सभी निश्चित रूप से इसे 'पृथ्वी का स्वर्ग' कहे जाने से पूर्णतया सहमत हुए होंगे। जो नहीं भी आ पाए होंगे, उन्होंने ने भी बॉलीवुड फ़िल्मों के माध्यम से इसके दर्शन अवश्य किए होंगे। इस आलेख का उद्देश्य प्रमुख रूप से वर्तमान हालात से पाठकों को अवगत कराना एवं इस बदलाव के कारण भविष्य में संभावित परिणामों के बारे में जानकारी देना है।

वर्ष 1989 में आतंकवाद का प्रारंभ कश्मीर में हुआ और उसकी शुरुआत कश्मीर घाटी से पंडितों को प्रताड़ित कर कश्मीर घाटी को छोड़ने पर मजबूर करने से हुई। इस पलायन पर बहुत कुछ लिखा गया है एवं हाल ही में एक फिल्म 'कश्मीर फाइल' नाम से बनी है, जिसमें उस समय के दृश्यों का बहुत ही प्रभावी तरीके से चित्रण किया गया है।

इस तथ्य से सभी अच्छी तरह परिचित हैं कि 1989 से जो आतंकवाद प्रारंभ हुआ, उसका सर्वाधिक नुकसान यहां के पर्यटन को हुआ। उल्लेखनीय है कि कश्मीर की पूरी अर्थव्यवस्था एवं रोजगार का माध्यम यहां पर आने वाले पर्यटक ही थे। तब से अब तक आतंकवाद की नियमित घटनाओं के कारण यहां पर्यटकों की स्थिति कम-अधिक होती रही। कई वर्षों के आतंकवाद के कारण जहां पर्यटक लगभग नगण्य हो गए थे। यहां के युवक बेरोजगार हो गए और अर्थव्यवस्था भी ध्वस्त हो गई। जब कभी लगता कि स्थिति सामान्य हो रही है, पर्यटक आना प्रारंभ करते, किंतु फिर कोई बड़ी आतंकवादी घटना हो जाती और फिर से इस पर विराम लग जाता। 5 अगस्त 2019 को केंद्र सरकार ने संविधान से धारा 370 हटाकर, जम्मू कश्मीर को मिले विशेष दर्जे को समाप्त कर दिया । इसके साथ ही विधानसभा को भंग कर दिया तथा जम्मू कश्मीर को एक राज्य से केंद्र- शासित प्रदेश बना दिया गया। लद्दाख को जम्मू कश्मीर राज्य से अलग, केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया। इसके घोर विरोध की आशंका के कारण यहां के सभी राजनीतिक नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को जेलों में बंद कर दिया गया तथा इन्टरनेट पर रोक लगा दी गई, जो एक साल से अधिक समय तक रही। विधानसभा को भंग करने से परिणाम स्वरूप कश्मीर का शासन सीधे केंद्र सरकार के हाथ में आ गया। इन्टरनेट बंद होने से सारी व्यापारिक गतिविधियां थम गईं। जनजीवन एक प्रकार से समाप्त ही हो गया। इसके बाद यहां पर भारी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखते हुए धीरे-धीरे इंटरनेट में छूट दी गई और नेताओं को भी धीरे-धीरे रिहा किया गया।

इसके बाद मार्च, 2020 में कोरोना के कारण पर्यटन बंद ही रहा । इस अवधि में आतंकवादी घटनाओं में बहुत कमी आई जिससे वर्ष 2022 में रिकॉर्ड तोड़ लगभग 1.88 करोड़ पर्यटक कश्मीर घाटी में आये । इस वर्ष यह संभावना है कि यह संख्या और भी अधिक होगी।

6 अप्रैल, 2023 को हम श्रीनगर पहुंचे तो सबसे पहले जिस बात पर हमारा ध्यान गया वह था हजारों वाहनों की रेलमपेल। हमें लगा ही नहीं कि किसी ऐसे स्थान पर पहुंचे हैं जो आतंक से लंबे समय तक त्रस्त रहा है। पूरा जनजीवन सामान्य दिखाई दिया। वाहनों की और पर्यटकों की भीड़ के कारण कुछ ऐसा माहौल था जैसा जयपुर जैसे शहरों में सामान्यता दिखाई देता है। केवल एक अंतर अवश्य था, सेना और सुरक्षा बलों की भारी तैनाती। किंतु इसके कारण लोगों में भय का भाव नहीं था। रमजान का महीना होने के बावजूद बाजार खुले थे और पर्यटकों को खरीदारी करने में कोई परेशानी नहीं थी। वाहनों की संख्या तो इतनी अधिक थी कि कई स्थानों पर ट्रैफिक जाम जैसी स्थिति बन गई। ऐसा लग रहा था जैसे देश के अन्य भागों के लोग कितने सालों की कसर पूरी करने के लिए कश्मीर आ रहे हैं । कश्मीर का मौसम बहुत अनिश्चित है । हमें यह बताया था कि बहुत ठंड पड रही है और बारिश है और हम उसी तैयारी से आए थे, किंतु यहां का तापमान लगभग सामान्य था । इसका एक कारण शायद पर्यटकों की बढ़ती संख्या भी हो सकता है ।

पहाड़ को काटे जाने और निर्माण कार्य के दृश्य श्रीनगर और इसके बाहरी क्षेत्रों में दिखाई दिए। हाल ही में कश्मीर के बाहर के लोगों को यहां सम्पत्ति खरीदने की छूट दी गई है। अब तक कश्मीर के बाहर के लोग यहां सम्पत्ति क्रय नहीं कर सकते थे। बहुत बड़े होटल ग्रुप के होटल यहां बनने लगे हैं। स्थानीय लोगों से बात करने का प्रयास किया तो ऐसा लगा कि उनके मन में कसक और आशंका है। जो भूमि उन्हीं के लिए थी, उनसे छिन जाएगी। अब उस पर कई अन्य लोग आ जाएंगे और शायद धीरे-धीरे पूरे घाटी पर बाहरी लोगों का आधिपत्य हो जाएगा। बाहरी व्यक्तियों के बड़ी संख्या में आने से स्थानीय लोग मालिक से नौकर की स्थिति में आ जाएंगे। यह भी आशंका है कि रोजगार बढ़ा अवश्य है, किंतु कहीं ऐसा ना हो कि उनके रोजगार बाहरी लोगों को चले जाएं। यहां के लोग तात्कालिक स्वार्थ में अपनी पुश्तैनी ज़मीन बेच दें और अपने ही भूमि पर एक प्रकार से दूसरे दर्जे के नागरिक बनकर रह जायें।

**इस समय सबसे बड़ी आवश्यकता है, तत्काल पर्याप्त संसाधन जुटाकर यहां के पर्यटन स्थलों को सुंदर और स्वच्छ बनाने के साथ ही उनके संधारण की प्रभावी व्यवस्था की जाये। हेतु यहां के नीति निर्धारकों को विश्व के अन्य देशों से सीखना होगा कि कैसे अत्यधिक दबाव के बावजूद पर्यटक स्थलों को स्वच्छ और सुविधाओं से युक्त रखा जा सकता है।**

पर्यटकों की दृष्टि से बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। पर्यटकों की अत्यधिक बढ़ती संख्या के अनुरूप पर्यटन स्थलों के संधारण की समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। सरकार को चाहिए कि कश्मीर के विभिन्न पर्यटन स्थलों की भार वहन करने की क्षमता का आकलन करें एवं उसी अनुसार आधारभूत पर्यटन सुविधाएं उपलब्ध कराएं, जिनमें विशेष रूप से पर्याप्त संख्या में स्वच्छ शौचालय की सुविधा है। प्रत्येक पर्यटन स्थल के लिए अधिकतम पर्यटकों की संख्या निर्धारित करना उचित होगा। इसके अभाव में, पर्यटक जिस प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने आते हैं, वही नहीं रहेगा। यह वैसा ही होगा, जैसे रोज़ सोने का अंडा देने वाली मुर्गी को ही लालच में एक बार में ही मार दिया जाय।

एक और बात मैंने यह अनुभव की कि पर्यटकों से जितने भी आय होती है, उसका अधिकांश हिस्सा विभिन्न स्तर के बिचौलियों को चला जाता है। ये बिचौलिए टूर गाइड, बड़े ठेकेदारों, समाज के प्रभावशाली व्यक्ति, यहां के नेता, अधिकारी और यूनियन के नेता हो सकते हैं। एक उदाहरण देना उपयुक्त होगा। गुलमर्ग में बर्फ पर स्कूटर चलाने वालों से पता किया तो ज्ञात हुआ कि उन्हें केवल 15000 प्रति माह मिलते हैं, जबकि प्रत्येक पर्यटक से 15-20 मिनट की राइड के लिए 1000 लिए जाते हैं। यदि एक स्कूटर एक दिन में 10 राइड भी कराए तो एक स्कूटर से 10000 की आय प्रतिदिन की होती है। इसका अर्थ हुआ कि मेहनत करने वाले व्यक्ति को कुल आय का 5 प्रतिशत ही पहुंचता है। इसी प्रकार ड्राइवर को 7000 महीना ही प्राप्त होता है जो बहुत ही कम है। आय का अधिकांश भाग ठेकेदारों, यूनियन-पदाधिकारियों को चला जाता है।

कश्मीर के संबंध में निर्णय लेने वाली संस्थाओं एवं अधिकारियों यह जरूर सोचना होगा कि पर्यटन से होने वाली आय का समुचित हिस्सा यहां के स्थानीय निर्धन नागरिकों को मिले, विशेष कर मेहनत करने वालों को जैसे होटल में सामान ढोने वाले, वेटर, ड्राइवर, हस्तशिल्प उत्पाद बनाने वाले कारीगरों, स्लेज गाड़ी या स्नो स्कूटर चलाने वालों आदि को मिले। इस तरफ ध्यान नहीं दिया गया तो इन्हें देश विरोधी ताकतों द्वारा भ्रमित करने का कार्य सरलता से किया जा सकता है। आतंकवाद की जड़ों में, अन्य बातों के अलावा, स्थानीय नागरिकों की निर्धनता मुख्य भूमिका निभाती है। रोजगार के प्रति युवा अगर आश्वस्त होगा तो उसे बरगलाना आसान नहीं होगा। मेरा पहले भी विश्वास था कि जो इस बार और दृढ़ हुआ है कि कश्मीर के लोग बहुत भोले और सीधे हैं। बस, केवल उन्हें विश्वास में लेने और उसे बनाए रखने की आवश्यकता है।

श्रीनगर में ट्यूलिप गार्डन का विकास पर्यटकों के लिए अतिरिक्त बड़ा आकर्षण सिद्ध हो रहा है यहां लगभग 16 लाख ट्यूलिप के पौधे लगाए गए हैं जो बहुत सुन्दर दिखाई देते हैं। किन्तु, पूरे श्रीनगर शहर को अच्छा हरा-भरा बनाने की आवश्यकता है।

यहां एक बात और लिखना उपयुक्त होगा। श्रीनगर की डल झील, जिसके कारण इसे पृथ्वी का स्वर्ग कहा गया, वह बहुत गंदी हो चुकी है और उसके पानी की स्वच्छता जो कश्मीर के स्वभाव के अनुरूप होनी चाहिए, वह धीरे-धीरे लुप्त हो गई है। हाउसबोट होना और पर्यटकों को सुविधाएं देना बहुत अच्छी बात है किन्तु उसके कारण वातावरण को प्रदुषित कर देना प्रकृति के साथ अन्याय है। आज के वैज्ञानिक और तकनीकी युग में संभव होना चाहिए कि इस झील के पानी को किस प्रकार उपचारात्मक तरीके से स्वच्छ बनाए रखा जा सके।


इस समय सबसे बड़ी आवश्यकता है, तत्काल पर्याप्त संसाधन जुटाकर यहां के पर्यटन स्थलों को सुंदर और स्वच्छ बनाने के साथ ही उनके संधारण की प्रभावी व्यवस्था की जाये। हेतु यहां के नीति निर्धारकों को विश्व के अन्य देशों से सीखना होगा कि कैसे अत्यधिक दबाव के बावजूद पर्यटक स्थलों को स्वच्छ और सुविधाओं से युक्त रखा जा सकता है।

सरकार और कश्मीरी लोग मिलकर ही पृथ्वी के स्वर्ग को स्वर्ग बनाए रख सकते हैं। कश्मीरी लोगों के सुखद भविष्य की अनेकानेक शुभकामनाएं।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

## महात्मा जोतिबा फुले एवं डॉ. अंबेडकर जयंती अवसर पर विशेष

# 'क्यों नहीं बना पाए फुले और अंबेडकर के सपनों का समतामूलक भारत?'



डॉ. रमेश बैरवा

11 अप्रैल और 14 अप्रैल को क्रांतिकारी विचारक एवं समाज सुधारकों के जन्मदिवस हैं। 11 अप्रैल को ''गुलामगिरी,किसान का कोड़ा, अछूतों की कैफियत'' जैसी प्रसिद्ध कृतियों के लेखक, 'सत्य शोधक समाज' के संस्थापक, मजदूर, किसान, दलित, पिछड़े वर्ग के हितैषी तथा मुस्लिम परिवार उस्मान शेख और उसकी बहन फातिमा शेख के सहयोग से सावित्री बाई के साथ महिला शिक्षा की अलख जगाने वाले क्रांतिकारी समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले का जन्मदिन है। 14 अप्रैल को 'जाति उन्मूलन' चाहने वाले,दलित मुक्ति के लिए 'पूंजीवाद और जातिगत भेदभाव' के खिलाफ वैचारिक संघर्ष को जरूरी मानने वाले, संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर का जन्मदिन है। इन्हें तहेदिल से अभिवादन।

इतिहास इस बात का साक्षी है कि जब-जब भी इस धरती पर जुल्म बढ़ा है, तो जुल्म के खिलाफ शोषित, पीड़ित आमजन ने जंग लड़ी है, जिसमें जीत भी मिली है, जिसका नेतृत्व करने वाले नायक का नाम इतिहास के अमिट अक्षरों में अंकित हुआ है। यह भी हकीकत है कि जुल्म, ज्यादती के खिलाफ आवाज उठाने के लिए इंसान को कई बार यातनाएं भी मिली हैं, कुर्बानियां भी देनी पड़ी हैं लेकिन इस सबकी बदौलत ही दुनिया में क्रांतियां हुई हैं, बदलाव आया है। बुनियादी बदलाव सिर्फ सत्ता में भागीदारी से नहीं आता, क्योंकि पूंजीवादी, सामंती समाज में सत्ता का स्वरूप अंतत: विषमतामूलक और वर्चस्ववादी होता है। बुनियादी बदलाव असल में बिना बदनामी और बलिदान के संभव नहीं है। बुनियादी बदलाव के लिए समर्पित, संघर्षशील अगुआ व्यक्ति को दैवीय बनाकर 'मसीहा, महामानव' कहना या भगवान बना देना निरीह अज्ञानता, विज्ञान विरोधी, जनविरोधी सोच है। इससे समाज में जड़ता और रूढ़िवादिता मजबूत होती है। जनसंघर्ष को कमतर कर दिया जाता है। इंसान जन्म से नहीं,कर्म से बड़ा बनता है। परिस्थितियां उसे महान बनने का अवसर प्रदान करती हैं। जन साधारण के बीच से यदि कोई जनता के दुख दर्द को ठीक से समझे, जनता के हक और अधिकारों के लिए सार्थक और सतत प्रयास करे, भ्रष्ट और लालची नहीं बने, बदनामी सहन कर सके, जरूरत पड़ने पर बलिदान दे सके तो वह व्यक्ति महान बनता है, दुनिया में नाम कमाता है।

यह भी गौरतलब है कि किसी नायक की व्यक्ति पूजा करना भी उचित नहीं है जैसा बाबा साहेब ने भी कहा है क्योंकि इससे तानाशाही पनपती है, मिथ्या अवतारवाद को बढ़ावा मिलता है। आमजन में जनसंघर्ष के प्रति उदासीनता पनपती है। फुले, अंबेडकर जैसे क्रांतिकारी नायकों ने ईश्वर, अल्लाह के आदेश से नहीं, बल्कि अपने समय की परिस्थितियों को इंसान की बेहतरी के लिए बदलने की कोशिश हेतु अपने ज्ञान, विवेक का बेहतरीन इस्तेमाल किया था, संगठन बनाकर बुनियादी बदलाव के प्रयास किए थे।

भारत को शोषणमुक्त, समतामूलक बनाने के लिए आर्थिक शोषण के साथ-साथ जातिगत भेदभाव और शोषण से भी मुक्ति अत्यंत जरूरी है। साथ ही महिलाओं के साथ भेदभाव, धर्म के नाम अल्पसंख्यकों के प्रति नफरत के खिलाफ भी बोलना जरूरी है। क्योंकि वोट की खातिर हिंदू मुसलमान के बीच भड़काए दंगों में दलितों का इस्तेमाल बड़े स्तर पर होता है, दलितों में भी वाल्मीकि जैसी सबसे पिछड़ी जाति का। जाति विशेष की 'महापंचायतों' ने समाज में कट्टरता और ध्रुवीकरण बढ़ाया है जिससे समाज में संवादहीनता की स्थिति बन गई है। रोजी-रोटी के लिए साझा संघर्ष कमजोर हुआ है।

खास चिंता की बात यह है कि समतामूलक भारत बनाने के लिए मार्गदर्शक हमारे समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष संविधान और लोकतंत्र पर हमले तेज हो रहे हैं। ये हमले मुख्यत: पूंजीपति हितैषी, जाति,जेंडर आधारित विषमता एवं वर्चस्व की पोषक सांप्रदायिक राजनीति एवं विचारधारा द्वारा किए जा रहे हैं। इसलिए इन हमलों के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाना भी हमारा आज का परम नागरिक कर्तव्य है।

देश आजाद हुए 75 वर्ष से अधिक हो चुके हैं, लेकिन चिंता की बात है कि महात्मा फुले और अंबेडकर के सपनों का भारत हम बना नहीं पाए। आधुनिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करते हुए प्राकृतिक संसाधनों के बेरहमी से दोहन के परिणामस्वरूप हम दुनिया की 5वीं अर्थव्यवस्था तो जरूर बन गए हैं लेकिन मानव विकास सूचकांक में इंडिया का स्थान आज भी 131वां है। वैश्विक भूख सूचकांक में हम 94वें पायदान पर हैं। आर्थिक विषमता तेजी से बढ़ी है। आबादी का 10 प्रतिशत सबसे उच्च वर्ग आज इंडिया की 77 फीसद दौलत का मालिक बन गया है। सतत विकास के मानकों में हमारा स्थान 193 देशों की सूची में 117वां है। जेंडर समानता की दृष्टि से इंडिया का स्थान 156 देशों में 140वां है। डेमोक्रेसी इंडेक्स में 167 देशों की सूची में 53वां है। प्रेस फ्रीडम इंडेक्स के तहत 180 देशों की सूची में इंडिया का स्थान 142वां है।

निजीकरण के कारण आरक्षण अर्थहीन हो चला है। शिक्षा व स्वास्थ्य का तेजी से निजीकरण हुआ है। आज़ादी के 75 वर्ष बाद भी शिक्षा पर जीडीपी का लगभग तीन प्रतिशत और स्वास्थ्य पर जीडीपी का करीब दो प्रतिशत ही व्यय है। बेरोजगारी तेजी से बढ़ी है। करीब 35 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं। किसान व मजदूर बदहाल हैं। राजनीति में बढ़ते धनबल एवं अपराधीकरण ने लोकतंत्र को बुरी तरह कमजोर कर दिया है। जाति व धर्म के नाम नफरत और हिंसा तेजी से बढ़ी है। विचार व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा नागरिक अधिकारों के लिए संघर्षशील बुद्धिजीवी, मानव अधिकार एवं विद्यार्थी कार्यकर्ता, यहां तक पत्रकारों को भी बदनाम यूएपीए कानून का दुरुपयोग कर प्रताड़ित किया जा रहा है। नागरिकों की निजता खतरे में है। असल में क्रोनी कैपिटलिज्म एवं जाति, धर्म के नाम विभाजन की राजनीति ने हमारी आज़ादी को खतरे में डाल दिया है। संविधान व लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है। पूंजीवादी विकास के चलते आदिवासी जल, जंगल व जमीन के पुश्तैनी हक से वंचित हो रहे हैं। महिला उत्पीड़न बढ़ा है।

दलित उत्पीड़न थमने का नाम नहीं ले रहा है। राजस्थान पुलिस की ताजा क्राइम रिपोर्ट बताती है कि दलितों पर पिछले तीन वर्षों में अत्याचार की घटनाओं में करीब 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2020 में अत्याचार के दर्ज प्रकरण 7117 से बढ़कर वर्ष 2022 में 8752 हो गए। पिछले एक वर्ष में दलित उत्पीड़न के दर्ज प्रकरणों में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दलितों की हत्या की घटनाएं वर्ष 2020 में 84 से बढ़कर वर्ष 2022 में 99 हो गई। दलित महिलाओं से बलात्कार के वर्ष 2020 में 476 प्रकरण दर्ज हुए थे जो वर्ष 2022 में बढ़कर 658 हो गए। दलित उत्पीड़न के दर्ज कुल अपराध 8752 में से 4198 अर्थात करीब 55 प्रतिशत प्रकरण पुलिस जांच में झूंठे साबित किए गए। इन तीन वर्षों में एससी एसटी एक्ट में दर्ज कुल प्रकरण 101 में से 58 अर्थात 66 प्रतिशत जांच में झूँठे बताए हैं। दलित महिलाओं से बलात्कार के दर्ज प्रकरण पुलिस ने जांच में 48 प्रतिशत झुंठे बताए हैं।

माना कि अंधेरा अब तो और घना होता जा रहा है लेकिन उम्मीद की किरण यह है कि संविधान एवं लोकतंत्र को बचाने के लिए जनता का जागरूक हिस्सा आज भी मशाल जलाए हुए है, संघर्षरत है। किसान, मजदूर, छात्र-युवा, दलित, आदिवासी, महिलाएं और बुद्धिजीवी अपने नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए आवाज उठा रहे हैं। फुले और अंबेडकर की वैचारिक विरासत को बचाने के लिए हमें विषमतामुलक पूंजीवाद और जाति, जेंडर आधारित भेदभाव के खिलाफ साझा संघर्ष तेज करना होगा।

**–डॉ. रमेश बैरवा,**
**प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान एवं प्रदेश सह संयोजक**
**दलित शोषण मुक्ति मंच राजस्थान**

# मसूदा एस.डी.एम. पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया

- **कलेक्टर ने एस.डी.एम. को सूचना देने के दिए आदेश के बाद भी नहीं दी सूचना**
- **राज्य सूचना आयोग ने प्रार्थी को समय पर सूचना नहीं देने के कारण जुर्माना लगाया**
- **21 दिवस में प्रार्थी को निःशुल्क सूचना उपलब्ध करवाने के भी आदेश दिए**

**मसूदा,** (निसं)। राज्य सूचना आयोग ने प्रार्थी को समय पर सूचना नहीं देने के कारण मसूदा उपखंड अधिकारी एवं जिला मजिस्ट्रेट को 25 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। मामला मसूदा उपखंड क्षेत्र के ग्राम सतावडिया के पीड़ित प्रार्थी देवीलाल द्वारा मांगी गई सूचना से जुड़ा हुआ है।

प्रार्थी के अधिवक्ता भरत सिंह सौलंकी ने बताया कि प्रार्थी देवीलाल पुत्र रघुनाथ निवासी ग्राम सतावड़िया ने सूचना के अधिकार अधिनियम के अर्न्तगत उपखण्ड अधिकारी से सूचना मांगी थी,पर सूचना नहीं दी। प्रार्थी द्वारा जिला कलेक्टर अजमेर को अपील की गई। जिला कलेक्टर अजमेर ने उपखण्ड अधिकारी को तत्काल सूचना उपलब्ध करवाने हेतु आदेश दिया था। परन्तु उपखण्ड अधिकारी ने जिला कलक्टर अजमेर के आदेशों की भी पालना नहीं की। प्रार्थी को सूचना नहीं मिलने पर प्रार्थी ने राज्य सूचना आयोग में अपील की। प्रार्थी की अपील पर सुनवाई के दौरान राज्य सूचना आयुक्त ने मसूदा उपखण्ड अधिकारी मसूदा को सूचना के अधिकार अधिनियम की पालना नहीं करने तथा कर्तव्य पालन में घोर लापरवाही बरतने का दोषी मानते हुए सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 20 के तहत 25 हजार रुपए जुर्माने से दण्डित किया। इसके साथ ही 21 दिवस में प्रार्थी को नि:शुल्क सूचना उपलब्ध करवाने के भी आदेश दिए। मामला वर्ष 2021 – 22 का होने से उस समय उपखंड अधिकारी के पद रहे संबंधित अधिकारी को यह जुर्माना भरना पड़ेगा।

# कोटा में सस्ती व अच्छी कोचिंग देने की शुरूआत

- **'कोटा वाला कोचिंग' से मात्र पांच रूपये फीस में तीनों विषयों की कोचिंग**

**कोटा,** (निसं)। 'पापा भरेंगे फीस शान से, बच्चे पढ़ेंगे स्वाभिमान से' इस उद्देश्य के साथ शिक्षा नगरी में हर वर्ग के विद्यार्थियों को 'कोटा वाला कोचिंग' संस्थान द्वारा मात्र 15 रूपयें फीस में इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं के लिये क्लासरूम कोचिंग दी जायेगी।

इस वर्ष देश में 40 शहरों सहित राजस्थान के तीन शहरों कोटा, जयपुर व सीकर में इसके अध्ययन केंद्र खोले जा रहे हैं। 'कोटा वाला कोचिंग' के निदेशक राजेश गांधी ने बताया कि वे 2013 से 'अफसर बिटिया' अभियान में गुजरात व महाराष्ट्र में गरीब बेटियों को अफसर बनाने के लिये पढ़ाई का कार्य कर रहे हैं। आज देश के सभी राज्यों से प्रत्येक वर्ग के बच्चे कोटा आकर क्वालिटी कोचिंग लेना चाहते हैं लेकिन यहां के कोचिंग संस्थानों में महंगी फीस, हॉस्टल व मैस खर्च का सालाना बजट 3 से 8 लाख रूपयें तक पहुंच जाता है, जो गरीब अभिभावकों के लिये चिंता का विषय है। वे जमीन या जेवर गिरवी रखकर या कर्ज लेकर बच्चों को कोटा में कोचिंग के लिये भेज रहे हैं।

पहले वर्ष कोटा में दो अध्ययन केंद्र-कोको के वाइस प्रेसीडेंट एकेडेमिक अमित ने बताया कि सामाजिक सरोकार के तहत सभी वर्गों के बच्चों को नाममात्र शुल्क पर स्तरीय क्लासरूम कोचिंग देने के उद्देश्य से 'कोटा वाला कोचिंग' की शुरूआत की गई है। शहर के राजीव गांधी नगर एवं रोड़ नंबर-2 इंडस्ट्रियल एरिया, विज्ञाननगर में दो अध्ययन केंद्रों पर पहले वर्ष 4 हजार बच्चों को ऐसे 16 अनुभवी फैकल्टी पढ़ायेंगे जिन्हें 10 वर्ष से पढ़ाने का अनुभव है। फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स या बायोलॉजी प्रत्येक विषय की कक्षायें 90 मिनट की होंगी, जिससे सिर्फ 15 रूपयें शुल्क में बच्चे साढ़े चार घंटे क्लासरूम कोचिंग ले सकेंगे।

वाइस प्रेसीडेंट मार्केटिंग व प्रशासन राम किशोर शर्मा ने कहा कि गांव के विद्यार्थियों में काबिलियत है, वे कोटा वाला कोचिंग पर नगण्य शुल्क में स्वाभिमान के साथ पढ़ेंगे।

कोचिंग के निदेशक राजेश गांधी ने बताया कि काउंसलिंग सेशन में भाग लेने वाले कक्षा-8वीं से 12वीं पास विद्यार्थियों को इंटरनेट सुविधा के लिये 2 जीबी क्षमता का कार्ड निशुल्क दिया जायेगा। जिससे वे जेईई-मेन तथा नीट की अधिकृत वेबसाइट से परीक्षा संबंधी सारी जानकारियां निशुल्क प्राप्त कर सकेंगे।

# हाईकोर्ट ने रिक्त पदों पर भर्ती मामले में राज्य सरकार से जवाब मांगा

- **राज्य के जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों के रिक्त पदों पर भर्ती का मामला**
- **राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन द्वारा दायर जनहित याचिका पर बहस हुई**

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय की खंडपीठ के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एम एम श्रीवास्तव और न्यायाधीश कुलदीप माथुर ने राज्य सरकार को निर्देश दिए है कि राज्य के जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों के रिक्त पदों पर भर्ती तथा जोधपुर में राज्य आयोग की स्थाई पीठ गठित करने बाबत दो सप्ताह में न्यायालय को पूरी स्थिति से अवगत कराएं।


राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन द्वारा दायर जनहित याचिका पर बहस करते हुए अधिवक्ता अनिल भंडारी ने कहा कि गत 13 दिसंबर को खंडपीठ ने जोधपुर में राज्य आयोग की स्थाई पीठ गठित करने की आवश्यकता बताते हुए जिला और राज्य आयोग में समुचित सुविधाएं और स्टाफ नियुक्ति के निर्देश दिए थे और राज्य के जिला आयोगों में लंबे समय से अध्यक्ष और सदस्यों के रिक्त पदों पर भर्ती नहीं किए जाने पर नाराजगी जाहिर की थी। अधिवक्ता भंडारी ने कहा कि अक्टूबर माह में 16 अध्यक्ष और 10 सदस्यों की भर्ती के साक्षात्कार पूर्ण हो जाने पर भी 12 अध्यक्ष और 9 सदस्यों की ही भर्ती की गई। उन्होंने कहा कि तीन जगह पर अध्यक्ष और 23 सदस्यों के पद इसी माह रिक्त हो रहे है, लेकिन अभी तक राज्य के उपभोक्ता मामलात विभाग ने रिक्तियां भी घोषित नहीं की है, जबकि नियमानुसार छह माह पूर्व ही रिक्तियां घोषित होकर समय पर भर्तियां की जानी थी। उन्होंने कहा कि इस वजह से कई जिला आयोग में कोरम के अभाव में न्यायिक कार्रवाई ठप हो जाएगी। उन्होंने कहा कि जोधपुर के उपभोक्ता परिसर में अभियोजन विभाग के उप निदेशक कार्यालय को खाली करवाया जाएं, क्योंकि उनका तीन मंजिला भवन बन कर शुरू हो चुका है और ऐसा किए जाने से उपभोक्ता आयोग और परिवादियों को काफी सुविधा होगी। राज्य सरकार की ओर से रजत अरोड़ा, हाईकोर्ट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. सचिन आचार्य और भारत सरकार की ओर से डिप्टी सॉलिसिटर जनरल मुकेश राजपुरोहित ने पैरवी की। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एम एम श्रीवास्तव और न्यायाधीश कुलदीप माथुर ने राज्य सरकार को निर्देश दिए कि नियुक्तियों तथा रिट याचिका में चाहे गए सभी अनुतोष बाबत न्यायालय को दो सप्ताह में प्रगति से अवगत कराएं।

# रक्षिता राठौड़ नौ सेना में सब लैफ्टिनैंट बनी

**जोधपुर,** (कासं)। मारवाड़ की बेटी रक्षिता राठौड़ ने नौ सेना में सब लैफ्टिनैंट तकनीकी अधिकारी बनकर प्रदेश, मारवाड़ तथा समाज का नाम रोशन किया है। रक्षिता राठौड़ नौ सेना में सब लैफ्टिनैंट तकनीकी अधिकारी बनने वाली राजस्थान की पहली बेटी है। नागौर के परबतसर के खानपुर गांव की रक्षिता राठौड़ पुत्री राजेन्द्र सिंह राठौड़ भारतीय नौ सेना में सब लैफ्टिनैंट बनी है। भारतीय नौ सेना में तकनीकी अधिकारियों (आईटी) का यह पहला महिला बैच है।

रक्षिता राठौड़ राजस्थान की पहली बेटी है, जो 20 वर्ष की आयु में भारतीय नौ सेना में तकनीकी अधिकारी बनी है। आई एन एस वलसुरा, नौ सेना एकेडमी जामनगर में हुई पासिंग आउट परेड के बाद रक्षिता नौसेना में सब लैफ्टिनैंट बनी है। रक्षिता ने नौ सेना महिलाओं के तकनीकी विंग में प्रदेश की पहली महिला अधिकारी बन कर राजस्थान और पूरे राजपूत समाज को गौरवान्वित किया है।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**मंगलवार 11 अप्रैल, 2023**

वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, पंचमी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2080, ज्येष्ठा नक्षत्र दिन 12:18 तक, वारियान योग सांय 5:52 तक, तैतिल करण प्रात: 7:18 तक, चन्द्रमा दिन 12:58 से धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-मिथुन, बुध-मेष, गुरू-मीन, शुक्र-वृष, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज कुमार योग दिन 12558 से आरम्भ होगा और रवियोग दिन 12:58 से आरम्भ होगा और दुग्ध योग सूर्योदय से प्रात: 7:18 तक है। आज महात्मा ज्योतिबा फुले जयन्ती है। आज षष्ठि तिथि का क्षय हुआ है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:20 से 10:54 तक, लाभ-अमृत 10:54 से 2:03 तक, शुभ 3:37 से 5:12 तक।

**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:11, सूर्यास्त 6:45

**मेष**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। पारिवारिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**वृष**
अपने आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्र शुभ नहीं है।

**मिथुन**
परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**कर्क**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आपसी ईर्ष्या-वैमनस्यता के कारण परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।

**सिंह**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**वृश्चिक**
अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

**धनु**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
आर्थिक/वित्तीय मामलों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। मन में असंतोष बना रहेगा।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य शीघ्रता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा।

**मीन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

# नहीं होगी भाषणबाजी सिर्फ रामधुनी और भजन होंगे

## इधर अनशन से विधायकों, प्रमुख नेताओं को रखा दूर, लेकिन समर्थक जुटेंगे

- पायलट डिप्टी सीएम बने, तब मुद्दा क्यों नहीं उठाया, इस तरह अनशन करना गलत : रंधावा
- प्रभारी रंधावा बोले, "सचिन पायलट ने इस मुद्दे पर कभी मुझसे बात नहीं की, मुझे बताते चिट्ठियों की बात, तो मैं मुख्यमंत्री से पूछता, फिर कुछ नहीं होता तो अनशन करते"

**जयपुर,** (का.प्र.)। सचिन पायलट की ओर से भ्रष्टाचार के मुद्दे उठाकर 11 अप्रैल को किए जा रहे अनशन को लेकर कांग्रेस नेताओं के बयान जाहिर कर रहे हैं कि वे या तो सचिन पायलट को नजरअंदाज कर रहे हैं, या फिर उन्हें कहीं कमजोर बताने का प्रयास किया जा रहा है।

यही कारण है कि सचिन पायलट की भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ की गई प्रेस कांफ्रेंस के बाद पहले जयराम रमेश का बयान आता है। उसके बाद राजस्थान के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा भ्रष्टाचार के मुद्दे की बात का तो समर्थन करते हैं, लेकिन सचिन पायलट की ओर से अपनाए जाने वाले रास्ते को गलत बताते हैं। वहीं दिल्ली में जब पवन खेड़ा से पूछा जाता है तो वह इस मुद्दे पर यही कहते हैं कि जांच तो भ्रष्टाचार के मुद्दों पर हो रही है और फिर भी किसी को शिकायत है तो वह प्रभारी से मिलकर अपनी बात कहे। यानी की कुल मिलाकर आलाकमान की ओर से मीडिया विभाग और प्रभारी की ओर से जो बयान सामने आए हैं, उन बयानों से लगता है कि अनशन के मुद्दे को पार्टी ज्यादा तवज्जो नहीं देना चाह रही है।

इधर सचिन पायलट के अनशन को लेकर शहीद स्मारक पर तैयारी पूरी हो गई है। खास बात यह है कि अनशन स्थल पर किसी तरह की कोई भाषणबाजी नहीं रखी गई है और पूरे दिन यहां भजन और रामधुनी का कार्यक्रम होगा। वहीं सचिन पायलट सुबह 11 बजे अकेले ही अनशन पर बैठेंगे। किसी अन्य विधायक या नेता को यहां नहीं बुलाया गया है।

इस बीच पहले जहां सचिन पायलट ने जब भ्रष्टाचार के मामले को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधा और वसुंधरा राजे सरकार के भ्रष्टाचार के मामलों की जांच नहीं करने के आरोप लगाए थे। वहीं इन आरोपों के बाद में पार्टी का अधिकृत बयान देते हुए जयराम रमेश ने अशोक गहलोत की योजनाओं पर अगला चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी थी। वहीं अब राजस्थान के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने स्पष्ट रूप से कहा है कि सचिन पायलट ने भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया है, इसमें कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन उन्होंने सीधे ही अनशन की घोषणा कर दी, उन्होंने इस बारे में कभी भी मुझसे बात या चर्चा नहीं की है। रंधावा ने कहा कि सचिन पायलट ने मुख्यमंत्री को इस मामले को लेकर चिट्ठियां लिखी हैं, लेकिन मैं जब भी राजस्थान आया, मेरी उनसे बात होती रही है, उन्होंने अन्य मुद्दों पर बात की, लेकिन कभी भी चिट्ठियों के बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं दी। यदि वह मुझे बताते तो मैं मुख्यमंत्री से बात करता और उसके बाद यदि कुछ नहीं होता तो उन्हें अनशन करना चाहिए था। इस तरह से सीधे ही अनशन की घोषणा किया जाना सही नहीं है।

वहीं प्रभारी रंधावा ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री तो मैं भी नहीं बन पाया, इसका मतलब यह नहीं है कि मैं पार्टी छोड़ दूं। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि कम उम्र में सचिन पायलट को पार्टी ने बहुत कुछ दिया है। वह डिप्टी सीएम बने हैं। रंधावा ने यह भी कहा कि जब डिप्टी सीएम बने थे तब उन्होंने यह मुद्दा क्यों नहीं उठाया।

इसी के साथ रंधावा ने कहा कि मैं मंगलवार को जयपुर आ रहा हूं और वहां चिट्ठियों को लेकर जानकारी लूंगा और मुख्यमंत्री से भी बात करूंगा। वहीं सचिन पायलट से बात करूंगा। इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी मुद्दा या मसला सड़क पर हल नहीं होता। मुद्दे तो बातचीत के जरिए ही हल किए जा सकते हैं।

रंधावा के अलावा कांग्रेस मीडिया और कम्युनिकेशन विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने भी दिल्ली में मीडिया की ओर से पूछे गए सवाल के जवाब में सचिन पायलट की ओर से उठाए गए जांच के मुद्दों को लेकर कहा कि जांच तो हो रही है। संजीवनी के मामले में और कोरोना के दौरान राजस्थान में भाजपा के नेताओं ने सरकार गिराने का जो प्रयास किया था, जांच तो उसकी भी हो रही है। उनके तार कहां तक जुड़े थे, इस बात की भी जांच हो रही है। कुल मिलाकर इस पूरे मामले में कांग्रेस आलाकमान और दिल्ली के नेताओं के अब तक जो बयान आए हैं, या प्रभारी रंधावा ने जिस तरह से बयान दिया है उससे एक बात तो स्पष्ट है कि कांग्रेस सचिन पायलट को लेकर या उनकी ओर से उठाए गए मुद्दों पर बात कर रही है।

## डॉ. पूनियां ने अलवर के किसान को आर्थिक मदद पहुंचाई

**जयपुर।** विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने अलवर जिले के घेवर गांव के किसान रामू रेबारी को आर्थिक मदद पहुंचाकर अपना वादा पूरा किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री हेमसिंह भड़ाना, अलवर के पूर्व डेयरी चेयरमैन बन्नाराम मीणा, भाजपा अलवर जिला महामंत्री पवन जैन, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष तरुण जैन, दौसा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष दीपक गुर्जर, जिला परिषद सदस्य राजेंद्र, सुनील गगनदीप इत्यादि और जयपुर से पहुंची टीम में पार्टी कार्यकर्ता लोकेश जोशी, पार्षद गणेश चौधरी, अनुराग जांगिड़ इत्यादि ने किसान रामू रेबारी को सतीश पूनियां की तरफ से आर्थिक मदद सौंपी।

गौरतलब है कि किसान रामू रेबारी की फसल ओलावृष्टि एवं भारी बारिश से चौपट हो गई थी। जिससे इनके सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया था, ऐसे में सतीश पूनियां ने मीडिया में प्रकाशित खबर पर संज्ञान लेते हुए किसान रामू रेबारी की मदद करने का वादा किया था जो आज उन्होंने पूरा कर दिया और आगे भी हर संभव मदद का भरोसा दिया।

## 203 नये उप स्वास्थ्य केन्द्र की मंजूरी

**जयपुर।** प्रदेश में 203 नये उपस्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने हेतु वित्त विभाग द्वारा स्वीकृति जारी कर दी गयी है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बजट घोषणा 2022-23 की क्रियान्विति में 203 नवीन उपस्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने की पदों सहित स्वीकृति जारी कर दी गयी है।

# पाकिस्तान से आई 9 किलो हेरोइन जैसलमेर बॉर्डर पर जब्त

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** सीआईडी क्राइम ब्रांच राजस्थान की टीम ने रविवार को पाकिस्तान से जैसलमेर बॉर्डर पर आई 9 किलो हेरोइन बरामद कर एक बोलेरो कैम्पर गाड़ी जब्त की गई है। इस उच्च क्वालिटी हेरोइन की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 35 करोड़ रुपये आंकी जा रही है।

पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने बताया कि मोहनगढ़ क्षेत्र में सूरतगढ़

- सी.आई.डी. और पुलिस टीम ने चार तस्करों को दबोचा
- आरोपियों से जब्त हेरोइन उच्च क्वालिटी की है, जिसकी बाजार में कीमत करीब 35 करोड़ रु. आंकी जा रही है।



गिरफ्तार आरोपी

निवासी अमर लाल भादू और सुथार मंडी रोड निवासी रामचंद्र बिश्नोई तथा थाना कोतवाली में बटोड़ा निवासी जोगेंद्र सिंह व म्याजलार निवासी तस्कर माधव सिंह को गिरफ्तार किया है। शनिवार को उपमहानिरीक्षक पुलिस अपराध डॉ. राहुल प्रकाश की मॉनिटरिंग में जैसलमेर जिले के थाना मोहनगढ़ और कोतवाली इलाके में दो अलग-अलग कार्रवाई एएसपी नरोत्तम वर्मा व इंस्पेक्टर राम सिंह के नेतृत्व में की गई है।

मिश्रा ने बताया कि पिछले 1 महीने से सीआईडी जयपुर की टीम नजर रखे हुए थी। मुखबिर से मिली सूचना पर एएसपी नरोत्तम वर्मा के सुपरविजन में इंस्पेक्टर राम सिंह और हैडकांस्टेबल शंकर दयाल शर्मा को आसूचना संकलन के लिए जैसलमेर भेजा गया था। डीआईजी राहुल प्रकाश मुख्यालय से मॉनिटरिंग कर रहे थे। जैसलमेर पहुंची पुलिस टीम को पता चला कि जैसलमेर के रास्ते बॉर्डर पार पाकिस्तान से हेरोइन की डिलीवरी लेकर स्थानीय तस्कर राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश व दिल्ली तक सप्लाई कर रहे हैं।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध दिनेश एम.एन. ने बताया कि इस सूचना को पुख्ता करने के लिए एएसआई शैलेंद्र शर्मा, कॉन्स्टेबल नरेश, देवेंद्र और चालक विश्राम को भेजा गया था। सूचना पुख्ता होने पर शनिवार को मुख्यालय से टीमें गठित कर जैसलमेर भेजी गई। जैसलमेर के मोहनगढ़ क्षेत्र में अमरलाल भादू और रामचंद्र विश्नोई के पास से 500-500 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। इसके संबंध में थाना मोहनगढ़ पर मुकदमा दर्ज किया गया। दोनों आरोपियों से पूछताछ के बाद जैसलमेर में ही कोतवाली इलाके से जोगेंद्र सिंह को उसके घर से 8 किलोग्राम हेरोइन समेत गिरफ्तार किया गया। जोगेंद्र सिंह की सूचना पर हेरोइन तस्कर माधो सिंह को भी दबोचा गया। फिलहाल कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस पूछताछ करने में जुटी है।

इस कार्रवाई को अंजाम देने में मुख्यालय की टीम में एएसपी नरोत्तम वर्मा, एसआई सुभाष सिंह तंवर, एएसआई शैलेन्द्र शर्मा, बनवारी लाल शर्मा, हैड कॉन्स्टेबल हेमन्त शर्मा, कॉन्स्टेबल प्रमोद शर्मा, नरेश चौधरी, भूपेन्द्र शर्मा, देवेन्द्र सिंह, बृजेश शर्मा, लोकेश, मोहन लाल एवं चालक विश्राम मीणा व संदीप कुमार शामिल रहे।

जबकि सी.आई.डी (सीबी) रेंज सैल जोधपुर टीम के पुलिस उप अधीक्षक जितेन्द्र सिंह, हैड कांस्टेबल सुमेर सिंह व चन्द्र सिंह, कांस्टेबल, लक्ष्मण सिंह व सुरेन्द्र सिंह की भी अहम भूमिका रही। सीआईडी रेंज सैल बीकानेर के एएसपी डॉ. प्यारे लाल शिवरान, इंस्पेक्टर सुरेन्द्र कुमार, हेड कांस्टेबल किशोर सिंह व मनोहर लाल व चालक बस्तीराम तथा सीआईडी एचसीएमयू रेंज बीकानेर के एएसपी सुभाष शर्मा व चालक लेखराम ने भी इस ऑपरेशन में मदद की।

वहीं डॉग स्क्वाड टीम से कॉन्स्टेबल रमेश सिंवर, संत कुमार एवं विजय पालल मय डॉग काईजर तथा जैसलमेर पुलिस टीम में मोहनगढ़ एसएचओ पुखाराम, कोतवाली एसएचओ भवानी सिंह, झिझनियाली एचएचओ हनुवन्त सिंह तथा तीसरी बटालियन आरएसी बी कम्पनी कैम्प जैसलमेर ने भी आरोपियों को पकड़ने में मदद की।

# नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने के लिए संस्कृत को बढ़ावा देने की जरूरत : राज्यपाल मिश्र

- जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह आयोजित

**जयपुर,** (का.सं.)। राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने कहा है कि देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने में संस्कृत भाषा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने प्राचीन भारतीय साहित्य एवं संस्कृति से नई पीढ़ी को जोड़ने के लिए संस्कृत को नए संदर्भ देते हुए बढ़ावा दिए जाने पर बल दिया है।

राज्यपाल मिश्र सोमवार को जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर के दीक्षान्त समारोह में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जीवन व्यवहार और आदर्श लोकाचार की शिक्षा संस्कृत भाषा में बहुत सहज एवं सुंदर रूप में दी गई है। संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से आंतरिक सुसंगति वाली भाषा है, जो विचारों के आदान-प्रदान के लिए बहुत सरल और मधुर है।

राज्यपाल मिश्र ने समारोह में लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के कुलपति प्रो. मुरली मनोहर पाठक, जयपुर महानगर टाइम्स के संस्थापक संपादक गोपाल शर्मा, प्रख्यात शिल्प शास्त्री अनूप बरतरिया एवं अन्तर्राष्ट्रीय शूटर अपूर्वी चन्देला को विद्या वाचस्पति (डी.लिट.) की मानद उपाधि प्रदान की। चन्देला किन्ही कारणवश कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सकी। समारोह में विभिन्न संकायों के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को विद्या वारिधि, विद्या निधि संयुक्ताचार्य एवं आचार्य की उपाधियां प्रदान की गई। राज्यपाल ने इस अवसर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले 16 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक तथा 14 विद्यार्थियों को विद्या वारिधि ( पीएचडी) की उपाधि प्रदान की। समारोह का आरम्भ मंगलाचरण एवं सरस्वती वंदना से हुआ। इसके उपरान्त राज्यपाल मिश्र ने संविधान की प्रस्तावना और मूल कत्तर्व्यों का पाठ किया। इस अवसर पर बहुभाषी शोध पत्रिका वयम् का लोकार्पण भी किया गया।

## राज्यपाल ने किया होम्योपैथी अस्पताल का उद्घाटन

**जयपुर,** (का.प्र.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने विश्व होम्योपैथी दिवस पर सोमवार को जगतपुरा में वीआईटी रोड पर अरावली होम्योपैथी अस्पताल व रिसर्च सेंटर का उद्घाटन किया। इस मौके पर जयपुर के सांसद रामचरण बोहरा, मोतीडूंगरी गणेश मंदिर के महंत कैलाश शर्मा, सद्गुरु आश्रम के संस्थापक एवं माँ बगुलामुखी उपासक पंडित राजकुमार शर्मा, आरएसएस के क्षेत्रीय प्रचारक निम्बाराम तथा होम्यापैथी के प्रोफेसर जयराम चौधरी मौजूद थे।

होम्यापैथी अस्पताल व रिसर्च सेंटर के उद्घाटन के बाद राज्यपाल कलराज मिश्र ने अस्पताल संचालक डॉ अशोक सिंह सोलंकी की तारीफ करते हुए कहा कि अपने क्षेत्र में इस तरह का पहला अस्पताल है, जहां इलाज के साथ रिसर्च भी होगी।

## दो हजार टैक्स मित्र नियुक्त होंगे

**जयपुर,** (का.सं.)। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) और मूल्य वर्धित कर (वैट) जमा कराना आसान हो जाएगा। आवेदन प्रक्रियाओं में आवेदकों को सहूलियत देने के लिए राज्य सरकार प्रदेश में 2 हजार टैक्स मित्र नियुक्त करेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नियोजन की योग्यताओं तथा शुल्क निर्धारण संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। टैक्स मित्र के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता वाणिज्य में स्नातक रखी है।

## डॉ. राजीव सिवाच ने कार्यभार संभाला

**जयपुर।** डॉ. राजीव सिवाच ने नाबार्ड, राजस्थान क्षेत्रीय कार्यालय में मुख्य महाप्रबंधक का कार्यभार ग्रहण किया। राजस्थान क्षेत्रीय कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व वह प्रधान कार्यालय के राज्य परियोजना विभाग में कार्यरत थे। डॉ. सिवाच ने सीसीएसएचएयू, हिसार से कृषि स्नातक और एनडीआरआई, करनाल से कृषि अर्थशास्त्र में पीएचडी की है। इससे पहले, डॉ. सिवाच नई दिल्ली, पंजाब और हरियाणा क्षेत्रीय कार्यालयों के भी प्रभारी रह चुके हैं। दिल्ली में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों में सहयोग करने के लिए एलटीआईएफ, पीएमएवाई (जी), सूक्ष्म सिंचाई निधि, कृषि विपणन अवसंरचना निधि की रूपात्मकता को तैयार करने के लिए भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के साथ बड़े पैमाने पर समन्वय किया है।

## मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले चार को कारावास

**जयपुर,** (का.सं.)। एनडीपीएस मामलों की विशेष अदालत ने मादक पदार्थ अफीम की तस्करी करने वाले पिता राजाराम विश्नोई और उसके बेटे अरुण कुमार सहित दो अन्य धर्मपाल जाट व प्रभुलाल गुर्जर को दस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने प्रत्येक अभियुक्त पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। वहीं एक अन्य के खिलाफ जांच लंबित चल रही है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि वर्तमान में अवैध मादक पदार्थों के मामलों में काफी बढ़ोतरी हुई है और इसके आसानी से उपलब्ध होने के चलते युवा वर्ग में इसके सेवन का प्रचलन बढ़ा है। जिसके चलते इनका विकास भी अवरुद्ध हो रहा है।

अदालत ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से नशा मुक्ति केन्द्र व एंटी ड्रग्स चौकियां खोलकर मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ नरमी का रुख अपनाना उचित नहीं है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक उमाशंकर खंडेलवाल ने अदालत को बताया कि एसओजी को 23 जनवरी, 2017 को मुखबिर से सूचना मिली कि एक बोलेरो गाडी चित्तौड़गढ़ की तरफ से आ रही है और पंजाब की तरफ जाएगी। इस गाड़ी में भारी मात्रा में हथियार हो सकते हैं। इस पर एसओजी ने भीलवाडा पुलिस के सहयोग से कंवलियावास टोल नाके पर नाकाबंदी की और कार को रुकवाया। पुलिस को तलाशी में एक-एक किलोग्राम के चार प्लास्टिक की थैलियों में अफीम बरामद हुई।

इस पर पुलिस ने चालक राजाराम और साथ बैठे धर्मपाल को गिरफ्तार कर अफीम व कार जब्त कर ली। पूछताछ में अभियुक्तों ने प्रभुलाल से अफीम लाना बताया। इस पर पुलिस ने बाद में प्रभुलाल व अरुण कुमार को भी गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया।

## राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट 14 से

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट (आरडीटीएम) के तीसरे संस्करण का आयोजन 14 से 16 जुलाई तक होगा। इस वर्ष आरडीटीएम की थीम सस्टेनेबल टूरिज्म होगी। इस दौरान आयोजित होने वाले नॉलेज सेशंस में भी सस्टेनेबल टूरिज्म से संबंधित विषयों पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी प्रमुख शासन सचिव, पर्यटन, गायत्री राठौड़ ने आज बैठक में दी। उन्होंने आज सचिवालय में फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म इन राजस्थान (एफएचटीआर) के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व एफएचटीआर अध्यक्ष अपूर्व कुमार ने किया। प्रमुख शासन सचिव ने बताया कि आरडीटीएम के आगाज के लिए पहला रोड शो 9 मई को जयपुर में होगा।

# पिछले 40 दिन में प्रदेश में 20 हजार 542 बदमाश गिरफ्तार : डीजीपी

## पुलिस मुठभेड़ में 21 बदमाशों को गोली लगी, 25 आरोपियों की टांग टूटी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस ने पिछले 40 दिनों में 20 हजार 542 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक

- डी.जी.पी. का दावा है कि गत 1 मार्च से शुरू हुए ऑपरेशन 'वज्र प्रहार' से प्रदेश में 9 प्रतिशत अपराध घटा

उमेश मिश्रा का दावा है कि पुलिस की 5137 टीमों ने 13 हजार 600 ठिकानों पर दबिश देकर इन बदमाशों को दबोचा। इस दौरान पुलिस मुठभेड़ में 21 बदमाशों को गोली लगी, जबकि 25 की टांग टूटी। डी.जी.पी. मिश्रा का दावा है



पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा सोमवार को प्रेस से रूबरू हुए।

कि प्रदेश में 1 मार्च से शुरू हुए 'ऑपरेशन व्रज प्रहार' से 9 प्रतिशत अपराध घटा है, इसलिए यह ऑपरेशन लगातार जारी रहेगा। उन्होंने यह बातें सोमवार को प्रेस से रूबरू होकर कही।

डीजीपी ने बताया कि पुलिस ने 47 बदमाशों के खिलाफ राजपास एक्ट में इस्तगासा पेश किया, जिनमें 7 बदमाशों को निरूद्ध किया जा चुका है। अब तक 11 हजार 512 हिस्ट्रीशीटरों में से 2471 की सम्पत्ति का रिकॉर्ड जुटाया, जिनसें से 35 की सम्पत्ति पर कार्यवाही के लिए आईटी विभाग और स्थानीय निकायों को सूचित किया है।

मिश्रा ने बताया कि पुलिस पर हमला कर हिरासत से भागने का प्रयास करने वालों पर भी पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है। वर्ष 2023 में 21 अपराधियों ने पुलिस पर फायरिंग की, जिस पर जवाबी कार्रवाई में उन्हें गोली लगी। इसके अलावा 25 अपराधी पुलिस कस्टडी से भागने के प्रयास में घायल हुए। एडीजी दिनेश एम.एन. ने आज भी जेल से गैंगस्टरों द्वारा गैंग को ऑपरेट करने की जानकारी दी और ऐसे बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करने की जानकारी दी।

### फायरिंग और अवैध वसूली गैंग टारगेट

डीजीपी ने बताया कि अभियान के दौरान अपराधियों का गुणगान करने वालों, फोलो करने वालों एवं प्रश्रय देने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की गई। इस अभियान में विशेष रूप से आग्नेयास्त्रों का प्रदर्शन करने वालों और फायरिंग की घटनाओं में भी शामिल गैंग को टारगेट किया गया। साथ ही कारोबारियों एवं संभ्रांत नागरिकों को अवैध वसूली के लिए कॉल कर धमकी देने के अपराध में लिप्त गैंग भी पुलिस के निशाने पर रहे। डीजीपी ने बताया कि कुछ अपराधी देश से बाहर बैठकर भी इस अपराध को अंजाम दे रहे थे। उनके विरूद्ध भी इंटरपोल के माध्यम से शिकंजा कसा जा रहा है। रोहित गोदारा का रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया जा चुका है और अनमोल विश्नोई विरूद्ध रेड कॉर्नर नोटिस जारी कराने की कार्यवाही जारी है।

### गोदारा के 38,862 फॉलोवर्स घटकर 6558 बचे

सोशल मीडिया पर अपराधियों को फोलो करने वालों के विरूद्ध कुल 36 प्रकरण दर्ज कर 56 लोगों को गिरफ्तार किया। प्रिवेन्टिव सेक्शनों में 1027 लोगों को गिरफ्तार किया। सोशल मीडिया के फोलोवर्स एवं गैंगस्टर के ऊपर प्रभावी कार्रवाई के परिणाम स्वरूप इन अपराधियों से युवाओं का मोहभंग हुआ है।अभियान से पूर्व बीकानेर में मोनू के सोशल मीडिया पर कुल 36,537 फोलोवर्स थे जो अब घटकर 9189 रह गए। इसी प्रकार रोहित गोदारा के फोलोवर्स 38,862 से घटकर अब 6558 रह गए।

### वांछित बदमाश पकड़ने में अजमेर-जयपुर अव्वल

विभिन्न अपराधों में वांछितों की गिरफ्तारी में अजमेर तथा जयपुर रेंज शीर्ष पर रहे। जिलेवार 7 हजार से अधिक भा.द.सं. के पंजीयन वाले जिलों में सर्वाधिक गिरफ्तारी अजमेर, अलवर, एवं भीलवाड़ा जिलों के द्वारा की गई। 4 हजार से 7 हजार तक के भा.द.सं. के पंजीयन वाले जिलों में सर्वाधिक गिरफ्तारी टोंक, चितौड़गढ़ एवं जोधपुर पश्चिम जिलों द्वारा की गई। चार हजार से कम भा.द.सं. के पंजीयन वाले जिलों में सर्वाधिक गिरफ्तारी बांसवाडा, कोटा ग्रामीण एवं जोधपुर पूर्व जिलों द्वारा की गई।

### व्यापारियों से अवैध वसूली की वारदातें घटी

एमएन ने बताया कि अवैध वसूली के वर्ष 2023 में माह मार्च तक कुल 31 प्रकरण दर्ज करके 68 लोगों को गिरफ्तार किया। फायर आम्र्स के उपयोग के 150 प्रकरण दर्ज कर 355 लोगों को गिरफ्तार किया। अभियान के पूर्व अवैध वसूली के लिए फोन कॉल के प्रकरण माह जनवरी 2023 में 15, माह फरवरी 2023 में 12 दर्ज हुए, जबकि अभियान के परिणामस्वरूप मार्च 2023 में कम होकर 4 प्रकरण ही दर्ज हुए।



नम्बर मिलाइए 9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**आम-सूचना**
धर्मपाल सिंह पुत्र श्री हजारी सिंह, निवासी- प्लॉट नं. 10, तारा नगर-बी, जयपुर ने मेरी अभिभाष्या फर्म बुनियादी विकास गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर की योजना श्रीराम वाटिका-ए, पिण्डोलाई, मांचवा, जयपुर के भूखण्ड सं. 433 क्षेत्रफल 125.00 वर्गगज को अपने नाम हस्तानान्तरण करवाने हेतु प्रस्तुत किया। साथ ही मूल आवंटी का मृत्यु प्रमाण-पत्र एवं उसके वारिसों से खरीद सम्बन्धी इकरारनामा, शपथ पत्र समिति कार्यालय में प्रस्तुत किये तथा उक्त भूखण्ड को अपने नाम हस्तानान्तरण करने बाबत समिति से कहा गया। यदि उक्त भूखण्ड के हस्तानान्तरण के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, समिति या संगठन को कोई आपत्ति हो तो वो समिति कार्यालय में या मेरे कार्यालय में उक्त सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में मय दस्तावेज सम्पर्क करे, अन्यथा समिति द्वारा उक्त भूखण्ड का हस्तानान्तरण जारी कर दिया जायेगा, बाद मियाद गुजरने के कोई उज्र मान्य नहीं होगा। भवदीय
(हेमन्त कुमार पलोड़) एडवोकेट मो. नं. 9314511091

**आम सूचना** हर आम व खास को जरिये इस आम सूचना के सूचित किया जाता है की मेरी अभिभाष्या शर्मिला चौधरी पत्नी श्री महावीर चौधरी, निवासी सी- 2/11, एल. आई. सी. फ्लैट, विद्याधर नगर, सेक्टर संख्या-2, जयपुर के पास अपने स्वामित्व की कब्जेशुदा गांव सेवद बड़ी, तहसील धोद, जिला सीकर में कृषि/ आवासीय/ व्यावसायिक भूमि है जिसके खसरा नबर है उक्त भूमि की मेरी अभिभाष्या एकमात्र मालिक व स्वामी है तथा उक्त भूमि को मेरी अभिभाष्या ने कभी भी किसी को बेचने बाबत कोई इकरारनामा या अन्य दस्तावेज निष्पादित नहीं किया हुआ है फिर भी मेरी अभिभाष्या की उपरोक्त वर्णित भूमि बाबत कोई व्यक्ति या फर्म किसी भी प्रकार के दस्तावेज से यदि मालिकाना या अपना अन्य हित कलेम करता है तो वह पूर्णतया अवैध व शुन्य है तथा चुकि अब मेरी अभिभाष्या को रुपयों की आवश्यकता है इसलिए मेरी अभिभाष्या उक्त भूमि का बैचान करेगी, इसलिए उक्त आम सूचना के द्वारा मेरी अभिभाष्या हर आम व खास को सूचित करती है की यदि किसी भी व्यक्ति या फर्म को मेरी अभिभाष्या की उपरोक्त वर्णित भूमि के बेचान पर आपत्ति हो तो उक्त आम सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस में अपनी आपत्ति मुझे लिखित में प्रस्तुत करे अन्यथा उक्त आम सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस पश्चात किसी भी व्यक्ति या फार्म की कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी व मेरी अभिभाष्या की उपरोक्त वर्णित भूमि के सम्बद्ध में किसी भी व्यक्ति या फर्म का विक्रय इकरारनामा या अन्य दस्तावेज पूर्णतया निरस्त व रद्ध माना जावेगा। अतः सूचित रहे।
अरुण सिंह शेखावत, अधिवक्ता, मो.9166106999

**नाम परिवर्तन**

मैने अपना नाम विकास चंद छजलानी से बदलकर विकास छजलानी रख लिया है भविष्य में मुझे विकास छजलानी के नाम से जाना पहचाना जाये विकास छजलानी 37 डी, कोरल रेजीडेंसी, धर्म पार्क, श्याम नगर, जयपुर

मैं सुभाष चन्द्र यादव आर्मी No. 4202363L रैंक लास नायक, रूंडल , आमेर, जयपुर, सेना में कार्यरत हूं। मेरे आर्मी रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का नाम विकास यादव दर्ज है। अतः आर्मी के सभी रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का नाम विकास कुमार यादव दर्ज करवाया जाये। भविष्य में उसे इसी नाम से जाना जाए।

मैं सुभाष चन्द्र यादव आर्मी No. 4202363L रैंक लास नायक, रूंडल, आमेर, जयपुर, सेना में कार्यरत हूं। मेरे आर्मी रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम Geeta Yadav दर्ज है। अतः आर्मी के सभी रिकॉर्ड में मेरी पत्नी नाम Gita Devi दर्ज करवाया जाये। भविष्य में उसे इसी नाम से जाना जाए।

मैं अंजलि सिंह भटनागर पत्नी श्री धर्मेश कुमार भटनागर निवासी जयपुर राजस्थान मेरा नाम मेरे शैक्षिणक रिकॉर्ड में अंजलि चंदनानी एवं पैन कार्ड में अंजलि सिंह आधार कार्ड में अंजलि सिंह भटनागर है तीनो नाम एक ही व्यक्ति के है भविष्य में मुझे अंजलि सिंह भटनागर के नाम से जाना जाए।

I have changed my name from Arpit Jain to Arpit Shah S/o Rishab Kumar Jain for all purpose. Resi.: 153, Kalyan Puri Colony, Near Dadu Dayal Ashram, Sanganer, Jaipur

I Have Changed My Name From Prem To Prem Tejwani S/o Tejumal For All Purpose P. No. 13/269, Malviya Nagar, Jaipur (Raj.)

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त**
**राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त अलवर**
**आवश्यक सूचना** मूलतः आवास संख्या 1/49 एस.डब्लयू.बी. योजना, अलवर जो के श्री ओम प्रकाश पारिक को आवंटन पत्रांक 2346 दिनांक 19.04 1984 के द्वारा आवंटित किया गया। जिसका कब्जा मण्डल से दिनांक 06.10.83 को प्राप्त कर लिया गया था। श्री ओम प्रकाश पारिक कि मृत्यु दिनांक 27.05. 2000 को हो जाने के कारण इनके उत्तराधिकारी श्रीमती सुशीला पारीक पत्नी स्व. श्री ओमप्रकाश पारिक के द्वारा शपथ पत्र एवं अन्य वारिसानों का घोषणापत्र के आधार पर स्वंय के नाम मृत्यु उपरान्त आवास का नाम हस्तानान्तरण किये जाने हेतु शुल्क सहित आवेदन किया है। अतः जरिये इस विज्ञिप्त यह आगाह किया जाता है कि उक्त आवास संख्या 1/49 एस.डब्लयु.बी योजना अलवर के संबन्ध में पिता, पुत्र, पुत्री, भाई, अन्य किसी रिश्तेदार व्यक्ति विशेष या हितकारी को एवं आम व्यक्ति विशेष को उजर एतराज हो तो वह इस विज्ञिप्त के प्रकाशित होने के 10 दिवस में राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त अलवर में अपना एतराज लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा श्रीमती सुशीला पारीक पत्नी स्व. श्री ओमप्रकाश परिक के पक्ष में आवास का नाम प्रतिस्थापन हस्तांतरण करने की कार्यवाही की जावेगी।
उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त अलवर

**For Sale/Eauction:** Storm Damaged **Building MS, Proflex Sheet and GI Sheet scrap - Approx. 75,111 MT.** lying at Vill- Nasirpur, Shambhu Bahadurgarh Road, Tehsil Rajpura, Distt.-Patiala, Punjab. Last Date For Inspection & EMD Deposit – 19.04.2023 & Date Of E-auction- 20.04.2023 (3 PM), Auctioneer: Meenakshi- 9625137014 / 9625739880 (Insurance Claim Material Will Be Sold On 'As Is Where Is', 'Whatever There Is' And 'No Complaint' Basis).
**For More Details:**
www.salvagemanagers.com
support@salvagemanagers.com

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यह एक आवासीय प्लाट नं. 125 ए, शिव चौधरी नगर, ग्राम मांग्यावास तहसील सांगानेर, जिला जयपुर पर स्थित है जिस पर मैंने और मेरे दोनों पुत्रों वरूण कासलीवल व हर्षित कासलीवाल ने एचडीएफसी लिमिटेड से ऋण लिया हुआ था तथा उक्त प्लाट नं. 125 ए शिव चौधरी नगर, जयपुर के समस्त असल दस्तावेज एचडीएफसी लिमिटेड में रहन (Mortgage) कर रखे है। यह कि मेरे पुत्र श्री वरूण कासलीवाल का दिनांक 21 जनवरी 2023 को स्वर्गवास हो चुका है तथा उक्त प्लाट के पेटे लिए हुये ऋण की पूर्ण अदायगी एच एसीएफसी लिमिटेड को की जा चुकी है। इसलिए अब मैं उक्त प्लाट के असल दस्तावेजों को प्राप्त करना चाहती हूं। यदि इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है तो मय दस्तावेज प्रकाशन तिथि से सात दिवस तक की अवधि में एचडीएफसी लिमिटेड फर्स्ट फ्लोर, बी -53 व 54, हनुमान नगर, वैशाली नगर, जयपुर फोन नं- 0141-64807999 में सम्पर्क कर सूचित करें।
( श्रीमती नीरा कासलीवाल) निवासी-2699, एम.एस.बी. का रास्ता, जौहरी बाजार, जयपुर
मोबाईल नं. 9829277821

# मालपुरा को जिला बनाने की मांग, आंदोलन 23वें दिन भी जारी

## जिला बनाओ कोर कमेटी, अनशनकारियों सहित विधायक व पालिका अध्यक्ष ने जयपुर में डाला डेरा

**मालपुरा,** (निसं)। मालपुरा को जिला बनाने की मांग को लेकर गैर राजनैतिक मंच जिला बनाओ कोर कमेटी के नेतृत्व में गांधीवादी तरीके से शुरू हुआ जनआंदोलन सोमवार को 23वें दिन भी जारी रहा। जिला बनाने की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य समाज व राजपूत समाज के सैंकडों महिला-पुरूषों ने गांधीपार्क से व्यास सर्किल धरना स्थल तक पैदल मार्च निकाला। धरना स्थल पहुंच मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार सहदेव मंडा को ज्ञापन सौंपा। वहीं कुमावत समाज व भाजपा महिला मोर्चा मंगलवार को पैदल मार्च निकाल ज्ञापन सौंपेगा।

- **प्रतिनिधि मंडल ने रामलुभाया, डॉ. चन्द्रभान, रामलाल जाट व आई.ए.एस. आरती डोगरा से मुलाकात की**
- **रामलुभाया ने प्रतिनिधिमंडल को सकारात्मक रिपोर्ट भेजे जाने का विश्वास दिलाया**



मालपुरा जिला बनाओं कोर कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने अधिकारियों से मुलाकात की।

तैईस दिनों से चल रहे जनआंदोलन को गंभीरता से लेते हुए जिला बनाओ कोर कमेटी के प्रतिनिधि मंडल, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामविलास चौधरी, विवेक व्यास, जतन लाल जाट, शहर कांग्रेस अध्यक्ष इशहाक नकवी, रवि कुमार जैन, प्रेमचंद सैनी, कन्हैयालाल सैनी, किशन फगोडिया, सुरेश शर्मा, प्रहलाद शर्मा, बच्छराज गुर्जर, शत्रुघ्न जांगिड़, पुरूषोतम शर्मा, विधायक कन्हैयालाल चौधरी, पालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी, राजकुमार जैन, नन्दलाल डोई, त्रिलोक जैन, दिनेश विजय, गोपाल गुर्जर, प्रधान सकराम चौपडा, भंवर मुवाल, बालाबक्ष तथा 15 दिनों तक आमरण अनशन करने वाले युवक स्वप्रिल भडाणा, कमलेश सैनी, प्रधान जाट ने पूर्व आईएएस व नवीन जिलों के गठन के लिए बनाई उच्च स्तरीय समिति अध्यक्ष रामलुभाया से मिल मालपुरा को जिला बनाने के भौगोलिक व तथ्यात्मक दस्तावेज एवं 1950 से 2023 तक का राजस्व व तथ्यात्मक रिकार्ड के दस्तावेज सौंप मालपुरा क्षेत्र का पक्ष रखते हुए जिला बनाने की मांग की।

साथ ही आगामी विधानसभा सत्र से पूर्व प्रदेशभर में चल रहे जनआंदोलन वाले क्षेत्रों की तथ्यात्मक रिपोर्ट व जिला बनने के अधिकार रखने वाले क्षेत्रों की सूची में मालपुरा का नाम जोड़ने की मांग की। रामलुभाया ने प्रतिनिधिमंडल को सकारात्मक रिपोर्ट भेजे जाने का विश्वास दिलाया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री आवास पहुंच सीएम के विशेषाधिकारी लोकेश शर्मा, राजस्व मंत्री रामलाल जाट, विशिष्ट निजी सहायक द्वितीय मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार आरती डोगरा व बीसुका उपाध्यक्ष डॉ. चन्द्रभान से मिल तथ्यात्मक दस्तावेज के साथ ज्ञापन सौंपा गया। सभी जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों से प्रतिनिधि मंडल को मालपुरा पर पुनर्विचार का सकारात्मक जवाब व आश्वासन मिला। तो रामलुभाया ने मालपुरा पर विशेष मंथन का विश्वास दिलाया।

जनआंदोलन में कांग्रेस सहित सभी राजनैतिक दलों से जुड़े पूर्व व वर्तमान जनप्रतिनिधियों सहित सर्व समाज के लोगों व व्यापारियों के मिल रहे समर्थन व चल रहे धरना प्रदर्शन व ज्ञापनों के दौर के साथ-साथ अब क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों व नगरपालिका एवं पंचायत समिति की बैठकों में जिला बनाने के प्रस्ताव पास कर रिपोर्ट तैयार करने तथा 16 अप्रेल को मालपुरा में आयोजित महापंचायत के महापड़ाव को लेकर रणनीति व जनसम्पर्क किया जा रहा है।

# विराटनगर तहसील क्षेत्र को जयपुर जिले में ही रखने की मांग

**विराटनगर,** (निसं)। विराटनगर तहसील क्षेत्र को पूर्व की तरह जयपुर जिले में यथावत रखने की मांग को लेकर विराटनगर बचाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारियों सहित ग्रामीणों ने उपखंड कार्यालय के पास अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया।

संघर्ष समिति के लोगों ने बताया कि विराटनगर कुंडला क्षेत्र को नवगठित कोटपूतली बहरोड़ जिले में शामिल करना प्रस्तावित कर रखा है। सरकार का यह फैसला क्षेत्र की जनता के मानस के खिलाफ है। लोगों का कहना है कि पहले की तरह विराटनगर को जयपुर जिले में यथावत रखा जाए। जिसको लेकर संघर्ष समिति के लोगों ने धरना प्रदर्शन की स्वीकृति मांगी है और अब मांग को लेकर सोमवार से उपखंड कार्यालय के पास धरना प्रदर्शन पर बैठे।





विराटनगर बचाओं संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने धरना शुरू किया।

वहीं संघर्ष समिति के पदाधिकारियों सहित ग्रामीणों ने बताया कि सरकार द्वारा नवीन जिलों की घोषणा के तहत विराटनगर को कोटपूतली बहरोड जिले में जोड़ने के विरोध तथा जयपुर में यथावत रखने के समर्थन में पूर्व में भी विराटनगर, मेड, कुंडला पंचायत क्षेत्र के सैकडों लोगों ने विराटनगर एसडीओ बजरंग लाल स्वामी के नेतृत्व में जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भी ज्ञापन सौंपा गया था। जिस पर उनके द्वारा उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों सहित ग्रामीणों ने अवगत कराया कि काफी अर्से से विराटनगर स्वयं जिले की दौड़ में था। लेकिन मौजूदा विधायक के निजी स्वार्थों की अनुशंसा पर सरकार की अनदेखी तथा उपेक्षा के कारण विराटनगर, मेड, कुंडला की 32 पंचायतों को कोटपूतली बहरोड में जोड़कर क्षेत्र की जनता का अहित किया है। जिससे जनता में भयंकर आक्रोश है।

क्षेत्रवासियों की मांग है कि विराटनगर, मेंड, कूंडला क्षेत्र को यथावत जयपुर जिले में ही रखा जाए रखा जाए। जो भौगोलिक तथा प्रशासनिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सभी परिस्थितियों में अनुकूल एवं सुविधाओं से युक्त है। जब तक राज्य सरकार हमारी मांगे नहीं मान लेते तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा।

इस दौरान पूर्व विधायक डॉ. फूलचंद भिंडा, भाजपा नेता जगन चौधरी, वरिष्ठ कार्यकर्ता जगदीश यादव, भाजपा नेता पवन शर्मा जवानपुरा, भाजपा नेत्री रानी रत्नाकुमारी, नरेंद्र शर्मा, बीएल जाट, शिवदान फागणा, विकास शर्मा, सचिन वर्मा, भोमराज चेची, पूर्व सरपंच संतोष मोदी, प्रेम सैनी, रमेश यादव, रोमेश मिश्रा, शशि प्रकाश रांका, भागीरथ शर्मा, गणपत लाल शर्मा, नन्द किशोर छिपा, सुरेश बादलीवाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# टैंट हाउस के गोदाम में लगी आग, सात लाख रुपए का सामान जला

## फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने एक घंटे में आग पर पाया काबू



दमकलकर्मियों की मदद से आग पर काबू पाया।

**चौरु/उनियारा,** (निसं)। टोंक जिले के सोप कस्बे में रविवार रात को एक टेंट हाउस के गोदाम में भीषण आग लग गई। आग लगने से आसपास के इलाके में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। सूचना मिलने पर खातोली कल्पतरु बिजली प्लांट और उनियारा नगर पालिका से दमकल की 2 गाड़ियां मौके पर पहुंची और 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक आग से गोदाम में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

- **आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया, पड़ौसियों ने मालिक को दी सूचना**

सोप थाना अधिकारी नरेंद्र सिंह राजावत ने बताया कि कृषि मंडी के पास पचाला रास्ते पर स्थित मोहन लाल धाकड़ के मकान में आगे की ओर 3 दुकानें बनी हुई है। तीनों दुकानों को अलीगढ़ निवासी विमल जैन को किराए पर दे रखा है, जिसको टेंट हाउस का गोदाम बना रखा है, जिसमें करीब 6-7 लाख रुपए का सामान रखा था। रविवार रात को टेंट गोदाम में अचानक आग लग गई। अल सुबह करीब 5 बजे मकान मालिक और मॉर्निंग वॉक पर जाने वाले लोगों को धुंआ उठता नजर आया। इस पर टेंट हाउस के मालिक को सूचना दी। आधे घंटे बाद वह अलीगढ़ से सोप आया और पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

इस दौरान ग्रामीणों ने अपने स्तर पर टैंकर मंगवाकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। करीब 6 बजे 2 दमकल मौके पर पहुंची और करीब पौने एक घंटे में आग बुझाई, लेकिन तब तक टेंट, कुर्सी और अन्य सामान जलकर राख हो गया।

## ट्रक टक्कर में मां की मौत, पुत्र घायल

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के झालामंड चौराहा के समीप मोती मार्केट रोड पर सिटी बस से उतरी एक महिला को ट्रक चालक ने चपेट में ले लिया। हादसे में महिला की मौत हो गई। उसे लेने आया अधिवक्ता पुत्र भी घायल हो गया। अब कुड़ी थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। मामला 3 अप्रैल का है। कुड़ी थाने के एसआई चनणाराम ने बताया कि 3 अप्रैल को पड़ासला निवासी अचलाराम अपनी माता रामीदेवी को लेने के लिए झालामंड चौराहा के पास मोती मार्केट पर आया हुआ था। तब वह बाइक पर था। रामीदेवी सिटी बस से उतरी और पुत्र अचलाराम के बाइक के पास में पहुंची तब एक ट्रक चालक ने दोनों को चपेट में ले लिया।

# महात्मा फुले जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित

**जयपुर/बीकानेर,** (निसं)। राजस्थान में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती (11 अप्रैल) पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अवकाश के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। अभी तक फुले जयंती पर ऐच्छिक अवकाश दिया जा रहा था। गहलोत ने आमजन की भावना और जनप्रतिनिधियों की मांग को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है।

वहीं प्रदेशभर में महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती पर मंगलवार को अवकाश की घोषणा हो गई है, लेकिन राज्यभर में चल रही बोर्ड परीक्षाओं को लेकर असमंजस बरकरार है। शिक्षा विभाग ये तय नहीं कर पा रहा है कि मंगलवार को आठवीं बोर्ड की परीक्षा होगी या नहीं? उधर, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने तय कर लिया है कि मंगलवार को होने वाली परीक्षा अब गुरुवार को यानी 13 अप्रैल को पूर्व निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर ही सुबह साढ़े आठ बजे होगी।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने एक विज्ञप्ति जारी करके जानकारी दी है कि 11 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। ये विज्ञप्ति सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। उधर, राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं चल रही है। अनेक विषयों की परीक्षा भी मंगलवार को होनी है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर ने इन परीक्षाओं को आगे बढ़ा दिया है। इसी

- **अवकाश के कारण मा.शि.बोर्ड ने दसवीं व बारहवीं की परीक्षा तिथि में बदलाव किया**

आधार पर आठवीं बोर्ड की परीक्षा भी अगले दिनों में आयोजित करने का प्रस्ताव माध्यमिक शिक्षा निदेशक को भेजा गया है। कुछ देर में इस पर भी निर्णय हो जाएगा। वहीं पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षा की ओर से राज्यभर में करीब तेरह लाख स्टूडेंट्स आठवीं बोर्ड की परीक्षा दे रहे हैं।

शिक्षा विभागीय पंजीयक रामस्वरूप जांगिड़ ने बताया कि अब तक अवकाश को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। इस बारे में निदेशालय से मार्गदर्शन मांगा गया है। इसके बाद ही कल की परीक्षा पर निर्णय होगा। दरअसल, राज्य सरकार ने इससे पहले भी अवकाश घोषित कर चुकी है। 28 जनवरी को देवनारायण जयंती पर ऐच्छिक अवकाश को भी सार्वजनिक अवकाश घोषित किया था। अब राज्य में सार्वजनिक अवकाशों की संख्या बढ़ कर तीस हो गई है, जबकि ऐच्छिक अवकाश 20 हो गए हैं। आमतौर पर अवकाश होने पर परीक्षा को आगामी दिनों में शिफ्ट कर दिया जाता है।

# पुलिसकर्मी पर डम्पर चढ़ाने का प्रयास

**जोधपुर,** (कासं)। बनाड़ पुलिस थाने के सामने नाकाबंदी में अवैध बजरी से भरे डंपर चालक ने पुलिसकर्मी को कुचलने का प्रयास किया।

जानकारी के अनुसार बनाड़ पुलिस थाने के सामने नाकाबंदी की हुई थी। इसी दौरान वहां में अवैध बजरी से भरे डंपर का आना हुआ। नाके पर मौजूद सिपाही ने उसे रूकने का इशारा किया। मगर उसके चालक ने डंपर नहीं रोक कर पुलिस पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। साथ ही डंपर को भगा ले गया। आगे जाकर बीच रास्ते डंपर से बजरी को भी खाली कर दिया। पुलिस ने इस बारे में राजकार्य में बाधा डालने एवं हत्या प्रयास में केस दर्ज किया है। गमीमत रही कि कोई चोटिल नहीं हुआ। बनाड़ पुलिस ने डंपर मालिक का नाम ट्रेस किया मगर चालक कौन था इसका पता नहीं चला।

थानाधिकारी सीताराम खोजा ने बताया कि रात को थाने के सामने नाकाबंदी करवाई गई थी। वाहनों के चेकिंग के लिए चेतक के हैड कांस्टेबल जेठानाथ तैनात थे। तब एक अवैध बजरी का डंपर तेज गति से आने पर उसे रूकने का इशारा किया गया। मगर उसका चालक पुलिस को देखकर गाड़ी को तेज करने के साथ नाकाबंदी में तैनात जेठानाथ पर डंपर चढ़ाने का प्रयास किया और डंपर को भगा ले गया। बाद में उसका पीछा किए जाने पर अवैध बजरी को खाली कर दिया। थानाधिकारी खोजा ने बताया कि डंपर चालक कौन था इसका पता नहीं चला। मगर उसका मालिक कापरड़ा का सहीराम विश्रोई है।

# पीटीईटी आवेदन की तिथि बढ़ाई

**बीकानेर,** (निसं)। प्रदेश में दो वर्षीय बीएड. एवं चार वर्षीय इन्टीग्रेटेड बीए/बीएड एवं बी.एससी./ बीएड में प्रवेश के लिये राज्य स्तरीय परीक्षा इस बार 21 मई को आयोजित होगी। उलेखनीय है कि इस बार गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय बांसवाड़ा को पीटीईटी परीक्षा आयोजित करने का जिम्मा दिया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आई.वी. त्रिवेदी ने बताया विभिन्न जिलों के समन्वयक नियुक्त कर दिये गये हैं। डूंगर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नरेन्द्रनाथ ने बताया कि परीक्षा हेतु बीकानेर में प्राचार्य, डूंगर महाविद्यालय को समन्वयक बनाया गया है। डॉ. नाथ ने बताया कि ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 अप्रेल रखी गयी है। फॉर्म भरने हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाईट के होम पेज पर पीटीईटी विंडो की सहायता ली जा सकती है।

# आर्मी के जवान ने खुद को गोली मारी, मौत

**बीकानेर,** (निसं)। हथियार रखने के डिपो पर तैनात आर्मी के जवान ने सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। साथी जवान उसे पीबीएम अस्पताल भी लेकर पहुंचे। इससे पहले ही उसकी जान जा चुकी थी। घटना कैंट एरिया की है। जानकारी मिलने पर बीछवाल पुलिस मौके पर पहुंच गई है।

- **बीकानेर कैंटोंमेंट के हथियार डिपो में दे रहा था ड्यूटी, सर्विस राइफल से किया सुसाइड**

सुसाइड करने वाले जवान का नाम लक्ष्मण सिंह है। वह उत्तराखंड में पौड़ी गढ़वाल का रहना वाला था। वो बीछवाल इलाके के कैंट एरिया में हथियार रखने के डिपो (आयुध डिपो) पर तैनात था। शुरुआती जांच में सामने आया कि जवान तनाव में था। सुबह करीब 4 बजे लक्ष्मण सिंह ने ड्यूटी के दौरान ही खुद को गोली मार ली। गोली चलने की आवाज सुनने के बाद साथी जवान दौड़कर उसके पास पहुंचे। बीछवाल थानाधिकारी महेंद्र दत्त ने बताया कि सुसाइड के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। किसी तरह का सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। पुलिस जांच कर रही है। लक्ष्मण सिंह बीकानेर में अकेला रहता था। सेना की ओर से परिजनों को सूचना दे दी गई है। परिवार वाले बीकानेर के लिए रवाना हो गए हैं। जवान ने अपनी ठोडी के नीचे से गोली मारी। जो सिर से होते हुए बाहर निकल गई।

# दुष्कर्म के बाद बालिका की हत्या के आरोपियों को फांसी देने की मांग

## दुष्कर्म के बाद बालिका के दस टुकड़े करके फेंकने का मामला

**आसीन्द,** (निसं)। राजस्थान भील समाज विकास समिति जिला शाखा भीलवाड़ा एवं राजस्थान भील सेना सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने आदिवासी भील समाज की 8 वर्षीय बालिका के हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष के नाम जिला कलेक्टर भीलवाड़ा सोमवार को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि जिला उदयपुर की आदिवासी भील समाज की 8 वर्षीय बालिका के साथ राजपूत समाज के आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति कमलेश सिंह राजपूत पिता रामसिंह सोची समझी साजिश के तहत अबोध बालिका को बहला-फुसलाकर उसके घर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म कर दुष्कर्मी हत्यारे ने बेरहमी से अमानवीय तरीके से हत्या कर घर के अंदर ही रखा। हत्या के बाद में भी बलात्कार किया गया। इसमें उसके परिवार ने हत्यारे का सहयोग किया तथा बाद में मृत शरीर के 10 टुकड़े कर थैले में बंद करके खंडहर में फेंक दिया था। जघन्य अपराध करने में हत्यारे के माता-पिता ने हत्या के साक्ष्य मिटाने में आरोपी का साथ दिया। इस प्रकार की घटना मानवता को शर्मसार करती है।

आदिवासी भील समाज इस घटना की घोर निंदा करती है। ज्ञापन में मांग की कि भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से निवेदन है कि आरोपियों को अति शीघ्र फांसी देकर न्याय हेतु हत्या प्रकरण फास्ट ट्रैक कोर्ट में दर्ज करा कर जल्दी से जल्दी बलात्कारी को फांसी की सजा का प्रावधान करवाया जावे, आरोपी के माता पिता को उम्र कैद की सजा दी जावे, पीड़ित परिवार को 50 लाख

- **राजस्थान भील समाज विकास समिति जिला शाखा भीलवाड़ा एवं राज. भील सेना सहित विभिन्न संगठनों ने कलेक्टर को ज्ञापन दिया**

रूपए की आर्थिक सहायता दी जावे, पीड़ित परिवार में किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जावे एवं आए दिन देश प्रदेश के अंदर शोषित वंचित एवं महिला वर्ग के साथ अपराध की घटनाएं बढ़ती जा रही है। जिस पर तुरंत कानूनी कार्रवाई की जावे। इस प्रकार आदिवासी भील समाज की 8 वर्षीय बालिका के हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग को लेकर भीलवाड़ा, सहाड़ा, रायपुर, करेड़ा, बनेड़ा, फुलियाकलां, बिजौलियां, जहाजपुर, आसींद, बदनोर सहित जिले के सभी उपखण्ड मुख्यालयों, तहसील मुख्यालयों पर ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर नारायण लाल भील जिलाध्यक्ष भीलवाड़ा, जिला महामंत्री सांवरलाल भील, आरक्षण संघर्ष समिति तहसील अध्यक्ष बनेड़ा ईश्वर लाल भील, नानूराम भील, हुरड़ा तहसील अध्यक्ष गोपाल लाल भील, तहसील सचिव कैलाश चंद्र भील, एडवोकेट माधु लाल भील, भेरू लाल भील, हरिराम भील, गणेश लाल भील, कालूराम भील सहित भीलवाड़ा जिले के सभी तहसीलों के पदाधिकारी एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## छप्पर में लगी आग, चारा व पाइप जले

**अलवर,** (निसं)। अलवर शहर के पास चिकानी गांव में राधा स्वामी सत्संग भवन के पीछे सोमवार दोपहर को कच्चे छप्पर में आग लग गई। आग से तूडी (चारा), प्लास्टिक के पाइप सहित काफी सामान जल गया। आसपास के लोगों ने बुझाने का प्रयास किया। तब तक आग विकराल हो चुकी थी।

आखिर में दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। तब तक ज्यादातर सामान जल चुका था। छप्पर मालिक रशीद ने बताया कि दोपहर करीब 12 बजे कचरे में आग लगी थी। वहीं पास में छप्पर था। इस कारण चिंकारी से आग छप्पर में लग गई। कुछ ही मिनट में आग अंदर रखे प्लास्टिक के पाइप व अन्य सामान को पकड गई। आसपास के लोगों ने बुझाने का प्रयास किया। लेकिन प्लास्टिक के पाइप व अन्य खेती बाडी के सामान में आग विकराल हो गई।

कुछ देर बाद पहुंची दमकल की टीमों ने आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक ज्यादातर सामान जल चुका था। रशीद ने बताया कि करीब 40 प्लास्टिक के पाइप थे। कुछ खेती का सामान था। पशुओं की तूडी सहित अन्य सामान जल गया। आग आसपस के कचरे के कारण लगी। कचरे में कुछ कांटे थे। इस कारण बच्चों ने उसे जला दिया। उसी में से कोई चिंगारी छप्पर तक पहुंच गई।

# चोरी के प्रकरणों में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा,** (निसं)। ज़िले की गंगापुर थाना पुलिस ने डम्पर एवं ट्रेक्टर चोरी के प्रकरणों में वांछित एक और आरोपी को गंगापुर पुलिस ने गिरफ्तार किया। गंगापुर थाना प्रभारी नरेंद्र जैन ने बताया कि भीलवाड़ा, उदयपुर, राजसमंद, चितौडगढ़, बूंदी एवं कोटा की 20 से अधिक वाहन चोरी की वारदातों में शामिल आरोपी सिकंदर पिता अलादीन मुसलमान उम्र 28 वर्ष निवासी मेघराज थाना बनेड़ा को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त चोरी के 25 मामलों में वांछित व मांडल थाने के हिस्ट्रीशीटर नानालाल पिता लालाराम तेली निवासी नीम खेडा थाना माण्डल का सहयोगी है। आरोपी ने मुख्य सरगना नानालाल तेली के साथ मिलकर भीलवाडा, उदयपुर, राजसमंद, चितौडगढ़, बूंदी एवं कोटा क्षेत्र में 20 से अधिक वाहन चोरी की वारदात करने में सहयोग दिया। आदर्श सिद्धू जिला पुलिस अधीक्षक भीलवाडा के जिले में हो रही वाहन चोरियों पर लगाम लगाने के लिए, गोवर्धन लाल अति. पुलिस अधीक्षक सहाड़ा व गोपी चन्द मीणा वृताधिकारी वृत गंगापुर के नेतृत्व में जिला सायबर सैल के साथ एक विशेष पुलिस टीम का गठन कर आरोपी को तकनीकि

- **पकड़ा गया आरोपी चोरी के 25 मामलों में वांछित था**

आधार पर जानकारी जुटाई जाकर उसके शरण वाले ठिकानों पर दबिश देकर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। आरोपी के टीम के मुख्य सरगना से पुलिस ने पूर्व में ट्रैक्टर मोटरसाइकिल ट्रैक्टर ट्रॉली अन्य वाहन जप्त किए थे।

पुलिस आरोपी सिकंदर से गंगापुर थाना क्षेत्र सहित भीलवाड़ा जिले अन्य जिलों में की गई चोरी की वारदातों के बारे में पूछताछ कर चोरी की वारदातों को का खुलासा करने का प्रयास कर रही है। गंगापुर पुलिस थाने की गठित टीम में नरेंद्र जैन थानाधिकारी थाना गंगापुर, नारायण सिहं थाना गंगापुर, जेठ मल एएसआई थाना गंगापुर, निरंजन कानि. थाना गंगापुर, रवि कुमार कानि. थाना गंगापुर संजय कानि. थाना गंगापुर टीम ने आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की।

## गांजा ले जा रहा युवक गिरफ्तार

**भीलवाड़ा,** (निसं)। ज़िले के गंगापुर कस्बे के उडिया तालाब के निकट गांजे की थैली लेकर जा रहे युवक को गंगापुर पुलिस ने किया गिरफ्तार। गांजे की थैली बरामद की है। गंगापुर थाना प्रभारी नरेंद्र जैन ने बताया कि कस्बे के उडिया तालाब के निकट गांजा लेकर जा रहे हैं युवक धीरज सोनी पिता गोविंद सोनी निवासी कुंड चौक गंगापुर को गिरफ्तार किया। युवक के पास से पुलिस ने एक प्लास्टिक की थैली में गांजा भरा हुआ था बरामद किया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

**आम सूचना** दिनांक 10.04.2023
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमति राधा तिवाडी पत्नी श्री अरूण व्यास के द्वारा प्लाट नम्बर 2756 सचिवालय नगर वाटिका रोड, टोंक रोड, तहसील सांगानेर जयपुर को दिनांक 3 अक्टूबर 2022 को मीरा गुप्ता पत्नी सुधाकर गुप्ता से विक्रय इकरानामा किया है उक्त प्लाट के मूल अधिकार पत्र, साईट प्लान, कब्जा पत्र (मुहान गृह निर्माण सहकारी समिति लि. रजिस्ट्रेशन नम्बर 2638/एल) एवं राजीव जैन के पक्ष में किया इकरानामा, मुख्यारनामा व वसीयत उक्त असल दस्सतावेज खो गये है जिसकी रिपोर्ट थाना सागनेर सदर जयपुर दक्षिण में दिनांक 24.1.2023 को दर्ज है उक्त दस्तावेज किसी को मिले तो मेरे अभिभाष्य को सभला दे यदि उक्त दस्तावेजो का कोई व्यक्ति दुरूप्योग करेगा तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। यदि किसी व्यक्ति संस्था व बैंक आदि को कोई आपत्ति हे तो मुझे 7 दिवस के भीतर सूचित करे अन्यथा 7 दिवस वाद कोई आपत्ति स्वीकार नही होगी।
नोट: दिनांक 9.4.2023 के छपे विज्ञापन में गलती से दिनांक 9.10.2023 अंकित हो गई है अतः इसे सही दिनांक 9.4.2023 पढा जाये।
Megh Raj Singh (Advocate)
(Raj. High court, Jaipur) 9414774993

# तीन महिलाओं समेत 4 ड्रग्स तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़े

## जवाहर नगर, शिवदासपुरा और ट्रांसपोर्ट नगर में पुलिस टीम ने छापा मारा

**जयपुर** (कासं)। कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने जवाहर नगर, शिवदासपुरा एवं ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में कार्रवाई कर ड्रग्स तस्करों पर शिकंजा कसा है। पुलिस टीम ने तीन महिलाओं सहित चार जनों को गिरफ्तार किया है। वहीं, तस्करों के कब्जे से 7.05 ग्राम स्मैक, 905 ग्राम गांजा एवं 1 लाख रूपए बिक्री राशि जब्त की है।


एडिशनल कमिश्नर कैलाश चन्द विश्नोई

■ **आरोपियों के कब्जे से 7 ग्राम स्मैक, 905 ग्राम गांजा व एक लाख रु. बरामद**


रंजनी सांसी


ममता सांसी


रवीना मालावत


मोनू सांसी

ने बताया आरोपित मोनू सांसी (24) निवासी कच्ची बस्ती जवाहर नगर, ममता सांसी (20) निवासी टीला नम्बर दो कच्ची बस्ती जवाहर नगर, रवीना मालावत (24) निवासी मेहंदवास हाल झुग्गी झोपड़ी गोनेर फाटक शिवदासपुरा और रंजनी सांसी (25) निवासी सरुण्ड हाल ट्रांसपोट नगर जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 7.05 ग्राम स्मैक, 905 ग्राम गांजा एवं 1 लाख रूपए बिक्री राशि बरामद की है।

डीसीपी (क्राइम) ज्येष्ठा मैत्रयी ने बताया कि आरोपित रवीना मालावत स्मैक एवं गांजा की छोटी-छोटी पुडिया बनाकर शहर के गली-मोहल्लों में रहने वाले युवा वर्ग एवं मजदूर वर्ग को बेचती है। फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# भूमि अवाप्ति के विरोध में जे.डी.ए. मुख्यालय पहुंचे सैकड़ों किसान

**जयपुर** (कासं)। खातीपुरा से बस्सी तक निकाले जा रहे लिंक रोड का स्थानीय किसानों ने विरोध शुरू कर दिया है। किसानों में अधिक जमीन अवाप्ति को लेकर रोष है, इसे लेकर किसान एकजुट होकर सोमवार को जेडीए पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान किसानों ने जेडीए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। इसके बाद अफसर को ज्ञापन सौंपा। खातीपुरा बस्सी लिंक रोड संघर्ष समिति के संयोजक राजेन्द्र शर्मा का कहना है कि नेताओं के मिलने वालों को फायदा पहुंचाने के लिए जेडीए योजना लेकर आया है। खातीपुरा से बस्सी तक जेडीए

■ **खातीपुरा से बस्सी तक निकाले जा रहे लिंक रोड का विरोध**

100 फीट चौड़ी सड़क बना रहा है, जबकि 600 फीट तक जमीन अवाप्त की जा रही है। इससे कई काश्तगारों की पूरी जमीन ही जा रही है। जबकि जेडीए अभी कोई मुआवजा नहीं दे रहा है।

कन्हैयालाल शर्मा का कहना है कि जेडीए जमीन अवाप्ति के बदले 50 फीसदी फार्म हाउस की जगह देने की बात कह रहा है, लेकिन यह जमीन कब मिलेगी, इसके बारे में कोई जवाब नहीं दिया जा रहा है। इसके बाद किसान जिला कलेक्ट्रेट भी पहुंचे और अधिक जमीन अवाप्ति को लेकर जिला कलेक्टर के सामने आपत्ति दर्ज करवाई और उन्हें ज्ञापन भी सौंपा।

इस दौरान अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा के महामंत्री सीताराम अलियाबाद, कोषाध्यक्ष शंभूलाल कुईवाला, युवा अध्यक्ष रमेश मावावाला, किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष बद्री नारायण बेरोज्या, रामस्वरुप पंचौली, राजेन्द्र बेरोज्या, रूपचंद सैनी, शंकर लाल शर्मा, सी.पी. बेरोज्या, राजू लाल, मूलचंद, पप्पू लाल, जगदीश पंचौली आदि मौजूद रहे।

## खराब स्ट्रीट लाइट्स को लेकर पार्षदों में नाराजगी

**जयपुर** (कासं)। ग्रेटर नगर निगम के झोटवाड़ा, मुरलीपुरा और विद्याधर नगर जोन में रोड लाइट्स बंद पड़ी है। नगर निगम को लगातार शिकायतें करने के बाद भी जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो पार्षदों ने सोमवार को पहले महापौर सौम्या गुर्जर को ज्ञापन सौंपा, फिर कमिश्नर महेंद्र सोनी के समक्ष अपनी बात रखी। दरअसल इन जोन के कई क्षेत्रों में बिल जमा नहीं होने की बात कहकर बिजली महकमे ने रोड लाइट्स का कनेक्शन काट दिया है। इस वजह से यहां अंधेरा छाया हुआ है। विद्युत समिति चेयरमैन रश्मि सैनी के नेतृत्व में पार्षद कमिश्नर के पास पहुंचे। कमिश्नर उन्हें समस्या से अवगत कराया और जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद पार्षद वहां से रवाना हुए। इससे पहले पार्षदों ने महापौर के समक्ष अपनी बात रखी। सैनी ने बताया कि वार्डों में अंधेरा छाया हुआ है। रोड लाइट्स बंद होने की वजह से दुर्घटना और चोरी होने की पूरी संभावना है। कमिश्नर को समस्या से अवगत कराया है। उन्होंने जल्द से जल्द समस्या क समाधान का आश्वासन दिया है। अगर हमारी सुनवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

## संक्षिप्त

### सड़क निर्माण का कार्य शुभारंभ

**जयपुर**। राजस्थान समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष डॉ.अर्चना शर्मा ने रविवार को स्वेज फार्म क्षेत्र की सड़कों के नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ किया। यह सड़के मंगर विहार कॉलोनी, रामदास कॉलोनी, स्वेज फार्म रामनगर एफ की गलियां, गणेश नगर, भगवान विहार जैतपुरी की सड़क और सुंदर विहार एबी की हैं। डॉ.अर्चना शर्मा ने क्षेत्रवासियों की बड़ी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यद्यपि वह नगरीय विकास कार्यों से सीधी जुडी हुई नहीं है किन्तु सेवा भाव से जनहित के कार्य करने के लिए सदैव तत्पर रहती है। रामनगर एफ विकास समिति के अध्यक्ष देवीसिंह नरुका ने बताया कि इन सडकों के नवीनीकरण से क्षेत्रवासियों की बहुत समय से की जा रही मांग की पूर्ति होगी। इस अवसर पर पार्षद चांद सैनी और क्षेत्रवासियों ने अर्चना शर्मा का अभिनंदन किया और विकास कार्यों में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

### पूरक परीक्षा का परिणाम जारी

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान नर्सिंग कौंसिल जयपुर के रजिस्ट्रार डॉ. शशिकान्त शर्मा ने बताया कि फरवरी-2023 में आयोजित जी.एन.एम. तृतीय वर्ष पूरक परीक्षा (3 वर्षीय पाठ्यक्रम) का परिणाम जारी कर दिया गया है। यह परिणाम राजस्थान नर्सिंग कौंसिल जयपुर की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

### सांगानेर में युवती से गैंगरेप

**जयपुर** (कासं)। सांगानेर सदर थाना क्षेत्र में एक युवती से गैंगरेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी 20 वर्षीया युवती ने रिपोर्ट दी है। आरोप है 17 मार्च को परिचित विनोद और उसका दोस्त घर आए थे। इस दौरान दोनों ने बारी बारी से उसके साथ गैंगरेप किया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### अवैध हथियारों के साथ दो गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने प्रताप नगर इलाके में कार्रवाई करते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से असलहा जब्त किया है। पुलिस के अनुसार आरोपित वाफिद खान (23) निवासी निवाई और इसके साथी आमिर मेव (23) निवासी टोंक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को मुखबिर की सूचना पर हल्दीघाटी मार्ग से वारदात की फ़िराक में घूमते हुए गिरफ्तार कर कब्जे से एक देशी कट्टा, दो कारतूस जब्त किए गए हैं।

### क्रिकेट लीग में 'जैन रॉयल्स' विजेता

**जयपुर**। जैन नवयुवक मंडल, मानसरोवर की ओर से एक दिवसीय रात्रिकालीन जैनम क्रिकेट लीग-2023 का आयोजन प्ले स्पेस न्यू सांगानेर रोड, मानसरोवर में शनिवार को किया गया। जैनम क्रिकेट लीग में जैन युवकों ने अपना भरपूर जोश दिखाया। चार टीमों के बीच सम्पन्न हुए इस मैच में जैन रॉयल्स विजेता रही। इस क्रिकेट लीग का उद्देश्य युवाओं को समाज के मंच पर एकत्रित करना था। विजेता टीम को ट्रॉफी दी गई एवं सभी खिलाडियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

## पं. नेहरू के विचारों को रफ्तार देने में बाल अकादमी अग्रणी बनी : बोराणा

**जयपुर**। पंडित जवाहरलाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी के कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए राज्य मंत्री एवं उपाध्यक्ष मेला विकास प्राधिकरण रमेश बोराणा ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य के बालकों के विकास के लिए बाल विकास के लिए जो बाल साहित्य अकादमी बनाई है उसने अल्प समय में ही पूरे देश भर में अपनी पहचान बना ली है।

आज अकादमी संकुल में अकादमी के कार्यालय का परिसर अकादमी अध्यक्ष इकराम राजस्थानी को सौंपते हुए बोराणा ने इकराम राजस्थानी का माला पहनाकर भव्य स्वागत किया और उन्हें उनकी कुर्सी पर ले जाकर बिठाया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री के विशेषाधिकारी और प्रतिष्ठित साहित्यकार फारूक आफरीदी ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी ने पिछले दिनों 60 पुस्तकों का एक साथ लोकार्पण करवा कर एक कीर्तिमान बनाया है। आने वाले कुछ ही समय में अकादमी विद्यालय स्तर पर बालकों के लिए स्तरीय पुस्तकें पहुंचाने में भी अपना योगदान देने वाली है। इस अवसर पर उर्दू अकादमी के अध्यक्ष डॉक्टर हुसैन रजा खान, संस्कृत अकादमी की अध्यक्ष सरोज कोचर संस्कृति संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष बीना मालू एवं ब्रजभाषा अकादमी के सचिव डॉक्टर गोपाल गुप्ता संस्कृत अकादमी के निदेशक संजय झाला ललित कला अकादमी के सचिव डॉ. रजनीश हर्ष तथा सिंधी अकादमी के सचिव योगेंद्र गुरनानी सहित बड़ी संख्या में साहित्यकार और कला प्रेमी मौजूद थे। सिंधी अकादमी के सचिव योगेंद्र गुरनानी इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत किया।

## 'शिक्षा में संस्कृत को महत्व मिले'

**जयपुर**, (का.सं.)। यदि हमें नई पीढ़ी को अच्छे नैतिक मूल्य प्रदान करना है तो हमें शिक्षा में संस्कृत-शिक्षण को पर्याप्त महत्त्व देना होगा। यह विचार मारीशस देश के स्कूल ऑफ इण्डोलॉजिकल स्टडीज महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट की संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. कीर्तिदेवी रामजतन ने केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के जयपुर परिसर में अन्तर्राष्ट्रीय विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि संस्कृत वाङ्मय में जो उदात्त नैतिक मूल्य कहे गये हैं उनके शिक्षा में सन्निवेश से हम आतंकवाद, पर्यावरण-प्रदूषण, समाज में नैतिक मूल्यों का अभाव, वर्ग-जाति पर मतभेद जैसी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं।

## विभागीय व्हाट्स एप चैट 'बोट' की हैल्पलाइन शुरू

**जयपुर** (कासं)। सामाजिक न्याय एवम अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने एम-गवर्नेंस के क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग कर तकनीकी नवाचार करते हुए विभागीय योजनाओं से संबंधित लाभार्थियों को व्हाट्सएप्प के माध्यम से जानकारी एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने हेतु व्हाट्सएप्प चैटबॉट का आज सोमवार को वर्चुअल शुभारंभ किया।

उन्होंने बताया कि व्हाट्सएप्प चैटबॉट के माध्यम से प्रारंभिक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएँ, छात्रवृत्ति योजनाएं पालनहार, मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना तथा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना योजनाओं से संबंधित सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही है।

विभागीय फ्लैगशिप योजनाओं से संबंधित लाभ प्राप्त करने हेतु लाभार्थियों द्वारा ई-मित्र के माध्यम से आवेदन करने पर आवेदक द्वारा शुल्क वहन किया जाता है। व्हाट्सएप्प चैटबॉट के माध्यम से संबंधित आवेदक द्वारा उपलब्ध लिंक पर आवेदन संबंधित कार्यवाही करते हुए सुलभता एवं सहजता के साथ समय एवं राशि दोनों की बचत की जा सकती है।

# धातु की मूर्तियों को नेता प्रतिपक्ष राठौड़ ने निहारा

## जयपुर में बन रही है 30 फीट ऊंची छत्रपति शिवाजी की मूर्ति

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में पहली बार धातु की मूर्तियों पर सात दिवसीय नेशनल सिम्पोजियम का आगाज वीकेआई स्थित वर्क्स फॉर आर्टिस्ट फाउंडरी में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने फीता काटकर किया।

सिम्पोजियम के संयोजक व विश्व प्रसिद्ध आर्टिस्ट राजकुमार पंडित ने बताया कि इसमें देश के प्रसिद्ध आठ आर्टिस्ट जम्मू-कश्मीर से पदमश्री राजेंद्र टिकु, वीर मनुश्री, गुजरात से हिम्मत शाह, कर्नाटक से जी.आर इराना व अरूण कुमार एचजी, ऑडिशा से जगननाथ पंडा, मंगलुरू से मंजूनाथ कामथ, नईदिल्ली से पूजा इराना शामिल हुए हैं। ये सभी आर्टिस्ट 16 अप्रैल तक अपनी पसंद की मूर्तियों का डेमो तैयार करेंगे, जिन्हें बाद में वर्क्स फॉर आर्टिस्ट फाउंडरी के आर्टिस्ट द्वारा मेटल (धातु) से बनाकर यहां रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्क्स फॉर आर्टिस्ट फाउंडरी में आर्टिस्ट की चुनिंदा मूर्तियों को आमजन के लिए रखा जाएगा। इसका उदेश्य देश-विदेश में आर्ट एंड कल्चर से जुड़े स्टूडेंट्स को मोटिवेट करना है। साथ ही फाउंडरी में जाने-माने आर्टिस्ट के सहयोग से समय-समय पर सिम्पोजियम आयोजित कर


**धातु की मूर्तियों पर सात दिवसीय नेशनल सिम्पोजियम का आगाज सोमवार को वीकेआई स्थित वर्क्स फॉर आर्टिस्ट फाउंडरी मं नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने किया।**

स्टूडेंटस को नि:शुल्क प्रशिक्षित करके उन्हें इस कला में पारंगत करना मुख्य ध्येय है।

इस दौरान मुख्य अतिथि राजेंद्र सिंह राठौड़ ने राजकुमार पंडित के सौजन्य में हो रही सिम्पोजियम के प्रतिभागियों का अभिनंदन करते हुए उनके कार्यों की प्रशंसा की। राठौड़ ने राजकुमार पंडित के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि राजस्थान को यह एक नायाब हीरा मिला है, जिसने देश-विदेश में प्रदेश को गौरवांन्वित किया है।

राजकुमार पंडित व गणेश के नेतृत्व में घोड़े पर विराजमान छत्रपति शिवाजी की धातु से निर्मित देश की सबसे बड़ी प्रतिमा जयपुर में बनाई जा रही है। राजकुमार पंडित ने बताया कि 30 फीट ऊंची यह मूर्ति पिछले करीब एक साल से बनाई जा रही है, जिसका कार्य जून-2023 तक पूरा हो जाएगा। इस मूर्ति के निर्माण में 25 आर्टिस्ट दिन-रात लगे हुए हैं। यह मूर्ति मुंबई में स्थापित की जाएगी।

आपको बता दें धातु से मूर्ति का निर्माण करने वाले आर्टिस्ट व जयपुर निवासी राजकुमार पंडित द्वारा राजधानी जयपुर में पिकॉक गार्डन, सवाई मान सिंह स्टेडियम के सामने अर्जुन की प्रतिमा, सिटी पार्क, मानसरोवर जयपुर, राजस्थान विधानसभा भवन में अशोक स्तंभ, शासन सचिवालय, जयपुर में महात्मा गांधी की प्रतिमा, कोटा के रीवर फ्रंट पर पंडित नेहरू, कोटा में ही राजीव गांधी की 25 फीट ऊंची प्रतिमा, अजमेर व कोटा के सेवर वंडर पार्क में मेटल की मूर्तियां, उदयपुर में राणा प्रताप की मूर्ति, लखनऊ में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 25 फीट की मूर्ति, महाराष्ट्र सहित देश के अनेक राज्यों में विश्व प्रसिद्ध मेटल से मूर्तियां निर्मित की हैं। इसके अलावा राजकुमार पंडित द्वारा निर्मित धातु की मूर्तियां अमेरिका, यूएई, सिंगापुर, बैल्जियम, चीन, पैरू व सूडान में लगाई गई हैं।

आपकी इस कला के बदौलत राजकुमार पंडित को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, शिवराज सिंह चौहान, अशोक गहलोत व वसुंधरा राजे सहित अनेक दिग्गजों ने सम्मानित किया है।

## पुस्तकालयाध्यक्षों के लिए 'ओपन डिस्कशन' सैशन



**जयपुर** (कासं)। जगतपुरा स्थित स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोत्थान में राजस्थान टेक्निकल लाइब्रेरी एसोसिएशन के सहयोग से पुस्तकालयाध्यक्षों के लिए एक दिवसीय ओपन डिस्कशन सेशन का आयोजन हुआ, जिसमें देश के विभिन संस्थानों के 30 पुस्तकालयाध्यक्षों ने भाग लिया।

बताया जा रहा है कि इस सैशन में वर्तमान परिपेक्ष्य में पुस्तकालयों की चुनौतियों और इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी का अधिकतम उपयोग कैसे किया जाये इसके बारे में पुस्तकालयाध्यक्षों ने अपने विचार रखे। आर.टी.एल.ए के चीफ पैट्रन डॉ.राजकुमार भाकर और प्रेजिडेंट कुमार अब्बास ने बताया कि इस सेशन में पुस्तकालयों के ऑटोमेशन के लिए हैंड्स ऑन ट्रेनिंग वर्कशॉप आयोजित करने का प्रस्ताव पास किया और इस सैशन में आर.टी.एल. ए. की विभिन्न कमेटियों के कोऑर्डिनेटर्स ने अपनी रिपोर्ट्स पेश की।

एसकेआईटी के पुस्तकालय अध्यक्ष डी.आर. भींचर ने बताया की सभी प्रतिभागियों ने एस. के. आई. टी. पुस्तकालय का दौरा किया और विभिन रिसोर्सेज और फैसिलिटीज का जायजा लिया।

## फर्जी एटीएम कार्ड से हर दिन 10-12 लाख रु. निकालने वाले बदमाश पकड़े

**जयपुर** (कासं)। जवाहर सर्किल पुलिस ने फर्जी तरीके से एटीएम कार्ड तैयार कर हर दिन आमजन के बैंक खातों से 10 से 12 लाख रुपये हड़पने वाले तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मालवीय नगर में रहने वाले अमर सिंह तथा जवाहर सर्किल क्षेत्र में रहने वाले महेन्द्र सिंह और रामलखन को गिरफ्तार किया है। इनमें अमर सिंह मूलत: अलवर का रहने वाला है, जबकि महेन्द्र व रामलखन भरतपुर के निवासी है। यह बदमाश साइबर ठगों के संपर्क में थे। लोगों के चुराए हुए एटीएम कार्ड से फर्जी बैंक खाते खुलवाकर उनमें साइबर ठगी के करोड़ों रुपये डालते थे और फिर एटीएम से निकालते थे। अपना हिस्सा रखकर शेष राशि मेवात गैंग को भेज देते थे।

## तीर्थंकर महावीर प्रतियोगिता का परिणाम जारी

**जयपुर** (कासं)। जैन बैंकर्स फोरम, जयपुर के अध्यक्ष भागचंद जैन एवं कार्यध्यक्ष पदम बिलाला ने अवगत कराया कि 2 अप्रैल को दुर्गापुरा जैन मंदिर में 55 बच्चों के मध्य भाषण प्रतियोगिता के बाद नई पीढ़ी जैन धर्म के बारे में जाने, तीर्थंकर भगवान महावीर के सिद्धांतों को समझे, पालन करे इसी भावना को दृष्टिगत रखते हुए भगवान महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर 4 अप्रैल को डिजिटल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में तीर्थंकर महावीर पर 45 प्रश्न एवं आचार्य ज्ञान सागर महाराज पर 5 प्रश्न पूछे गए थे। यह प्रतियोगिता एक शॉर्ट नोटिस पर आयोजित होने के उपरांत भी 100 से अधिक प्रतिभागियों ने इसमें भाग लिया। सवाई माधोपुर, धौलपुर, मुगावली, मुंबई, विजयनगर, उदयपुर, इचलकरंजी, गुरुग्राम, झांसी, भीलवाड़ा, गाजियाबाद, ललितपुर एवं जयपुर के विभिन्न क्षेत्र से प्रतिभागियों ने रुचि दिखाई।



प्रतियोगिता में मुंबई से श्रेयांसी जैन एवं प्रियंका जैन का संचालन में सहयोग प्राप्त हुआ एवं अल्प समय में ही ऑनलाइन प्रतियोगिता संपन्न करवाई गई एवं परिणाम घोषित करवाया। प्रतियोगिता में, मनीषा जैन, मानविक जैन, सुनीला जैन, सुभिका जैन, प्रियांसु जैन, पंकज जैन ने संयुक्त रूप से प्रथम, प्रज्ञा जैन को द्वितीय, प्रियंका जैन जयपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं जितेंद्र कुमार जैन को सांत्वना पुरस्कार हेतु चयनित किया गया।

## सार-समाचार

### अजय शुक्ला पुनः अध्यक्ष बने



**जयपुर** (कासं)। पत्रकार कॉलोनी विकास समिति, मानसरोवर के चुनाव में अजय शुक्ला अध्यक्ष, डॉ. भरत चौधरी महासचिव और कोषाध्यक्ष पद पर मुकेश अग्रवाल निर्विरोध निर्वाचित हुए। शुक्ला को सर्वसम्मति से पुनः अध्यक्ष बनाया गया। इसी प्रकार अरूण शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, गोकुल चंद सैनी, धीरज मिश्रा उपाध्यक्ष, रवि चौधरी संयुक्त सचिव, मनीष मंगल व डॉ अनुराग सक्सेना सचिव और डॉ. महेश गुप्ता मीडिया संयोजक नियुक्त किए गए। कार्यकारिणी की मीटिंग में निर्णय लिया गया कि जल्द से जल्द सीवरेज लाइन और कालोनी की समस्याओं का समाधान करवाया जाएगा। इस अवसर पर अजय शर्मा, डॉ. अखिलेश जैन, महेश शर्मा सहित सैकड़ों नागरिक उपस्थित थे। अंत में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को कालोनीवासियों की ओर से शुभकामनाएं दीं गई।

### टेनिस लीग के खिलाड़ियों की नीलामी

**जयपुर** (कासं)। डॉक्टर्स प्रीमियर टेनिस लीग के तृतीय संस्करण में खिलाड़ियों का ऑक्शन (नीलामी) संपन्न हो गया है। प्रतियोगिता के पेट्रोन डॉ. संदीप निझावन ने बताया कि जूनियर वर्ग में सबसे अधिक बोली आइकन कैटेगरी में यश छाबड़ा को 15 लाख प्वाइंट में फोर.डी. डाइग्नोसटिक्स, प्रीमियम कैटेगरी में मानस, प्लेटिनम कैटेगरी में तन्मय को 9 लाख पॉइंट्स में प्रीयूष हॉस्पिटल ने, डायमंड कैटेगरी में पुनीत को 26 लाख पॉइंट्स में जयपुर गेस्ट्रो किंग्स ने तथा स्टार कैटेगरी में विदित आचार्य को 20 लाख पॉइंट में केडिया होटशॉट्स ने खरीदा। लीग चेयरमैन डॉ. जयंत सेन ने बताया कि सीनियर वर्ग में आइकन कैटेगरी में डॉ. सचिन खट्टर को एसएमएस टोरपेडोस ने 40 लाख प्वाइंट में खरीदा। प्रीमियम कैटेगरी में डॉ. निशांत पुरोहित को 31 लाख प्वाइंट में बोली लगाकर केडिया होटशॉट्स ने अपनी टीम में लिया। डॉ. दीपांशु और डॉ. सीताराम शर्मा को प्लेटिनम कैटेगरी में 36 लाख की बोली लगाकर सैंडी स्ट्राइकर्स और एसआरके हॉस्पिटल ने ख़रीदा। तोरपिड़ोस ने डॉ. सुशील आचार्यव को 20 लाख प्वाइंट और मालोट वारियर्स ने 25 लाख पॉइंट्स में डॉ. योगेंद्र और के.सी. मेमोरियल रॉयल्स ने 23 लाख पॉइंट्स में डॉ. मधुसूदन को खरीदा। लीग सेक्रेटरी डॉ. अनिल यादव ने बताया कि ओपन कैटेगरी में सिंगल्स और दबंग जोड़ी और मलंग जोड़ी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। लीग के को-चेयरमैन डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि टूर्नामेंट में राज्य के 150 चिकित्सक सीनियर और जूनियर वर्ग में भाग लेंगे। लीग कोऑर्डिनेटर डॉ. सुधांशु ने बताया कि प्रतियोगिता 19 से 23 अप्रैल तक जयपुर क्लब में आयोजित की जायेगी।

### एक दर्जन वाहन चुराने वाला पकड़ा

**जयपुर**। प्रताप नगर थाना पुलिस ने एक दर्जन से अधिक वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की पांच बाइक सहित पांच मोबाइल जब्त किए है। डीसीपी (ईस्ट) ज्ञानचंद यादव ने बताया गिरफ्तार वाहन चोर गोविन्द सिंह (18) रुदावल जिला भरतपुर हाल वाटिका, सांगानेर सदर का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की पांच बाइक सहित पांच मोबाइल जब्त किए है। आरोपित गोविंद आदतन अपराधी है और अपने परिवार वालों से अलग रहता है। दिन में रेकी कर बाइक चोरी करता है और साथ ही चोरी की बाइक से राहगीरों का मोबाइल मांग कर फरार हो जाता है, जिसे बेच कर मिले पैसों से शौक-मौज सहित स्मैक का नशा करने में खर्च कर देता है।

### भक्तामर स्त्रोत में बही आस्था की रसधार

**जयपुर**। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर का भक्तामर स्त्रोत अनुष्ठान व स्वर्गीय राजेन्द्र के. गोधा स्मृति जीवन रक्षक सम्मान समारोह -2023 दिगम्बर जैन सोशल सन्मति ग्रुप की ओर से आयोजित किया गया। इस दौरान भक्तामर पाठ की गूंज से मधुर काव्य पंखुड़ियों से आसपास का क्षेत्र भक्ति और आस्था के रंग में सराबोर हो गया। रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या ने बताया कि कार्यक्रम में अशोक पाटनी, मुख्य अतिथि नंद किशोर- प्रमोद पहाड़िया, विशिष्ट अतिथि दीनदयाल पाटनी, त्रिशला गोधा, शैलेंद्र गोधा, निशांत गोधा, सीए सुनील कुमार जैन की मौजूदगी रही। मुख्य समन्वयक यश कमल अजमेरा ने बताया कि अतिथियों का सम्मान अनिल जैन आईपीएस, सुरेंद्र कुमार पांड्या, नवीन सेन जैन अतुल बिलाला, निर्मल संघी, दर्शन जैन, मनीष लोंग्या व अनिल संघी ने किया। दीप प्रज्वलन समाज श्रेष्ठी दीन दयाल पाटनी ने किया। स्व. राजेंद्र के.गोधा स्मृति जीवन रक्षक सम्मान - 2023 त्रिशला गोधा, शैलेंद्र गोधा, निशांत गोधा व परिवार, नंद किशोर प्रमोद पहाड़िया, रेणु राणा मोहित राणा ने प्रदान किए। इस मौके पर गायक नरेंद्र जैन व उनकी टीम ने भक्तिमय भक्तामर का पाठ किया गया। संचालन यश कमल अजमेरा ने किया।

### मुरलीपुरा में हैनीमन जयंती मनाई

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान होम्यो एवं कल्याण संस्थान जयपुर की ओर से मुरलीपुरा में सोनी का बाग स्थित कार्यालय पर होम्योपैथी के जनक डॉ. फ्रेण्डरिक सैनुअल हैनीमन की जयन्ती मनाई गई। राजस्थान प्रशासन सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी केदार मल गुप्ता समारोह के अध्यक्ष व समाज सेवी एडवोकेट नन्द किशोर सन्त ने मुख्य अतिथि तथा डी.आर. यादव एवं राजेश पारीक (स्टार स्पोर्ट्स) विशिष्ट अतिथि रहे। ब्रह्मप्रकाशपारीक द्वारा आगन्तुकों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। शाम 6.15 से 8.15 बजे तक चले इस कार्यक्रम में योग, प्राकृतिक चिकित्सा एवं होम्योपैथी के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही एलोपैथी के कुप्रभावों के बारे में जानकारी भी दी गई। संस्था सचिव डॉ. श्याम प्रकाशपारीक ने होम्योपैथी के बारे में प्रचलित भ्रांत धारणाओं का निराकरण कर आगन्तुकों का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर संस्था द्वारा मौसमी बीमारियों की दवाओं का आम लोगों में वितरण किया गया।

### बच्ची से छेड़छाड़ करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर**। महेश नगर थाना पुलिस ने बच्ची से छेडछाड करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। डीसीपी (साउथ) योगेश गोयल ने बताया आरोपी धनंजय कुरमी (34) निवासी भगवानपुर जिला वैशाली (बिहार) हाल महेश नगर को मुखबिर की सूचना पर स्वेज फार्म से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया है।




## World Parkinson's Day

World Parkinson's Day marks the birthday of Dr. J Parkinson in April of each year. On this day there are efforts made to increase the public awareness of this terrible disease, as well as all the good works put forth by the world's organizations that are dedicated to preventing and finding a cure for this debilitating disease.On the birthday of Dr. J. Parkinson, the first to describe and diagnose the disease, learn about Parkinson's, donate or volunteer, and raise awareness.



# They Lured Us Into Surgery!!!

When all was ready the patient was shifted to this make-shift operation room. I was not permitted to go anywhere near but I found a chink in the window through which I could see all the activity. All I remember is how the patient was put to sleep by giving ether drop by drop to supplement the breathing. After a brief struggle the patient was asleep. My father was ready with his draped patient. He made a large incision on the tummy and soon huge pink loops of intestines bulged out of the wound. There was a hushed conversation amongst the people inside the room. Then my father took the huge loops of intestines and started to untwist them in an anti-clockwise fashion. I could hear the large gurgling noise and see how the distended loops started to decompress. The foul odour of shit and gas could be appreciated even where I was standing outside. A sigh of relief went through the operating team. The volvulus had been corrected. The incision on the tummy was quickly closed and the patient shifted to the library room where a bed had been put in.



Children's traction Device.



Dr Goutam Sen
*CTVS Surgeon*
*Traveller*
*Story teller*

## #PARENTING

I have often wondered how I decided to become a doctor, a surgeon, and even a cardiothoracic one. Was it all preordained or was it insidiously introduced into my psyche? Many of us grow up to complete the unfulfilled dreams of the parents. It is possible by surreptitious continuous subliminal influence parents are able to do so by involving the child in activities which felt like fun then. Now a realisation is dawning upon me that it was also meant to attract me towards a desired profession.

When I was about ten years old a dramatic change took place in our family. My father, Dr G N Sen, who was one of the top surgeons of Jaipur, was asked to move to Bikaner by the newly formed government of Rajasthan. He did obey the order but found Bikaner not to his taste and quite primitive compared to Jaipur in the early fifties as far as surgical facilities were concerned. My parents made a difficult decision and my father voluntarily retired from Government service to begin a private surgical practice in Jaipur. In fact, this was probably the first nursing home with surgical facilities in the private sector in Jaipur.

Since he did all this from his home, I was able to witness many unique events then. Although my father was planning to construct a four room building with a central operating room in the rear of our compound he could ill afford to wait for the building to come up. He needed to do surgery straight off and earn the money to keep building the nursing home.

Initially he had the good fortune to use a small operating room constructed by Dr Tara Chand Gangwal in his Hospital Road compound. It is here that Dr P K Sethi and Dr Kailash Gangwal had the opportunity to see him in action and even assist him at times. Some of the stories of that time were related to me much later by them. Dr P K Sethi had a very good handwriting and he was asked by my father to write the operating notes which my father dictated at the end of the surgery. Dr Sethi recalled how particular my father was about the spelling of technical terms. Some of the words like 'abscess' and 'intussusception' were tricky because of the silent and unnecessary alphabets. Even one error was quickly spotted and a sarcastic reprimand was given.

### The Skill Of Tying Knots

Once while dictating notes about an abdominal surgery on a male patient my father intentionally mentioned some female organs like the uterus and ovaries in his dictation. There are two versions to the rest of the story. Dr Sethi told me that he quickly realised that my father was testing Dr Sethi's attention span and told my father the patient was unlikely to have female organs since he was a male. My father on the other side said that Dr Sethi did write down verbatim what was being dictated and had his leg pulled. Besides being such a stickler to detail, Dr Sethi recalled how my father always insisted that it was incessant practice that made a skilful surgeon. Along with them I was also quickly taught the method of tying the knots although I was far from a medical college at that time. Somewhere a message was being passed to me that becoming a surgeon was not a bad option!

One of the interesting things that happened was that at the end on the surgery Dr Sethi would be asked to collect all the cut and left over strands of strings of every material used in the surgery. Then a session would begin about how important it was for a surgeon to learn to tie knots in the correct fashion to ligate all the bleeding vessels. Probably besides surgeons there are only few groups of people (Tailor, Cobbler, Scouts and sailors) who appreciate the skill of tying knots. My father would sit with Dr Sethi and his other assistants all around and make them learn 'how to tie the knots' without even looking at the hands. Any door handle or chair arm was used as the prop for the string to go around. The first knot was a simple laying of the strings in a tight fashion around the end of the vessel. It was followed by a 'Granny' knot. This knot was used because in laying it the ligature could easily tighten the previous knot too. The only shortcoming was that the knot could also loosen as easily. So a third unslippable knot called the 'reef' knot was used in the third step to secure and tighten the ligature. Often more knots were supplemented depending on the material used. Cotton strands required just three knots but silk and synthetic material required many more because of their propensity to unravel. So it was quite a common practice for budding surgeons under my father's supervision to keep strands of thread in their apron pocket and practice tying knots in their spare time.

Later when we were medical students we used to marvel at the swift way the senior surgeons tied their knots. Much later when I had become a surgeon and was posted in Ajmer under Dr G S Jhala I was often commended by him at my skill in tying the knots so fast. He made it a point to emphasise that all residents learn the skill from me. As surgery evoluted the skill of tying knots has become unnecessary because on most occasions the smaller blood vessels are now electro-cauterised.

> One of the interesting things that happened was that at the end on the surgery Dr Sethi would be asked to collect all the cut and left over strands of strings of every material used in the surgery. Then a session would begin about how important it was for a surgeon to learn to tie knots in the correct fashion to ligate all the bleeding vessels.

Coming back to the early days of my father's trial and travails in the private surgical practice I was a witness to the first surgery he did at home. He had gradually acquired instruments needed for surgery. My mother sat for hours at the sewing machine stitching the khadi and dusuti drapes and gowns that were required for surgery. Not a single scrap was wasted. The smaller pieces were used to make caps and masks. In my spare time I was asked to turn the handle of the sewing machine while my mother did the stitching.

One day a patient came to my father with a history of not being able to pass motions for five days. He was bloated and vomiting bilious fluid and food taken many days ago. It was quite evident that he had an obstruction of the intestinal tract- either due to twisting (Volvulus) or due to an organic narrowing. Both the conditions needed an operation. The patient was insistent that my father conducts the surgery!

The whole Sen Family set upon preparing for the surgery. Our car garage was vacated and a thorough cleansing was done with phenyl more than once. All the doors and windows were tightly shut and the room was further sterilised with formalin fumes. It was hard to stand even for a minute as eyes were smarting from the fumes. About half an hour was required for the fumes to settle down. Since the operating table was not ready the office examination couch was thoroughly cleaned and draped with sterile sheets. For the light a large angle-poise lamp with a 1000 watt bulb was placed at the side. The instruments were all boiled for more than an hour in large enameled brass cooking utensils or indigenously designed brass boilers. Even the gowns and drapes required the same management. That was the practice at that time. High pressure steam sterilisation was just coming into vogue.

### An Exciting & Challenging Life

When all was ready the patient was shifted to this make-shift operation room. I was not permitted to go anywhere near but I found a chink in the window through which I could see all the activity. All I remember is how the patient was put to sleep by giving ether drop by drop to supplement the breathing. After a brief struggle the patient was asleep. My father was ready with his draped patient. He made a large incision on the tummy and soon huge pink loops of intestines bulged out of the wound. There was a hushed conversation amongst the people inside the room. Then my father took the huge loops of intestines and started to untwist them in an anti-clockwise fashion. I could hear the large gurgling noise and see how the distended loops started to decompress. The foul odour of shit and gas could be appreciated even where I was standing outside. A sigh of relief went through the operating team. The volvulus had been corrected. The incision on the tummy was quickly closed and the patient shifted to the library room where a bed had been put in.

That was the first time I witnessed an operation! Somewhere in the back of my mind the message that being a doctor was a good thing was being registered. It would be an exciting and challenging life.

The summer holiday was the time when I had enough spare time and 'Baba' would often call us into the consulting room to talk about all things in life. While chatting I helped him to clean his instruments. Without being aware I was being taught to identify all of them. The insidious method of attracting me to the medical profession was being continued. All surgical instruments were quite expensive. Even the regular and basic instruments like the knife handle, artery and tissue forceps and scissors were all imported. The British did not like the idea of India producing its own. My father was not willing to pay through his nose for these items. He approached a master craftsman in Jaipur's brass manufacturing community and coaxed and challenged them to make some instruments for him. It was quite amazing how quickly they were able to create similar products. The only problem was when they had to chrome them or make them from stainless steel. I remember how happy my father was with the well-made Jaipur products. The cost was one fourth of the imported ones.



Angle poise Lamp.

Since my father was a general surgeon quite a bit of his practice was orthopaedics. This was the era before nails and plates. The standard practice was to reduce the distorted fracture by traction and manipulation and retain it in that position by application of a sturdy plaster of Paris cast. I am told that although plaster casts were a standard practice, the casts made by my father were a piece of art. Not only was the fracture returned to its normal alignment but the exterior was a very beautiful, smooth and shiny covering. Many years later I was told by Dr P K Sethi about how many tricks in plastering he had learnt from my father.

While the nursing home building was being constructed my father asked the ironmonger to copy all the traction and pulley gadgets used in orthopaedics. They also created many splints for him. When they were delivered, we, the children, were given cans of aluminium paint and asked to paint these appliances. We learnt the basic principles of reduction of fractures and realignment without realising that we were being taught.

> While the nursing home building was being constructed my father asked the ironmonger to copy all the traction and pulley gadgets used in orthopaedics. They also created many splints for him. When they were delivered, we, the children, were given cans of aluminium paint and asked to paint these appliances. We learnt the basic principles of reduction of fractures and realignment without realising that we were being taught.

### Gradual Exposure


Dr Gulab Chand Sharma was one of the first Radiologists in private practice in Jaipur. He had an X-ray machine with which he used to screen patients and take X-rays. One morning 'Baba' asked me to accompany him to the X-ray clinic where he was going to reduce a forearm fracture of a muscular teenager. I thought I was being taken for the ride but when we reached there 'Baba' took me into the screening room. The boy was being anaesthetised and then he would be given traction at the elbow and the hand so that the ends of the bone would come apart and then under screening the ends would be manipulated into a normal position. I was asked to grab the hand and pull as much as I could. Every time I pulled hard my hand would slip. To prevent slipping I was given a few layers of gauze impregnated with gum. I wrapped the cloth around the hand then began pulling. The gum helped me to prevent slipping. In that era improvisation was the name of the game. I never realised how craftily I was being sucked into the medical profession.

I recall how uncommon it was to use Intravenous fluids and blood transfusion in the surgeries of that era. One does not realise how the plastic industry has totally changed the use of syringes and tubing today. In the fifties of the last century all syringes were made of glass and reusable. The drip set that is so cheaply available today had to be assembled. To make the IV drip set the latex tubes were cut into adequate lengths and a glass Murphy's drip chamber was interposted between the two lengths. The other ends were fitted with glass adapter on which wide bore stainless steel hollow needles were fitted. One end went into the 500 cc glass bottle of fluid and the other went into the vein as shown in the image.


Some time passed and I was admitted to SMS Medical College. All those years of listening and doing things in my father's practice gave me an added advantage amongst my peers. My desire to become a surgeon was fully established by that time. Fortunately I did well enough to be accepted for post-graduation in Surgery. All those lessons of knot tying, and cleaning my instruments came into use then. I had also learnt to sharpen my sharp instruments. This is where I had learnt the scissors are sharpened by repeatedly cutting strips of sandpaper. The cut throat razor used to create skin grafts needed sharpening on a grinding stone. I knew how to do it better than anyone else. Even the nursing staff marveled at my skills. Seeing my efficiency they were quite willing to assist me. They also made sure I got the best instruments.

I am sure many of my friends who had doctor parents will agree with my premise that we youngsters were coaxed into the medical profession by gradual exposure to patients and medical practice. I, for one, certainly slipped down the slope into surgery!


*rajeshsharma1049@gmail.com*




Murphy Drip Chamber.



Practicing surgical Knots.




Surgical Knots.

## #SWEET-DELIGHT

# Molly Moo Fruity Festival

Trust me, having tasted all the flavours, every spoon full brings you closer to bliss.












Sadhana Garg
*Journalist & social entrepreneur*

It's that time of the year when everyone will soon be screaming for ice cream. Look no further. In the heart of C-Scheme there is Molly Moo, an ice cream sit down parlour that delivers happiness over the counter in the unique flavours that have been curated by its owner Sachin Khurana.

Currently Molly Moo has launched its Fruity Flavour Festival-so there is vegan mango, jamun, spicy guava, tangy carrot with mango and hold your breath even mango "panna" flavour. Few spoonful and you begin to see why crowds are thronging for the fruity flavours.


A chemical engineer Khurana preferred to dabble in organic and natural flavours.

"Our ice creams are healthier from the other main stream flavours in the market as one Molly Moo scoop has only about 120 to 150 calories where as other brands end up with about 250 calories "claims Khurana." In the zero sugar segment we have 6 favours, namely chocolate, black current, fruit & nuts, roasted almonds and vanilla" points out the beaming owner with smile of a Cheshire Cat.

And trust me having tasted all the flavours, every spoon full brings you closer to bliss.

For weight watchers especially or for the fitness freaks there is Keto in which the carbs have been reduced by using almond milk. We are the only ones in the country that use almond milk as a base together with whey protein & fresh cream says Khurana. Also the consistent quality of their ice cream must come from Amul milk which is standardised.

Forrest berries, chocolate hazelnut and roasted almonds are used in chocolate flavoured ice creams making sure no oil based chocolate is used. The dense mouthfuls & velvety texture at Molly Moo comes from the coco butter used and eliminating totally oil based chocolates. For the uninitiated it will be good to remember that Cadbury and even Kit Kat are oil based chocolates.




Mud Pie, a hot favourite at Molly Moo takes its inspiration from the chocolate "Sarais" in Turkey. Its distinct flavour and high demand comes from the fact that there is no vegetable oil used in its making - one can easily make out the presence of generous use of coco butter.

Few know that at Molly Moo pre biotic fibre is used which as a requisite of good gut health. The inulin and polydextrose in the prebiotic fibre give health benefits.

For those who shun white sugar and deem it as the new villain on the diet bloc there is jaggery based ice creams. Simply put, the latter are made from unprocessed sugar unlike other brands that add liquid glucose or sucrose.

And there is also Bubble Gum ice cream made by mixing fresh banana, orange and strawberry.

The Forrest Berries flavour a real treat for all those looking for tangy tantalizing of their taste buds there is Forest Berries made from a happy concoction of blue berry, black currant and strawberry.-obviously not meant for tobacco addicts or those with poor dental status. Does it explain why Forrest Berry ice cream in other places is not tangy enough? Because it has been made from artificial flavour.

Also all things put together and the subtle level of sugar does make the Forrest Berries a bewitching flavour to binge on!

Another very enticing ice cream is the Afghani Kulfi. So named after a region that once was the best top of the line nut basket of the world till Taliban happened to it. At Molly Moo the ingredients of the Afghani Kulfi are mulethi, kali mirch, sauf and roasted American badam. The latter for the crunchy effect.

The Chocolate Fudge Pie that we Indians never seemed to get enough of is one of a medium blend of curvature chocolate, coco mass with milk solids that makes it a must in every wedding menu - big fat or ordinary.

So this summer even if you cannot buy happiness go get some Molly Moo ice cream that kind of is pretty much the same thing!

Unlike the animated character of a cow named Molly Moo that was short lived in the television series, Molly Moo ice cream parlour is here to stay. More importantly don't miss out on some good ice cream while you are busy eyeing someone else's sprinkles.








## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# हिण्डौन को जिला बनाने की मांग, बाजार बंद रहे

## अति आवश्यक सेवाओं से जुड़े मेडिकल एसोसिएशन आदि प्रमुख व्यापारिक संगठनों ने भी समर्थन दिया

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में शामिल हिण्डौन को जिला बनाने की मांग अब पूरे क्षेत्र के जन-जन द्वारा पुरजोर तरीके से उठाई जा रही है। इस मांग को लेकर हिण्डौन में सोमवार को हिण्डौन शहर सहित आसपास के कस्बों श्री महावीरजी सूरत और महू इब्राहिमपुर में भी बाजार पूरी तरह बंद रहे जिसमें अति आवश्यक सेवाओं से जुड़े मेडिकल एसोसिएशन आदि प्रमुख व्यापारिक संगठनों ने भी अपना समर्थन दिया। सभी व्यापारी वर्गों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर जिला बनाने की मांग को मजबूत किया।

जनसभा में व्यापारी, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, क्षेत्रवासियों के साथ राजनीतिक जनप्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस दौरान मौके पर सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाली थाना प्रभारी रामरूप मीणा के साथ पुलिस जाप्ता तैनात रहा। जनसभा में विधायक भरोसीलाल जाटव द्वारा मुख्यमंत्री को जिला बनाने के दिए गए प्रस्ताव पढ़कर सुनाया। इस अवसर पर वक्ताओं ने मुख्यमंत्री द्वारा राजस्थान में नए 19 जिलों की घोषणा में हिण्डौन शामिल नहीं करने पर नाराजगी जताई। इसी दौरान डैंप रोड चौराहे पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधियों विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपने उद्बोधन में प्रदेश के सबसे महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्रों में शामिल हिण्डौन शहर को जिला बनाने की जरूरत जताई। इस दौरान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष नरसी पारासर ने कहा कि हिण्डौन को जिला बनाने की मांग को लेकर यदि मुख्यमंत्री से मिलने जयपुर चलना पड़े तो एक बस की जिम्मेदारी पूरी करेंगे। वहीं भाजपा नेता धर्मा ने हिण्डौन को जिला बनाने की घोषणा नहीं होती है तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

इस दौरान मंच पर अनिल गोयल, डॉ. वीरेंद्र तेवतिया, कल्याण सिंह डागुर, भगत सिंह, मुनीमखान, वीरसिंह जाटव, फुले ब्रिगेड के प्रदेश प्रवक्ता महेश चन्द सैनी, नरेश गुर्जर सहित कई प्रबुद्ध लोगों ने विचार व्यक्त किए। जनसभा में व्यापार महासंघ से अजय मित्तल, नरेन्द्र जैन, अमर सिंह धाकड़, शिवप्रकाश पटवा, महाराज सिंह छाबड़ी, बलवीर चतुर्वेदी, दिनेश चन्द सैनी आदि ने सहयोग किया। जनसभा के दौरान श्याम भक्तों ने उपस्थित लोगों को ताजा छाछ वितरित की। एक साथ गर्मी के प्रकोप बढ़ने के साथ ही सभा में शामिल लोगों को प्यास लगने पर श्याम भक्तों की ओर से उपलब्ध कराई गई।



हिण्डौन को जिला बनाने की मांग को लेकर बाजार बंद रहे।

# आठ गांवों के ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन दिया

## नवगठित नीमकाथाना जिला से हटाकर झुंझुनूं जिला में शामिल करने की मांग

**झुंझुनूं,** (निसं)। नीमकाथाना से हटाओ झुंझुनूं में मिलाओ संघर्ष समिति, उतर पश्चिम क्षेत्र तहसील खेतड़ी के तत्वावधान में सोमवार को आठ ग्राम पंचायतों बडाऊ, रसुलपुर, नंगली सलेदीसिंह, चारावास, लोयल, मानोता जाटान, देवता व जसरापुर के राजस्व ग्रामों मानोता जाटान, ढाणी बाढान, लोयल, श्रीसरदारपुरा, चारावास, हरीनगर, नंगली सलेदीसिंह, चरणसिंहनगर, बडाऊ, रसुलपुर, कृष्णनगर, शिवनगर, जसरापुर, देवता, स्योलपुरा व घरडाना खुर्द ग्राम पंचायत के राजस्व ग्राम गोरधपुरा को नीमकाथाना से हटाकर झुंझुनूं जिला के चनाना में उप तहसील स्वीकृत करवाकर उसमें शामिल करने या फिर झुंझुनूं जिला की नजदीकी तहसीलों में शामिल करने की मांग को लेकर जिला कलेक्ट्रेट पर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया।

विरोध प्रदर्शन में संघर्ष समिति के अध्यक्ष कामरेड रामचंद्र कुलहरि, पूर्व प्रधान बजरंग सिंह चारावास, अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला उपाध्यक्ष कामरेड इंद्राज सिंह चारावास, इंकलाबी नौजवान सभा के जिला संयोजक कामरेड रविंद्र पायल, महेंद्र सिंह काजला सरपंच लोयल, बहादुर मल सरपंच मानोता जाटान, हरी सिंह मांठ सरपंच प्रतिनिधि चारावास, राजेश जांगिड सरपंच रसुलपुर, जितेंद्र सिंह सरपंच बडाऊ, केदारमल खिंची पूर्व सरपंच जसरापुर, राजकुमार ढाका पूर्व जिला पार्षद, बिशनाराम झाझड़िया व रामचंद्र कडवासरा सहित काफी तादाद में लोग शामिल थे।

संघर्ष समिति अध्यक्ष कामरेड रामचंद्र कुलहरि व पूर्व प्रधान बजरंग सिंह चारावास के नेतृत्व में संघर्ष समिति की तरफ से जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुडी को ज्ञापन देकर मांग की कि खेतडी तहसील की उतर पश्चिमी क्षेत्र की 8-9 ग्राम पंचायतों की दूरी नीमकाथाना से बहुत दूर है जबकि झुंझुनूं नजदीक है। भौगोलिक दृष्टि से अरावली पर्वत श्रृंखला इन ग्राम पंचायतों को नीमकाथाना से विभक्त कर झुंझुनूं में मिलाती हैं। नीमकाथाना सीधे जाने के लिए यातायात साधनों का अभाव है जबकि झुंझुनूं के लिए हर समय बसें जाती हैं। ज्ञापन में बताया गया कि नीमकाथाना क्षेत्र की भाषा व सांस्कृतिक पहचान हमारे क्षेत्र से मेल नहीं खाती जबकि झुंझुनूं से आत्मिक लगाव है।

जिला कलेक्टर ने रामलुभाया कमेटी को ज्ञापन भेजकर क्षेत्र की भावनाओं से अवगत करवाने का आश्वासन दिया है। संघर्ष समिति के अध्यक्ष कामरेड रामचंद्र कुलहरि ने चेतावनी दी है कि अगर इस पर शिघ्र ही ध्यान नहीं दिया तो ये सभी ग्राम पंचायतों के ग्रामीण 20 अप्रेल से झुंझुनूं कलेक्ट्रेट पर अनिश्चितकालीन पडाव डालेंगे।

# नशा मुक्ति केन्द्र के खिलाफ केस दर्ज

- बंधक बनाकर मारपीट करने का आरोप

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के प्रतापनगर स्थित नया सवेरा नशा मुक्ति केंद्र संचालक और अन्य पर बंधक बनाकर मारपीट करने का एक केस दर्ज हुआ है। यहां पर केंद्र पर रविवार को एक युवक को नशा छुड़ाने के लिए बंधक बनाकर मारपीट की जा रही थी। जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था। पीड़ित के भाई की तरफ से केस दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने अब जांच आरंभ की है।

बासनी मधुबन हाउसिंग बोर्ड निवासी संतोष मेवाड़ा पुत्र आसूराम मेवाड़ा की तरफ से मामला दर्ज करवाया गया। इसमें बताया कि उसके भाई भंवरलाल को नशा छुड़ाने के लिए प्रतापनगर स्थित नया सवेरा नशा मुक्ति केंद्र पर दाखिल करवाया गया था। मगर यहां पर नशा छुड़ाने के लिए बलपूर्वक कार्य किया जा रहा था। उसके भाई को बंधक बनाकर मारपीट की जा रही थी।

रविवार को वायरल हुए वीडियो में साफतौर पर देखा गया कि दो तीन युवक उसे लिटाकर पीट रहे है। एक युवक कमर पर चढ़ा है तो दूसरे पैरों को दबाया हुआ था। प्रतापनगर सदर पुलिस ने बताया कि केंद्र को चलाने वाले मोहन चौधरी एवं अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। केंद्र अवैध रूप से चल रहा है या नहीं, इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# चोरियों का खुलासा करने की मांग

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले के सीलोई गांव के ग्रामीण सोमवार को जिला कलेक्ट्री में पहुंचे। जहां जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर गांव में हुई चोरियों का खुलासे की मांग रखी। ग्रामीणों ने चोरियों को जल्द खुलासा नहीं होने पर दी सडक जाम करने की चेतावनी दे डाली।

ज्ञापन में बताया कि एक वर्ष से चितरी थाना क्षेत्र के सिलाई गांव में चोरियां बढती जा रही है। इससे पूर्व पंचायत वासियों ने द्वारा मोरन नदी के तट पर कृषकों के पानी की मोटर व केबलों के चोरी होने की सूचना पुलिस थाना चितरी में ग्रामीणों ने दी थी, लेकिन उस पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई जिससे चोरों के हौसलें बुलंद हो गए है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बढ ती चोरियों का आज तक खुलासा नहीं होने पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई।

# रेलवे ने एक माह में बिना टिकिट 26 हजार यात्री पकड़े

**जोधपुर,** (कासं)। उत्तर-पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल पर मार्च में ट्रेनों में बिना और अनियमित टिकट पर यात्रा करते पाए जाने पर 26 हजार से भी अधिक यात्रियों से रेलवे ने एक करोड़ दस लाख रुपए का उल्लेखनीय राजस्व वसूल करने में सफलता हासिल की है। इसके साथ ही मंडल ने वित्तीय वर्ष2022-23का टिकट चेकिंग मद का राजस्व लक्ष्य प्राप्त ही नहीं अपितु पार भी कर लिया है।

मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि जोधपुर मंडल पर चलाए जा रहे सघन टिकट जांच अभियान के दौरान टिकट चेकिंग स्टाफ ने उल्लेखनीय कार्य करते हुए गत वित्तीय वर्ष का टिकट चेकिंग आय का प्रदत्त लक्ष्य शत-प्रतिशत हासिल कर लिया है। उन्होंने बताया कि इस मद में मंडल को 8 करोड़ 53 लाख रुपए राजस्व का लक्ष्य मिला था । जिसके मुकाबले उसने निर्धारित अवधि में 8 करोड़ 83 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त किया है जो निर्धारित लक्ष्य से 4 फीसदी अधिक है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक जितेंद्र मीणा ने इस संबंध में बताया कि डीआरएम पंकज कुमार सिंह के निर्देश पर जोधपुर मंडल में चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत टिकट चेकिंग स्टाफ ने बिना और अनियमित टिकट पर यात्रा करते पाए जाने पर 26 हजार 833 यात्रियों से 1 करोड़ 10 लाख 74 हजार 228 रुपए का राजस्व अर्जित करने में सफलता हासिल की है। इनमें गंदगी फैलाने, बिना बुक अतिरिक्त समान के साथ यात्रा करने और ट्रेनों और प्लेटफॉर्म पर धूम्रपान करने वाले यात्री भी शामिल हैं।

मार्च में सघन टिकट जांच अभियान के दौरान मंडल पर बिना व अनियमित टिकट पर यात्रा करते 25 हजार 120 जने पकड़े गए। जिसमें इन यात्रियों से 45 लाख 86 हजार 488 रुपए किराया व 62 लाख 80 हजार जुर्माना सहित 1 करोड़ 8 लाख 66 हजार 488 रुपए वसूल किए गए। इस दौरान बिना बुक सामान के साथ यात्रा करते पाए गए 10 यात्रियों से 4 हजार 740 रुपए बतौर जुर्माना वसूल किए गए । मार्च में टिकट चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशनों व ट्रेनों में गंदगी फैलाने वाले कुल 1575 रेल यात्रियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए टिकट चेकिंग स्टाफ ने 1 लाख 76 हजार 300 रुपए का राजस्व वसूल किए। टिकट जांच अभियान के तहत धूम्रपान करते पकड़े गए 134 यात्रियों से रेलवे नियमानुसार 26 हजार 700 का जुर्माना वसूल किया गया। मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह का कहना है कि जोधपुर मंडल पर टिकट जांच अभियान से राजस्व के लक्ष्य की प्राप्ति पर खुशी है और इसे पूरा करने में टिकट चेकिंग स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# हादसे में एक की मौत, तीन घायल

**जोधपुर,** (कासं)। निकटवर्ती सुरपुरा कलां गांव की सरहद में मजदूरों से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलटी खा गया। हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने साथी मजदूर की तरफ से चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

करवड़ थानाधिकारी बुद्धाराम ने बताया कि कमला नेहरू नगर, बंगाली क्वार्टर के समीप रहने वाले शेख वाजिद मोहम्मद पुत्र मुमताज मोहम्मद की तरफ से मामला दर्ज करवाया गया। इसमें बताया कि उसके साथी मजदूर मसूरिया निवासी पुखाराम, सुरेश, धनराज एवं सद्दाम आदि ट्रक टाटा 709 में सवार होकर सुरपुरकलां गांव से निकल रहे थे। ट्रक को मोहम्मद शाकिर चला रहा था। सुरपुरकलां गांव की सरहद में पहुंचने पर हादसा हो गया।

# इंदिरा रसोई में निर्धारित दर से अधिक राशि की वसूली

- निर्धारित आठ रुपये की दर से भोजन नहीं करा कर लोगों से 10 रुपये वसूल कर रहे हैं

**करौली,** (निस)। करौली जिला मुख्यालय पर नगर परिषद द्वारा संचालित इंदिरा रसोई संचालक आमजन से सरकार द्वारा निर्धारित 8 रुपये की दर से भोजन नहीं करा कर लोगों से 10 रुपये प्रति व्यक्ति वसूल रहे हैं यही नहीं खाने में दाल और सब्जी की स्थिति देख ले तो दाल में दाल के दाने कम पानी पानी नजर आता है यही नहीं जब व्यक्ति इंदिरा रसोई में खाने के लिए पहुंचता है तो पहले उसे टोकन कटवाना पड़ता है।

उसकी एवज में रसोई संचालक 8 रुपये के स्थान पर 10 रुपये वसूलते हैं और जब वह व्यक्ति खाना खाकर बाहर की तरफ निकलता है तो उसे एक बार फिर कंप्यूटर पर लगे कैमरे के सामने टोंकन पूर्ति के लिये बैठना पड़ता है। जिसका सीधा-सीधा उद्देश्य है कि रसोई संचालक एक डाइट के स्थान पर डबल डाइट दिखा रहे हैं।

सबसे बड़ी गंभीर बात तो यह है कि मंडरायल रोड स्थित जिला अस्पताल में संचालित इंदिरा रसोई में व्यक्ति 10 रुपये में तो भोजन कर रहा है लेकिन उसे खाने के साथ पीने के पानी को भटकना पड़ता है। रसोई संचालक ने अस्पताल में संचालित कैंटीन संचालक के साथ गड़बड़झाला कर पानी की सप्लाई नहीं दिखा कर रसोई में खाना खाने वाले व्यक्तियों को लोकल कंपनी की 20 रुपये में बोतल खरीदने को विवश कर रखा है।

जब इंदिरा रसोई में काम कर रहे लोगों से खाने के साथ पीने के पानी के लिए पूछा तो उन्होंने कहा कि यहां पीने के पानी की को व्यवस्था नहीं है। बोतल खरीद कर पानी पी लो। इस मामले को लेकर नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी से वार्ता करनी चाही तो उनके मोबाइल पर घंटियां बजती रही लेकिन उन्होंने फोन उठाकर कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया।

# बुजुर्ग ने फांसी लगाई

**डूंगरपुर,** (निसं)। चौरासी थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग ने अपने घर में फंदा लगा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना के समय वह घर पर अकेला था। बुजुर्ग के आत्महत्या करने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है और मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

थानाधिकारी ने बताया कि भाणासीमल निवासी कावा पुत्र नाना ननोमा ने रिपोर्ट दी है। उसने बताया कि वह पांच भाई थेए जिसमें वह सबसे बडा है। उससे छोटे रमेशए बहादुर, विजयपाल और राजाराम ननोमा थे। बहादुर, विजयपाल और राजाराम ननोमा की मौत पहले हो चुकी हैए जिनका परिवार गोरादा गांव में रहता है। रमेश भी गोरादा में रहता था और उसके आगे.पीछे कोई नहीं था। इसके कारण वह गोरादा से भाणासीमल आता रहता था।

# लूट की वारदात करने वाले गिरफ्तार

- चार महिलाओं सहित 7 आरोपियों को किया गिरफ्तार
- गैंग ने महाराष्ट्र, गुजरात एवं राजस्थान के अनेकों जगह पर चोरी की वारदात कबूली

**पाली,** (निसं)। पाली के गोल निम्बडा मां कृपा ज्वैलर्स के यहां लूट की वारदात करने वाले अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पुलिस द्वारा पर्दाफाश किया गया।

एसपी डॉ. गगनदीप सिंगला के निर्देश से सिटी कोतवाली थाना अधिकारी मय गठित टीम द्वारा मात्र 72 घंटे के भीतर ही आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई। गठित टीम द्वारा आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इन शातिर अंतरराज्यीय चोर गैंग को टोंक से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में उक्त गैंग ने महाराष्ट्र, गुजरात एवं राजस्थान के अनेकों जगह पर चोरी की वारदात करना कबूल किया। उक्त गैंग द्वारा अनेक धार्मिक स्थानों पर भी चोरी की वारदात करना कबूल किया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए अंतरराज्यीय चोर गैंग से लगातार पूछताछ की जा रही जिससे और भी कई बड़ी चोरियों की वारदात के खुलासे के आसार लग रहे।




ज्वैलर्स की दुकान पर लूट करने वाले गिरोह को पुलिस ने पकड़ा।

# दिव्या मित्तल को मिली जमानत

**अजमेर,** (कासं)। नशीली दवा मामले में गैर कानूनी रूप से आरोपी को फायदा पहुंचाने के मामले में गिरफ्तार हुई एसओजी की निलम्बित एएसपी दिव्या मित्तल को सोमवार को एनडीपीएस कोर्ट ने राहत देते हुए दिव्या मित्तल को जमानत दे दी। जोधपुर एसओजी की टीम ने पिछले दिनों जमानत पर रिहा होते ही मित्तल को गिरफ्तार किया था।

दो करोड़ की रिश्वत मामले में निलंबित एसओजी की एएसपी दिव्या मित्तल को सोमवार को एनडीपीएस कोर्ट के जज खुशहाल सिंह ने रिहा करने का आदेश देते हुए टिप्पणी में कहा कि एसओजी ने कोई लिखित शिकायत और राज्य सरकार से पूर्व अनुमति पेश नहीं की थी, ऐसे में मित्तल को जमानत पर रिहा किया जाता है। मित्तल के वकील भगवान सिंह चौहान ने बताया कि कोर्ट में जज के समक्ष तर्क रखते हुए एनडीपीएस के मामले में निलंबित एएसपी मित्तल की गिरफ्तारी में जांच अधिकारी कमल तंवर की ओर से एनडीपीएस एक्ट 59 (3)की पालना नहीं की गई, जिस पर जज ने तर्कों से सहमत होते हुए दिव्या मित्तल की जमानत के आदेश दिए है। एडवोकेट चौहान ने कहा कि मित्तल को गिरफ्तार करने के बाद 4 अप्रैल को एनडीपीएस कोर्ट में पेश किया गया था। जज की ओर से जांच अधिकारी तंवर को मौखिक फटकार भी लगाई थी।

चौहान ने बताया 59 (1) जमानती अपराध है, 59 (2) में दिव्या मित्तल से कुछ बरामदगी नहीं हुई है, इसलिए यह धारा लागू नहीं होती है, साथ ही 59(3) में आरोपी दिव्या के खिलाफ लिखित शिकायत देनी होती है, जो कोर्ट में पेश नहीं की गई है। वहीं मित्तल को मिली जान पर जांच अधिकारी कमल तंवर ने कहा कि कोर्ट द्वारा जो भी आदेश दिए गए हैं, उसका हम सम्मान करते हैं। इस पर कोई टिप्पणी नहीं की जा सकती। एसओजी की ओर से नियमों के अनुसार ही दिव्या मित्तल को रामगंज के मुकदमे में गिरफ्तार किया गया था। अनुमति मिलते ही नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# दीवारों पर पेंटिंग की जांच की मांग

**अजमेर,** (निसं)। कांग्रेस के वरिष्ठ युवा नेता व मानव अधिकार परिषद के प्रदेश अध्यक्ष शैलेश गुप्ता ने नगर निगम आयुक्त जिलाधीश से स्मार्ट सिटी के तहत सावित्री स्कूल, जिलाधीश कार्यालय व जेल के बाहर 34 लाख रुपए दीवारों पर पेंटिंग पर जो खर्च किए गए हैं उसकी निष्पक्षता से जांच की जाये। शैलेश गुप्ता ने रोष प्रकट करते हुए कहां कि कुछ समय पहले अजमेर शहर के कई प्राइवेट, सरकारी कॉलेज एवं स्कूल के छात्र छात्राओं ने एवं सामाजिक स्वयंसेवी संस्थाओं ने बढ़ -चढ़ कर सावित्री कॉलेज जिलाधीश कार्यालय के यहां पर वॉल पेंटिंग की थी।

इसमें सारा योगदान इन संस्थाओं का स्कूल कॉलेजों का था जबकि अभी 2 दिन पूर्व समाचार पत्रों में आया कि नगर निगम प्रशासन ने इन दीवारों पर जो पेंटिंग कराई है उस पर 34 लाख रुपए खर्च किए हैं। शैलेश गुप्ता ने राजस्थान संपर्क पोर्टल पर मुख्यमंत्री को स्वायत्त शासन मंत्री को इस बारे में ज्ञापन भेजकर इस पेंटिंग की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है । शैलेश गुप्ता ने कहा कि जब अजमेर शहर की स्वयंसेवी संस्थाएं छात्र-छात्राएं फ्री में शहर को सुंदर बनाने में अपना योगदान निभा रही हैं तो फिर जनता का पैसा यू भ्रष्टाचार की भेंट क्यों चढ़ाया जा रहा है।

# निर्धारित समय से आठ घंटे बाद भी पेयजल सप्लाई नहीं मिलने से लोगों का गुस्सा फूटा

## आक्रोशित लोगों ने रात को जे.ई.एन. को बंधक बनाया तो शुरू की पेयजल सप्लाई

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। नहरबंदी के दौरान एक दिन छोड़कर पेयजल सप्लाई के शेड्यूल के कारण शहर में टेल पर बसी कॉलोनियों में पेयजल संकट गहराने लगा है। पुरानी आबादी के मोहरसिंह चौक, लीला चौक, धींगड़ा पार्क सहित कई इलाकों में निर्धारित समय से आठ घंटे बाद भी सप्लाई न मिलने से लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। मोहरसिंह चौक व आसपास के इलाकों से गुस्साए लोगों ने रात को विभाग के जेईएन हनुमान सिंह को बंधक बना लिया। जेईएन उस समय धींगड़ा पार्क में ओवरहैड टैंक पर ड्यूटी दे रहे थे। इधर चहल चौक के पास जलदाय विभाग की पाइप लाइन से पानी व्यर्थ बहने की शिकायत की गई है। पावर हाउस से थोड़ा आगे बड़ी पाइपलाइन से पानी व्यर्थ बहने की शिकायत सहायक अभियंता रुपेश बिश्नोई से भी की गई। राहगीर बलोर सिंह ने बताया कि एक तरफ तो जलदाय विभाग नहरबंदी के कारण एक दिन छोड़कर पानी की सप्लाई दे रहा है।

पुरानी आबादी के लोगों ने बताया कि पेयजल सप्लाई का समय दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक है, लेकिन 8 घंटे तक पानी नहीं आया। इस पर प्रभावित इलाके के लोगों ने मौके पर जाकर जेईएन से पानी चालू करने के लिए कहा। जेईएन ने पहले टैंक में पानी भरने और फिर सप्लाई देने की बात की। इस पर गुस्साए लोगों ने जेईएन पर जानबूझकर सप्लाई नहीं छोड़ने के आरोप लगाए। जेईएन हनुमान सिंह ने बताया कि ढींगड़ा पार्क ओवरहेड टैंक को भरने वाली मोटर शाम को खराब हो गई थी। इस कारण टैंक में समय से पानी नहीं भरा जा सका, जिससे सप्लाई देने में देरी हुई। उन्होंने बताया कि रात 11 सप्लाई शुरू की गई है, जो सुबह 3 बजे तक चलेगी।

एक्सईएन रवि बवेजा ने बताया कि जेईएन को टैंक भरवा कर पुरानी आबादी में पेयजल सप्लाई देने के लिए वहां भेजा था। लेकिन 15-20 लोगों ने टंकी भरने से पहले ही सप्लाई छोड़ने का दबाव बनाया। इस कारण जेईएन व उनकी टीम को परेशानी हुई। इससे पूर्व विभाग ने दिन में टेल पर बसी कॉलोनियों में टैंकरों से पानी आपूर्ति देना शुरू कर दिया था। जेसीटी मिल के सामने प्रतापनगर व चक 3 ई छोटी में टैंकरों से पानी की सप्लाई दी गई।

जलदाय विभाग के एक्सईएन रवि बवेजा ने बताया कि गर्मी के कारण कुछ मांग बढ़ी है। इस कारण टेल पर स्थित कॉलोनियों के आंशिक एरिया में पानी नहीं पहुंचने की शिकायत मिली है। वहां अतिरिक्त समय सप्लाई देने के साथ टैंकरों से पानी पहुंचाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार शहर के विभिन्न इलाकों में तय समय पर पानी की सप्लाई के साथ ही लोग मोटरें चला लेते हैं। इस कारण टेल के घरों में पानी नहीं पहुंच पाता।

शहर प्रथम के प्रताप नगर की गली नंबर 3 में रविवार को 7वें दिन भी लोगों को विभाग की पाइपलाइन से पानी नहीं मिला। इस पर एक्सईएन के निर्देश पर जेईएन हनुमान सिंह ने 2 टैंकरों से वहां पानी की आपूर्ति करवाई। अनुसूचित जाति छात्रावास में भी रविवार को टैंकर से पानी सप्लाई दी गई। जेईएन ने बताया कि प्रताप नगर में करीब 30 साल पहले पानी की लाइन डाली गई थी। अब इसकी जांच कर समस्या दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

इसी प्रकार एसएसबी रोड स्थित शिवनगर में पानी नहीं आने की शिकायत पर सहायक अभियंता रुपेश बिश्नोई एक टैंकर पानी लेकर मौके पर पहुंचे और लोगों को पानी का वितरण करवाया। गुरुनानक बस्ती में दो दिन की राहत के बाद फिर गली नंबर 7,8 व 9 में पानी नहीं पहुंचा। पार्षद प्रतिनिधि अरविंद ने सहायक अभियंता एश्वर्य मिश्रा को समस्या से अवगत करवाया तो उन्होंने रात तक टैंकर से पानी भिजवाने का भरोसा दिलवाया। एईएन ने बताया कि अतिरिक्त सप्लाई दी जा रही है। इधर पावनधाम मंदिर रोड के पास की कॉलोनी में नगरपरिषद ने टैंकर से पानी पहुंचाया।

इस बीच कांग्रेस नेता अशोक चांडक ने प्रतापनगर व चमडिया पट्टी एरिया में जाकर लोगों से पेयजल संबंधी समस्या जानी और समाधान का प्रयास किया। दोनों जगह उन्होंने टैंकरों से पानी की व्यवस्था करवाई। प्रताप नगर गली नं. 3 निवासी सुनील ने बताया कि सुबह अशोक चांडक ने कॉलोनी में आकर पानी की समस्या की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने फायर ब्रिगेड से पानी का बड़ा टैंकर मंगवाया, लेकिन रास्ता नहीं मिलने के कारण यह टैंकर कॉलोनी तक नहीं पहुंच पाया। इसके बाद छोटे टैंकरों से पानी पहुंचा। इसी प्रकार पावन धाम रोड पर नशा मुक्ति केंद्र के पास की कॉलोनी में जनवादी महिला समिति की संयुक्त सचिव अपराजिता सैनी के नेतृत्व में लोगों ने कई दिन से पानी नहीं आने की शिकायत नगरपरिषद में की। इस पर अशोक चांडक ने मौके पर पहुंचकर लोगों से जनसुनवाई की और तुरंत ही फायर ब्रिगेड के टैंकर से पानी मंगवाकर वितरण करवाया।



"कोच, क्रिकेटर, प्रथम श्रेणी और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के मेरे 43 साल के करियर के दौरान मैंने इससे पहले सिर्फ दो पारियां देखी थी। एक में रवि शास्त्री ने रणजी ट्रॉफी में छह छक्के जड़े थे और दूसरी में जावेद मियांदाद ने दुबई (शारजाह) में अंतिम गेंद में छक्का जड़ा था। इसके बाद मैं तुम्हें (रिंकू को) देख रहा हूं।" –चंद्रकांत पंडित

**केकेआर के मुख्य, रिंकू सिंह की सराहना करते हुए।**

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▶ मिचेल मार्श



**ऑस्ट्रेलिया** क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर मिचेल मार्श शादी के बंधन में बंध गए हैं। उन्होंने अपनी मंगेतर ग्रेटा मैक से शादी रचाई है, जिसमें उनके करीबी दोस्त और रिश्तेदार मौजूद रहे। बता दें, मार्श हाल ही में इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेलते हुए नजर आए थे और बीच में शादी के लिए स्वदेश लौटे थे। मार्श की पत्नी ग्रेटा एक बिजनेसवुमन हैं और फिलहाल अपने परिवार का ही बिजनेस संभाल रही हैं। ग्रेटा वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया यूनिवर्सिटी से स्नातक हैं। वह 'द फार्म मार्गरेट रिवर' कंपनी की को-डायरेक्टर भी हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** जिम्बाब्वे के तातेन्द्र तेपु ने मई 2004 में श्रीलंका के विरुद्ध अपनी टीम की कप्तानी करके सबसे कम उम्र का टेस्ट कप्तान बनने का रिकार्ड अपने नाम कर लिया।

## धवन की पारी सर्वश्रेष्ठ टी-20 पारियों में से एक : लारा

नयी दिल्ली, 10 अप्रैल। सनराइजर्स हैदराबाद के कोच ब्रायन लारा ने उनकी टीम के खिलाफ पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन की पारी को अब तक की सर्वश्रेष्ठ टी20 पारियों में से एक बताया। पंजाब ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 143/9 का स्कोर खड़ा किया। पंजाब के अन्य बल्लेबाज जहां बुरी तरह असफल रहे, वहीं कप्तान धवन ने 66 गेंद पर नाबाद 99 रन की पारी खेलकर अकेले अपनी टीम के लिये संघर्ष किया। लारा ने इंडियन प्रीमियर लीग के आधिकारिक प्रसारणकर्ता से कहा, "मुझे शिखर धवन की तारीफ करनी चाहिए। मुझे लगता है कि मैंने टी20 क्रिकेट में अब तक जो भी बेहतरीन पारियां देखी हैं, यह उनमें से एक है।" धवन को कुछ देर के लिये सैम करन का साथ मिला, लेकिन वह भी 22 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। पंजाब के नौ विकेट 88 रन पर गिरने के बाद धवन ने अंतिम पांच ओवर खुद खेले और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

## एशियाई चैम्पियनशिप के पहले दिन भारत ने जीते तीन पदक

अस्ताना (कजाखस्तान), 10 अप्रैल। भारत ने एशियाई सीनियर कुश्ती चैंपियनशिप (ग्रीको-रोमन प्रतियोगिता) के पहले दिन एक रजत और दो कांस्य पदक जीतकर आयोजन की शुरुआत की है। रूपिन ने रविवार को शुरु हुई प्रतियोगिता के 55 किग्रा वर्ग में रजत पदक हासिल किया, जबकि नीरज ने 63 किग्रा वर्ग में और सुनील कुमार ने 87 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीते। रूपिन को स्वर्ण पदक के लिये ईरान के दाद मर्ज़ का सामना करना था। ज़गरेब ओपन चैंपियन मर्ज़ ने 3-1 से जीत दर्ज करके स्वर्ण हासिल किया। इससे पूर्व, रूपिन ने शीर्ष वरीयता प्राप्त और 2022 के रजत पदक विजेता कजाकिस्तान की अमंगली बेकबोलातोव को क्वार्टर फाइनल में मात दी थी। सेमीफाइनल में रूपिन ने चीन के हैफेंग झांग को 3-1 से हराया था। दूसरी ओर, नीरज ने 63 किग्रा वर्ग में कोरिया के जिनसेब सोंग को 5-2 से हराकर कांस्य पदक जीता। भारतीय के लिये दूसरा कांस्य सुनील कुमार ने जीता, जिन्होंने 87 किग्रा वर्ग में जापान के मासाटो सुमी को 4-1 से शिकस्त दी।

## अधिकारी और रॉबर्टसन के बीच झड़प की समीक्षा करेगी रैफरी संस्था

लीवरपूल, 10 अप्रैल। पेशेवर रैफरी की प्रभारी संस्था प्रोफेशनल गेम मैच ऑफिशियल्स लिमिटेड (पीजीएमओएल) ने कहा है वे रविवार को आर्सेनल के खिलाफ लीवरपूल के मुकाबले के दौरान एंडी रॉबर्टसन और सहायक रैफरी कोन्सटेनटाइन हात्जिदाकिस के बीच झड़प की समीक्षा कर रहे हैं। वीडियो रीप्ले से संकेत मिलते हैं कि एनफील्ड में प्रीमियर लीग मैच के दौरान मध्यांतर की सीटी बजने के बाद हात्जिदाकिस ने लीवरपूल के डिफेंडर से टक्कर होने पर अपनी बांह उठाई। स्काई स्पोर्ट्स के कैमरों से जूम करने पर दिखा कि हात्जिदाकिस ने जानबूझकर अपना हाथ उठाया और रॉबर्टसन से संपर्क किया। रॉबर्टसन ने इशारा करके बताया कि अधिकारी ने उन्हें मारा। पीजीएमओएल ने बयान में पुष्टि की है कि वे इस मामले पर गौर करेंगे। संस्था ने बयान में कहा, "पीजीएमओएल को एनफील्ड में लीवरपूल बनाम आर्सेनल मैच के दौरान मध्यांतर के समय सहायक रैफरी कोन्सटेनटाइन हात्जिदाकिस और लीवरपूल के डिफेंडर एंड्रयू रॉबर्टसन से जुड़ी घटना की जानकारी है।"

## लगातार पांचवीं जीत से रीयाल मैड्रिड के करीब पहुंचा एटलेटिको

मैड्रिड, 10 अप्रैल। एटलेटिको मैड्रिड ने रविवार को यहां रायो वालेकानो को 2-1 से हराकर लगातार पांचवीं जीत दर्ज की और ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में दूसरे स्थान पर चल रहे रीयाल मैड्रिड से अब सिर्फ दो अंक पीछे है। एटलेटिको की ओर से पहले हाफ में नेहुएल मोलिना और मारिये हरमोसो ने दो मिनट के भीतर दो गोल दागकर टीम की 11 मैच में नौवीं जीत सुनिश्चित की। रायो को 62वें मिनट से 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा जब फ्लोरियन लेजेयुन को मैच से बाहर किया गया। रीयाल मैड्रिड को शनिवार को घरेलू मैदान पर विलारीयाल के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था। सोमवार को गिरोना से भिड़ने वाले बार्सीलोना ने शीर्ष पर मजबूत बढ़त बना रखी है।

# रोमांचक मुकाबले में सुपरजायंट्स की जीत

बेंगलुरु, 10 अप्रैल। लखनऊ सुपरजायंट्स ने मार्कस स्टॉयनिस (30 गेंद, 65 रन) और निकोलस पूरन (19 गेंद, 62 रन) की बेबाक बल्लेबाजी की बदौलत सांस रोक देने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को एक विकेट से मात दी। आरसीबी ने शीर्ष क्रम के प्रहार की मदद से सुपरजायंट्स के सामने 213 रन का लक्ष्य रखा, जिसे सुपरजायंट्स ने आखिरी गेंद पर हासिल कर लिया। मेज़बान टीम को विराट कोहली (44 गेंद, 61) रन ने मज़बूत शुरुआत दी, जबकि फाफ डु प्लेसिस (46 गेंद, 79 रन) और ग्लेन मैक्सवेल (29 गेंद, 59 रन) ने दूसरे विकेट के लिये 115 रन की विस्फोटक साझेदारी करके टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया।

स्टॉयनिस और पूरन की पारियों ने हालांकि इस स्कोर को बौना साबित कर दिया। दोनों बल्लेबाज क्रमशः 200 और 300 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से अर्द्धशतक जड़ने के बाद आउट हो गये, जिसके बाद सुपरजायंट्स को आखिरी ओवर में पांच रन चाहिये थे। हर्षल पटेल ने इस ओवर की पांच गेंदों पर दो बल्लेबाजों को आउट करने के साथ सिर्फ चार रन दिये। सुपरजायंट्स को आखिरी गेंद पर एक रन की जरूरत थी। आवेश खान इस गेंद को बल्ले से नहीं मार सके, लेकिन विकेट के पीछे दिनेश कार्तिक की गलती का फायदा उठाते हुए उन्होंने एक रन लेकर सुपरजायंट्स को जीत दिला दी।

सुपरजायंट्स के सामने 213 रन का बड़ा लक्ष्य था और आरसीबी के लिये गेंदबाजी की शुरुआत करने आये मोहम्मद सिराज ने पहले ओवर में दर्शनीय स्विंग पर काइल मेयर्स को बोल्ड किया। वेन पार्नेल ने चौथे ओवर में दीपक हुड्डा (नौ) और क्रुणाल पांड्या (शून्य) को पवेलियन लौटा दिया।



दूसरे छोर से केएल राहुल को भी संघर्ष करना पड़ा और सुपरजायंट्स पावरप्ले में 37 रन ही जोड़ सकी। सुपरजायंट्स को जब 13 ओवर में 170 रन चाहिये थे तब स्टॉयनिस ने जोखिम उठाते हुए आक्रामक बल्लेबाजी शुरू की। स्टॉयनिस को दो रन पर जीवनदान मिला था जब सिराज मिड-ऑन पर पीछे की ओर भागते हुए उनका कैच नहीं पकड़ सके थे। आरसीबी को इसका हरजाना भुगतना पड़ा और स्टॉयनिस ने 30 गेंद पर छह चौके और पांच छक्के लगाकर 65 रन की पारी खेल डाली। सुपरजायंट्स पलक झपकते ही 10 ओवर में 91 रन के स्कोर पर पहुंच गयी। कर्ण शर्मा ने 11वें ओवर में स्टॉयनिस को आउट करके आरसीबी को क्षिणक राहत दिलाई, लेकिन पूरन ने अपनी दूसरी ही गेंद पर छक्का लगाकर अपनी अविश्वसनीय पारी का आगाज कर दिया। कप्तान राहुल 20 गेंद पर 18 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद पूरन ने बडोनी के साथ मैच-जिताऊ साझेदारी की।

वामहस्त पूरन ने आरसीबी के सभी गेंदबाजों को निशाना बनाते हुए मात्र 19 गेंद पर 62 रन बनाये। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके और सात गगनचुंबी छक्के जड़ते हुए आयुष बडोनी के साथ छठे विकेट के लिये 84 रन की साझेदारी की। सुपरजायंट्स को चार ओवर में मात्र 28 रन चाहिये थे लेकिन इस मैच में दो और अहम मोड़ आये।

## दिल्ली दुरुस्त : कैपिटल्स को पहली जीत की तलाश

नयी दिल्ली,10 अप्रैल। डेविड वॉर्नर की दिल्ली कैपिटल्स मंगलवार को यहां अरुण जेटली स्टेडियम पर मुंबई इंडियन्स के खिलाफ उतरते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2023 सीजन में अपनी पहली जीत की तलाश करेगी।

मुंबई को भी उसके शुरुआती दो मुकाबलों में हार मिली है, लेकिन उसके कुछेक खिलाड़ी अलग-अलग समय पर अच्छा प्रदर्शन करते नज़र आये हैं। दूसरी ओर, दिल्ली हार की हैट्रिक लगा चुकी है और उसके सामने खराब फॉर्म और चोट से जुड़ी चिंताओं का अंबार लगा हुआ है।

सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ अब तक के तीन मैचों में तेज गेंदबाजों को पढ़ने में असफल रहे हैं। उनके जोड़ीदार डेविड वॉर्नर ने तीनों मैचों में अर्द्धशतक जमाये हैं, लेकिन उनका खराब स्ट्राइक रेट दिल्ली की हार का एक कारण ही बन सका है।

तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले मिचेल मार्श निजी कारणों से कुछ समय के लिये ऑस्ट्रेलिया लौट गये हैं। दिल्ली ने पिछले मैच में उनके स्थान पर मनीष पांडे को बल्लेबाजी के लिये उतारा लेकिन वह भी कुल शून्य रन का योगदान ही दे सके। मध्य ओवरों में रन गति बढ़ाना दिल्ली की सबसे बड़ी चिंता रही है। फ्रेंचाइजी से इसी सीजन जुड़े राइली रूसो अब तक कोई महत्वपूर्ण योगदान नहीं दे सके हैं। युवा विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने गुजरात टाइटन्स के विरुद्ध पदार्पण करते हुए आक्रामकता दिखाई थी, हालांकि उन्हें विकेट पर थोड़ा और समय बिताना होगा।

दिल्ली के बल्लेबाज जहां बड़ा स्कोर बनाने में असफल रहे हैं, वहीं गेंदबाज भी विपक्षी टीम पर दबाव नहीं बना सके हैं। दिल्ली भले ही मध्य ओवरों में रनगति पर किसी तरह लगाम लगा भी ले, अंतिम ओवरों में उसकी गेंदबाज़ी की कमज़ोरियां ज़ाहिर हो ही जाती हैं। तेज गेंदबाज खलील अहमद मांसपेशी की चोट के कारण मुंबई के खिलाफ मुकाबले से बाहर रह सकते हैं। अगर खलील मैच से पहले पूरी तरह फिट नहीं होते, तो दिल्ली उनके स्थान पर चेतन सकारिया को एकादश में शामिल कर सकती है।

दूसरी ओर, पांच बार की चैंपियन मुंबई को भी पहली जीत के साथ अंक तालिका में खाता खोलने का इंतजार होगा। आईपीएल 2020 में अजेय लगने वाली मुंबई पिछले तीन सीज़न से प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी है। जसप्रीत बुमराहा का चोटग्रस्त होना उनके लिये पहले ही बड़ी चिंता थी, जोफ्रा आर्चर भी कोहनी की समस्या के कारण टूर्नामेंट के कुछ हिस्से से बाहर रह सकते हैं। रोहित शर्मा, ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव की खराब फॉर्म के कारण मुंबई की बल्लेबाजी काफी हद तक तिलक वर्मा पर निर्भर है। अगर मुंबई अरुण जेटली स्टेडियम पर जीत दर्ज करके दो अंक हासिल करना चाहती है, तो उसके बल्लेबाजों को संयुक्त रूप से प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली के कोच रिकी पॉन्टिंग ने राजस्थान रॉयल्स के विरुद्ध हार के बाद कहा था कि उनकी टीम को आत्ममंथन की जरूरत है।

## त्रिपाठी की फॉर्म टीम के लिये अच्छा संकेत : एडेन मार्करम

हैदराबाद,10 अप्रैल। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान एडेन मार्करम ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 74 रन की मैच-जिताऊ पारी खेलने वाले बल्लेबाज राहुल त्रिपाठी की तारीफ करते हुए कहा है कि उनकी फॉर्म टीम के लिये अच्छा संकेत है। पंजाब ने रविवार शाम के मुकाबले में सनराइजर्स के सामने 144 रन का लक्ष्य रखा था, जिसका पीछा करते हुए मार्करम की टीम ने 45 रन पर दो विकेट गंवा दिये। राहुल ने इसके बाद सनराइजर्स की पारी को संभाला और कप्तान एडेन मार्करम के साथ 100 रन की नाबाद साझेदारी करके अपनी टीम को आठ विकेट की जीत दिलाई।

मार्करम ने मैच के बाद यहां संवाददाताओं से कहा, राहुल ने बिल्कुल अपनी ही तरह की पारी खेली। वह शानदार लय में थे। मैंने उनसे शुरुआत में बात की और उन्होंने कहा कि वह थोड़ा संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन एक बार पिच पर पांव जमाने के बाद उन्होंने गेंदबाजों पर दबाव बनाया। मैं उनके लिये खुश हूं। वह बल्लेबाजी क्रम पर से काफी दबाव हटा लेते हैं और उनका फॉर्म में होना हमारे लिये अच्छा संकेत है। यह आईपीएल के इस सीजन में सनराइजर्स की पहली जीत थी, जबकि पिछले दो मुकाबलों में उसे हार का सामना करना पड़ा था। मार्करम ने कहा कि वह इस मैच में अपनी योजनाओं को लागू कर पाये, जो सनराइजर्स हैदराबाद में बतौर कप्तान उनकी पहली जीत का कारण बना। मार्करम ने कहा, यह कहना मुश्किल है कि पिछले मैचों से इस मैच में क्या बदला, लेकिन हम अपनी योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू कर पाये। हमने पिछले मैचों में भी योजनाएं बनायी थीं लेकिन उन्हें ठीक तरह लागू नहीं कर सके थे। आज हम एकदम सटीक रहे, खासकर गेंदबाजी में। हमने नयी गेंद से विकेट लिये, पावरप्ले में विकेट लिये और उनपर दबाव बनाया।

## ग्रीन को उम्मीद, सचिन की सलाह आयेगी काम

नयी दिल्ली, 10 अप्रैल। आईपीएल के अपने पहले सत्र में 17 . 50 करोड़ रूपये में बिके कैमरन ग्रीन को उम्मीद है कि सचिन तेंदुलकर की सलाह से उन्हें लीग में मदद मिलेगी । अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और मध्यम तेज गेंदबाजी से ग्रीन दुनिया के सर्वश्रेष्ठ हरफनमौलाओं में से एक बन गए हैं।

ग्रीन अभी तक मुंबई इंडियंस के लिये अपना चिर परिचित फॉर्म नहीं दिखा सके हैं। मुंबई इंडियंस के आइकन तेंदुलकर से अपनी बातचीत के बारे में उन्होंने कहा ," सचिन जब बोलते हैं तो हर कोई सुनना चाहता है । उन्होंने बताया कि सफेद गेंद के क्रिकेट में बल्ला कैसे थामना है ताकि आफ साइड पर ज्यादा रन बन सकें ।" अपने करोड़ों रूपये के अनुबंध का कितना दबाव है, यह पूछने पर उन्होंने कहा, बिल्कुल नहीं। सहयोगी स्टाफ और सीनियर खिलाड़ियों से बात करके कोई दबाव महसूस नहीं होता । उन्होंने मुझे कहा है कि अपने खेल का पूरा मजा लो और मैं वही कर रहा हूं ।'

## बीसीसीआई ने घरेलू सीजन 2023-24 का शेड्यूल जारी किया

नई दिल्ली, 10 अप्रेल। भारतीय क्रिकेट का 2023-24 घरेलू सत्र दलीप ट्रॉफी टूर्नामेंट के साथ 28 जून से शुरू होगा जबकि रणजी ट्रॉफी का आयोजन अगले साल पांच जनवरी से होगा। इस दौरान दलीप ट्रॉफी छह क्षेत्रीय टीमों के बीच खेली जाएगी।

इसके बाद देवधर ट्रॉफी लिस्ट ए टूर्नामेंट 24 जुलाई से 3 अगस्त, ईरानी कप 1 से 5 अक्टूबर, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी पुरुषों की टी20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप 16 अक्टूबर से 6 नवंबर और विजय हजारे एक दिवसीय ट्रॉफी 23 नवंबर-दिसंबर 15 का आयोजन होगा।

पुरुषों के सीनियर वर्ग में रणजी ट्रॉफी सत्र का आखिरी टूर्नामेंट होगा। इसके एलीट ग्रुप के लीग चरण के मैच पांच जनवरी से 19 फरवरी के बीच खेले जायेंगे जबकि नॉकआउट चरण का आयोजन 23 फरवरी से 14 मार्च तक होगा। यह टूर्नामेंट 70 दिन तक चलेगा।

प्लेट ग्रुप के लीग मैच पांच जनवरी से पांच फरवरी के बीच जबकि नॉकआउट चरण नौ से 22 फरवरी तक खेला जाएगा। एलीट वर्ग में चार ग्रुप में आठ-आठ टीमें होंगी जिसमें से हर ग्रुप की शीर्ष की दो-दो टीमें क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

प्लेट ग्रुप में छह में से शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। प्लेट ग्रुप के फाइनल में पहुंचने वाली दोनों टीमें आगामी सत्र (2024-25) में एलीट ग्रुप में शामिल होंगी। एलीट ग्रुप की 32 टीमों की समग्र तालिका में आखिरी दो स्थान पर रहने वाली टीमें प्लेट ग्रुप में खिसक जायेंगी। सीनियर महिला सत्र की शुरुआत राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप के साथ होगी जो 19 अक्टूबर से नौ नवंबर के बीच खेली जाएगी, इसके बाद अंतर क्षेत्रीय टी20 ट्रॉफी 24 नवंबर से चार दिसंबर तक खेली जाएगी।

सीनियर महिला एकदिवसीय ट्रॉफी का आयोजन चार से 26 जनवरी के बीच होगा। सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी और वनडे ट्रॉफी में पांच ग्रुप होंगे। इसमें दो ग्रुप में आठ-आठ टीमें जबकि बाकी के तीन ग्रुप में सात-सात टीमें होगी। हर ग्रुप की शीर्ष दो स्थानों पर रहने वाली टीमें नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करेंगी। ग्रुप मैचों के बाद इन 10 टीमों में से शीर्ष छह टीमें क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी जबकि आखिरी की चार टीमों को अंतिम आठ में जगह के लिए प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेलना होगा।

# शुभमन गिल तोड़ सकते हैं कोहली का 973 रन का रिकॉर्ड : शास्त्री

मुंबई, 10 अप्रैल। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच रवि शास्त्री का मानना है कि सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल इंडियन प्रीमियर लीग के एक सीज़न में सर्वाधिक रन बनाने का विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं।

कोहली ने आईपीएल 2016 में अविश्ववसनीय प्रदर्शन करते हुए 16 मैचों में 81.08 की औसत और 152.03 के स्ट्राइक रेट से 973 रन बनाये थे। आईपीएल 2022 में जॉस बटलर नायाब फॉर्म में रहे, लेकिन वह भी 17 मैचों में 57.53 की औसत से 863 रन ही बना सके। शास्त्री ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, "यह एक सलामी बल्लेबाज ही कर सकता है, क्योंकि तभी उसे रन बनाने के कई मौके मिलेंगे। मुझे लगता है कि शुभमन गिल ऐसा कर सकते हैं क्योंकि वह अच्छी फॉर्म में हैं और इसलिए भी क्योंकि वह शीर्ष क्रम में खेलते हैं। उन्हें रन बनाने के अच्छे मौके मिलेंगे। पिचें अच्छी हैं, इसलिए अगर वह दो या तीन पारियों में लगातार 80-100 रन बना सकता है, तो उस समय उसके पास पहले से ही 300-400 रन होंगे। उन्होंने कहा, "मेरे हिसाब से रिकॉर्ड तोड़ना बहुत मुश्किल है, क्योंकि 900 से ज्यादा रन बहुत बड़ा होता है लेकिन एक बात यह है कि ओपनिंग बल्लेबाजों को दो अतिरिक्त मैच और दो अतिरिक्त पारियां मिलेंगी, इसलिये इस रिकॉर्ड को तोड़ना ओपनिंग बल्लेबाज के लिये ही संभव है।"

गिल के अलावा तिलक वर्मा और साई सुदर्शन दो अन्य युवा हैं जिन्होंने शास्त्री को प्रभावित किया है। शास्त्री का मानना है कि तिलक और सुदर्शन का भविष्य उज्ज्वल है और दोनों में अच्छा खिलाड़ी बनने की क्षमता है।

उन्होंने कहा, तिलक वर्मा और सुदर्शन, एक 20 साल का है, दूसरा 21 साल का है। उन्हें देखने में बहुत मज़ा आया है। क्योंकि उनका भविष्य उज्ज्वल दिख रहा है, उनका स्वभाव और परिपक्वता यह दर्शाता है कि उनमें अच्छा खिलाड़ी बनने की क्षमता है।"

# डब्ल्यूटीसी फाइनल की योजना बनाने के लिए द्रविड़ और अन्य कोचिंग सदस्य एनसीए में मिलेंगे

नयी दिल्ली, 10 अप्रैल। भारतीय क्रिकेट के शीर्ष सितारे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में व्यस्त हैं लेकिन मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और उनकी टीम जून में होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की तैयारियों के लिए मंगलवार को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में जुटेगी। भारतीय टीम ने लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह पक्की की है। लंदन के द ओवल में सात से 11 जून तक खेले जाने वाले फाइनल में भारत के सामने ऑस्ट्रेलिया की चुनौती होगी। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, मध्य क्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर और विदेशी सरजमीं पर भारत की कुछ यादगार जीत के नायक रहे विकेटकीपर ऋषभ पंत जैसे सितारों की चोट ने टीम की परेशानी बढ़ा दी है। टीम को डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले इन खिलाड़ियों का विकल्प ढूंढना होगा। इस साल के आखिर में होने वाले एकदिवसीय विश्व को देखते हुए खिलाड़ियों के कार्यभार प्रबंधन पर भी ध्यान देना होगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर बताया, "द्रविड़ बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर, गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे, क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप और अन्य सहयोगी स्टाफ के साथ वीवीएस लक्ष्मण की अध्यक्षता वाली एनसीए टीम से मुलाकात करेंगे, जिसमें राष्ट्रीय टीम से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।" एनसीए प्रमुख के तौर पर लक्ष्मण बीसीसीआई के अनुबंधित चोटिल खिलाड़ियों के रिहैबिलिटेशन (चोट से उबरने की प्रक्रिया) के साथ 'लक्षित' खिलाड़ियों (भारत, भारत ए) की प्रगति पर नज़र रखने के लिए भी जिम्मेदार हैं। वह इसके साथ ही उभरते हुए खिलाड़ियों (19 से 23 वर्ष के बीच) के प्रदर्शन पर भी नजर रखते हैं। इस बात की संभावना है कि द्रविड़ और लक्ष्मण दोनों अपनी-अपनी टीमों के साथ कार्यभार प्रबंधन और फाइनल की तैयारी के संबंध में योजनाओं पर विस्तार से चर्चा करेंगे। इस दौरान एनसीए में खेल विज्ञान के प्रमुख नितिन पटेल से खिलाड़ियों के बार-बार चोटिल होने को लेकर कड़े सवालों का सामना करना पड़ सकता है। अय्यर और दीपक चाहर फिट घोषित होने के बाद बार-बार चोटिल होते रहे हैं। आईपीएल की ज्यादातर फ्रेंचाइजी टीमों ने इस बात की पुष्टि की है कि तेज गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन को लेकर बीसीसीआई की ओर से उन्हें कोई लिखित संदेश नहीं मिला है। डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए जिन पांच गेंदबाजों को टीम में जगह मिलना लगभग तय है उनमें मोहम्मद शमी , उमेश यादव , मोहम्मद सिराज, शारदुल ठाकुर और जयदेव उनादकट का नाम शामिल हैं। यह सभी गेंदबाज आईपीएल खेल रहे है। एक पूर्व कोच, जो भारतीय टीम के सहायक सदस्य रह चुके है ने माना कि तेज गेंदबाजों को लेकर टीम को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा, "अगर सात जून को डब्ल्यूटीसी फाइनल की शुरुआत है, तो सभी भारतीय तेज गेंदबाजों को प्रति सप्ताह कम से कम 200 गेंद (लगभग 33 ओवर) गेंदबाजी करने की आवश्यकता होती है। इस तरह आप अपने पैरों को अभ्यस्त करते हैं और ताकत बढ़ाते हैं।" उन्होंने कहा, " लेकिन आईपीएल में, मुख्य स्टार गेंदबाज शायद ही हर प्रशिक्षण सत्र के लिए आते हैं। आप ज्यादातर उन्हें खेल से एक दिन पहले आराम करते हुए देखेंगे, क्योंकि उससे एक दिन पहले यात्रा होती है।" इस पूर्व कोच ने कहा, " अधिक यात्रा करने के कारण चोट लगने की समस्या ज्यादा होती है। " इंग्लैंड में भारतीय टीम को अभ्यास मैच की कमी से जूझना होगा। आईपीएल के प्लेऑफ से बाहर होने वाली टीमों के खिलाड़ी अगर दूसरे खिलाड़ियों से पहले इंग्लैंड पहुंच भी गये तो वे आपस में ही अभ्यास मैच खेल पायेंगे। बीसीसीआई अगर इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड को अभ्यास मैच के लिए मना भी लेता है तो इसके लिए उसे स्तरीय खिलाड़ी नहीं मिलेंगे क्योंकि काउंटी सत्र चल रहा है। अय्यर के चोटिल होने से हालांकि अजिंक्य रहाणे की राष्ट्रीय टीम में वापसी हो सकती है। रहाणे ने घरेलू सत्र में 600 से अधिक रन बनाये हैं और मध्यक्रम में टीम को इंग्लैंड की परिस्थितियों के लिए 82 टेस्ट के इस अनुभवी खिलाड़ी से बेहतर विकल्प शायद ही मिले। कोणा भरत बल्ले से और विकेट के पीछे प्रभावित करने में विफल रहे जिससे लोकेश राहुल को विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी दी जा सकती है। ऐसे में वह मध्यक्रम में बल्लेबाजी करेंगे।


**उत्तर पश्चिम रेलवे** G20

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा द्वारा)**
**संख्या : 2023-12- Component Cleaning**
**दिनांक : 08.04.23**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मुख्य कारखाना प्रबंधक, कैरिज कारखाना, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर द्वारा ई – निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **01. कार्य का नाम व स्थानः** Under Frame Component Cleaning, Cleaning & Washing of Coaches & different components cleaning and other activities of CMS lab at Carriage workshop, NWR, Jodhpur. **02. कार्य की अनुमानित लागत :** रु 6893018.90 (रु अडसठ लाख तिरानवे हजार अठारह रूपये एवं नब्बे पैसे मात्र) **03. बयाना राशि जो जमा करानी हैं।** :रु. 137900.00/– (रुपये एक लाख सैंतीस हजार नौ सौ मात्र ) **04. ई – निविदा जमा करने की अन्तिम दिनांक व समय तथा ई– निविदा खोलने की दिनांक व समयः** 01.05.2023 को 15:00 बजे तक तथा 01.05.2023 को 15:00 बजे के बाद **05. वेबसाइट विवरण जहां से ई–निविदा सम्बन्धित पूर्ण विवरण प्राप्त किया जा सकता हैं। : www.ireps.gov.in** डब्लूडब्लूडब्लू.आईआरईपीएस.जीओवी.आईएन **06. कार्यालय का पता जहां से निविदा जारी की गयी ।** : मुख्य कारखाना प्रबंधक कार्यालय, कैरिज कारखाना, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर– 342001 राजस्थान

**361-DG/23**

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें



**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर पालिका लालसोट**

**लोक सूचना**

सं-210 दिनांक-10.4.203

(1) मुकेश कुमार शर्मा पुत्र रामनिवास शर्मानिवासी लालसोट जिला दौसा।
(2) शकील खान पुत्र बाबू खां, निवासी लालसोट तहसील लालसोट जिला दौसा ।
(3) संतोष देवी पत्नी रामप्रसाद शर्मानिवासी डिडवाना तहसील लालसोट जिला दौसा।
(4) सुनिल कुमार पुत्र दीपक कुमार शर्मानिवासी चांदसेन तहसील लालसोट जिला दौसा।
ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक (आवासीय) प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया हैं, अर्थातः-

| क्र. सं. | जिले सहित तहसील का नाम | राजस्व ग्राम का नाम | खसरा सं. | 90 क हेतु प्रस्तावित क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लालसोट जिला दौसा | सालगरामपुरा चक नं. 3 | खसरा नं.8/1 रकबा 7 बीघा 14 बिस्वा | 7 बीघा 14 बिस्वा सम्पूर्ण |
| | | | कुल किता 1,7 बीघा 14 बिस्वा | 7 बीघा 14 बिस्वा सम्पूर्ण |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता हैकि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन आवासीय प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोईआक्षेप हैं तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर -भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत के भीतर -भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा।कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 10.4.2023 को जारी की गयी।

(सीमा चौधरी) प्राधिकृति अधिकारी नगर पालिका लालसोट



**कार्यालय जिला परिषद् (पंचायत प्रकोष्ठ) दौसा**

क्रमांक- जि.प.दौ./लेखा/2023/100-104 दिनांक-10.4.2023

**"संशोधित निविदा सूचना"**

कार्यालय जिला परिषद् दौसा द्वारा ऑन-लाईन पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in पर अपलोड गई निविदा क्रमांक 29-34, 35-40, दिनांक 6.4.2023 की अनुमानित लागत 5.00-5.00 लाख के स्थान पर 9.90-9.90 लाख किये जाते है तथा निविदा संख्या 1531-36 दिनांक 6.4.2023 की अनुमानित लागत 4.90 लाख के स्थान पर 4.90 लाख रहेगी।साथ ही इनको दिनांक 13.4.20223 को दोपहर 1:00 बजे तक स्वीकार की जानी थी, जिनको अब दिनांक 17.4.2023 को दोपहर 1: 00 बजे तक स्वीकार किये जा सकेंगे तथा इसी दिन निविदा समिति के समक्ष दोपहर 2:00 बजे बाद खोले जावेंगे।

(आर.के.मीना)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद दौसा



**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank

CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022
प्राधिकृत अधिकारी - अक्षय खंडेलवाल, संपर्क नम्बर- 8290047519 ई-मेल आईडी-akshay.khandelwal@idfcbank.com

**परिशिष्ट-IV-A**
**(नियम 8 (6) का प्रावधान देखें)**
**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिये प्राइवेट ट्रीटी सेल नोटिस।

एतथ्द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से ऋणग्रहिता (ओं) व जमानती (यों) को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित अचल सम्पत्तियाँ सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड तथा अब आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री 28.04.2023 को 'जहां है जैसी है', 'जो कुछ है यह है' तथा 'जो कुछ है वहां है' के आधार पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड) को 26.04.2021 को बकाया रूपये 56,22,297.37/- की मै. सुहेब्स एक्सपोर्ट, श्री अखलाक घवानी, श्री नजारा घवानी, श्रीमती सुहैबनजारा घवानी (ऋणग्रहिता-सह-ऋणग्रहिता (ओं) से वसूली के लिये की जायेगी।

आरक्षित मूल्य रूपये 22,00,000/- होगा।

**अचल सम्पत्तियों का विवरण**

**सम्पत्ति यूनिट नं. जी-8, ग्राउन्ड फ्लोर, महिमा क्रिस्टल माल, बनीपार्क, जयपुर-302016 का पूरा एवं प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल 31.10 वर्गगज, और सीमायें निम्न है- पूर्व-दुकान नं.7, पश्चिम-दुकान नं.9, उत्तर-कोरीडोर, दक्षिण-कोरीडोर**

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक को देखें अर्थात् http://idfcfirstbank.auctiontiger.net/EPROC एवं www.idfcfirstbank.com

स्थान- जयपुर
दिनांक - 10.04.2023

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

## संक्षिप्त

### हमले के विरोध में हड़ताल आज

**खैरथल,** (निसं)। शहर के मध्य स्थित बाजार हेमू कालानी चौक पर फल विक्रेता दीपक उर्फ दीपू पर जानलेवा हमला करने के विरोध में मंगलवार को फल सब्जी विक्रेताओं हड़ताल रहेगी। सब्जी मंडी आढ़त संघ के अध्यक्ष दुर्गा दास परवाना व फल सब्जी विक्रेता संघ के अध्यक्ष धर्म दास गनवानी ने बताया कि भीड़ भरे बाजार में इस तरह वारदात होना बहुत गंभीर और चिंताजनक है। अब तक पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार भी नहीं किया है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को हड़ताल पूर्णत: हड़ताल रखते हुए सब्जी मंडी के गेट पर शांतिपूर्वक धरना दिया जाएगा।

### तिवाड़ी को शाकंभरी की तस्वीर भेंट की

**सांभरझील,** (निसं)। यहां ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंवाल ने राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी से मुलाकात कर गांव के विकास के लिए अनेक मुद्दों पर चर्चा की तथा मां शाकंभरी की तस्वीर भेंट कर उन्हें सांभर आने का न्योता दिया। इस मौके पर उनकी ओर से सांभर साल्ट कर्मचारियों की लंबित विभिन्न मांगों को लेकर एक प्रतिवेदन भी सौंपा गया।

### पेंशनर समाज की बैठक

**फुलेरा,** (निसं)। कस्बे के गणगौरी बाजार स्थिति रामद्वारा भवन परिसर में राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा फुलेरा की मासिक बैठक पेंशनर समाज के अध्यक्ष शक्ति सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। महामंत्री भंवर लाल कुमावत ने बताया कि बैठक में कार्यकारिणी के पदाधिकारीयों को अपने अपने पद के अनुरूप कार्य करने के अधिकारों, कत्तव्यों एवं दायित्वों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

### सर्व ब्राहम्ण महासभा की बैठक

**दूदू,** (निसं)। कस्बे के गणेश मंदिर में रविवार को सर्व ब्राहम्ण महासभा इकाइ दूदू के अध्यक्ष पंडित महेश चन्द शर्मा की अध्यक्षता में नयी कार्यकरीणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में परशुराम जयंती मनाये जाने का निर्णय लेकर तैयारियों के कार्यों का विभाजन कर जिम्मेदारी सौंपी।

# दौसा जिला स्थापना दिवस पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

**लालसोट,** (निसं)। उपखंड एवं नगरपालिका प्रशासन के तत्वावधान में दौसा जिले के स्थापना दिवस पर श्रीअशोक शर्मा राजकीय विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए।

सर्व प्रथम कार्यकम में नगरपालिका चेयरमैन रक्षा मिश्रा उपखंड अधिकारी बृजेन्द्र मीना तहसीलदार मदन लाल प्रिंसिपल मदन लाल पारीक, स्काउट प्रभारी कमिश्नर एवं प्रिंसिपल अंजना त्यागी ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की, इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य मदन लाल पारीक ने दौसा जिले पर गहनता से प्रकाश डाला एवं सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार एवं माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में नगरपालिका चेयरमैन रक्षा मिश्रा ने कहा कि दौसा जिले को सरकारी योजनाओं का फायदा निरंतर मिल रहा है। विकास कार्यों में दौसा अव्वल दर्जे पर है, इस वर्ष बजट में भी दौसा जिले को सरकार की ओर से खूब सौगात दी गयी हैं। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। स्काउट सचिव श्रीकान्त शर्मा ने स्व रचित रंग रंगीली देवनगरी दौसा महिमाकारी कविता का पाठ किया। इस दौरान पूर्व संध्या पर रंगोली बनाने वाली रेंजर बालिकाओं सहित समस्त प्रस्तुति देने वाली बालिकाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में तालेड़ा जमात प्रिंसिपल उषा शर्मा वाईस प्रिंसिपल पुनीराम मीना स्काउट टीसी योगगुरु प्रभुलाल शर्मा,मोहन उपाध्याय अरविंद मीना एवं स्थानीय विद्यार्थी स्काउट गाइड रोवर रेंजर नगर पालिका क्षेत्र के शिक्षकगण सहित आमजन उपस्थित रहे।



लालसोट उपखंड मुख्यालय पर दौसा जिला के स्थापना उत्सव पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुत किए।

## 11 उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने की स्वीकृति जारी

**लालसोट/रामगढ़ पचवारा,** (निसं)। विधानसभा क्षेत्र में बजट घोषणा के करीब 11 उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने की स्वीकृति जारी होने के साथ स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हुआ है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने बताया कि बजट घोषणा के अनुरूप लालसोट रामगढ़ पचवारा उपखंड क्षेत्र में करीब 11 उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने के लिए स्वीकृति दिलाई गई है। चिकित्सा मंत्री मीणा ने बताया कि रामगढ़ पचवारा उपखंड क्षेत्र के बीछा ग्राम पंचायत के बिलका व हमीरपुरा गांव में व बीडोली ग्राम पंचायत में पीपली पातलवास पंचायत के ढोलावास ग्राम में सिंहपुरा ग्राम पंचायत के गोपालपुरा में हेमल्यावाडा ग्राम पंचायत के चांदावास गांव में लाहडी का वास ग्राम में रालावास ग्राम पंचायत के टोरडा ग्राम में इसी तरह लालसोट उपखंड क्षेत्र के बिलोना खुर्द ग्राम पंचायत के रायपुरा ग्राम में टोडा ठेकला ग्राम पंचायत के किशनपुरा ग्राम में तलाव गांव के ग्राम पंचायत के चिमनपुरा ग्राम सहित 11 जगहों पर नवीन उप स्वास्थ्य केंद्रों खोलने की स्वीकृति जारी की गई है। मंत्री मीणा ने बताया कि उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने से चिकित्सा सेवाओं का विस्तार होगा।

## सार-समाचार

### मंत्रालयिक कर्मचारियों ने ज्ञापन दिया



**टोंक,** (निसं)। राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अव्हान पर जिले के सभी विभागों के मंत्रालयिक कर्मचारी 9 सूत्री मांग पत्र के समर्थन में सोमवार से अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर रहकर जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देकर मांग की गई कि 16 अप्रेल तक मांग पत्र पर कार्यवाही नहीं होने पर 17 अप्रेल को महापडाव के लिए सभी मंत्रालयिक कर्मचारी जयपुर के लिए कूच करेंगे। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष राजेश कुमार नामा के नेतृत्व में जिसमें पारस जैन, बद्रीलाल वर्मा, महावीर धाकड, मुकेश चौधरी, सादिक केसरी, प्रकाश चन्द पाठक, शंकरलाल वर्मा, भवर लाल मीणा, उम्मेद सिंह सैनी, ज्ञान चन्द जैन, प्रेमचन्द बैरवा, श्रीकान्त, अवनिश, जितेन्द्र, धर्मराज, अर्जुन बैरवा, सालिक हुसैन, आराधना शर्मा, निशा मीणा, शगुप्ता परवीन, राकिशोर मीणा, महेश बैरवा, भवानी सिंह तंवर, अबुल हसन, लीलाधर बैरवा आदि मंत्रालयिक कर्मचारी शामिल हुये।

### घोषणा पूरी नहीं होने पर ज्ञापन दिया

**नारायणपुर,** (निसं)। सैनिक कल्याण मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास और कैबिनेट मंत्री शकुंतला रावत द्वारा शहीद रामसिंह जाट मूर्ति अनावरण कार्यक्रम पर शहीद के सम्मान में की गई घोषणा पूरी नहीं होने पर सोमवार को वीरांगना कमोद देवी व उनके परिजनों ने एसडीएम सुनील कुमार को मंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को जल्द पूरा करने के लिए ज्ञापन दिया हैं। ज्ञापन के मुताबिक 4 सितम्बर 2021 को उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत ज्ञानपुरा कीरों की ढाणी निवासी हवलदार शहीद रामसिंह जाट की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में प्रतापसिंह खाचरियावास और कैबिनेट मंत्री रावत ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए शहीद के सम्मान में शहीद रामसिंह जाट स्टेडियम, शहीद के नाम पर कॉलोनी का नाम, शहीद के नाम पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने व खोलने की घोषणा की गई थी। कैबिनेट मंत्री द्वारा घोषणा के 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी क्रियान्विति नहीं हुई। जिससे शहीद के परिजनों में रोष बना हुआ है।

### यादव समाज को जागरूक किया

**बहरोड़/ नीमराना,** (निसं)। जयपुर में 16 अप्रैल को मानसरोवर स्थित वीटी रोड ग्राउंड पर होने जा रहे अहीर जनजागृति महासम्मेलन की तैयारियों को लेकर यादव समाज के पुरुष नेताओं ने समाज के बलिदान की याद दिलाने के साथ ही शक्ति प्रदर्शन के माध्यम से अहीर रेजिमेंट के गठन आदि की मांग को लेकर महा सम्मेलन में पहुंचने के लिए समाज के पुरुषों को जागरूक किया। कान्हावास, बीरनवास, ढाणी डाबड़वास, चावंडी, नानगवास, महतावास, सांतो, हुडिया खुर्द व कला, जैतपुर, बींझपुर, परतापुर, रामचंद्रपुरा, रघुनाथपुरा, काठुवास मंगलपुर एवं आनंदपुर तथा मांढण आदि गांवों में संयुक्त अहीर जन जागृति मंच बहरोड़ के बस्तीराम यादव प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रधान प्रतिनिधि बहरोड़, बलवान सिंह यादव पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, एडवोकेट रोहिताश यादव, सुरेश यादव वरिष्ठ भाजपा नेता बहरोड़ आदि ने 16 महासम्मेलन में पहुंचने के लिए जागरूक किया।

### राठौड़ के जन्मदिन पर कई कार्यक्रम होंगे

**पावटा,** (निसं)। राजस्थान विधानसभा नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक राजेंद्र सिंह राठौड़ के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 16 अप्रेल रविवार को पावटा पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल के नेतृत्व में होटल होली डे फन में भव्य स्वागत कार्यक्रम व विशाल बाइक रैली एवं रक्तदान शिविर का आयोजन को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान गोपाल अग्रवाल ने बताया कि राजेंद्र सिंह राठौड का भव्य स्वागत कार्यक्रम के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया जायेगा। वहीं स्वागत कार्यक्रम के बाद होटल से विशाल बाइक रैली के साथ राठौड पावटा सहित अन्य जगहों पर विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इस मौके पर गोपाल अग्रवाल द्वारा विकास ओला, नितिन शेखावत, विकास सिंह, दीपक पटेल, हिमांशु पंडित, मुन्ना पंडित, राहुल गोयल, शिवम शर्मा, विक्की शेखावत, युवराज सिंह, महेंद्र शेखावत, जितेंद्र सिंह, धर्म सिंह सहित मौजूद युवाओं को कार्यक्रम को लेकर जिम्मेदारियां सौंपी गई।

### किसान के छप्पर में आग लगी

**चाकसू,** (निसं)। उपखण्ड की कोटखावदा तहसील के विमलपुरा गांव में सोमवार को दो भाइयों के छप्पर मकान में अचानक आग लग गयी। जिससे कच्चे मकान में रखा घरेलू सामान व पशुओं का चारा राख के ढेर में बदल गया। कोटखावदा थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि विमलपुरा गांव में सगे भाई शंकर मीना व देवनारायण मीना का मकान है इसी के पास खाने-पीने के लिये कच्ची रसोई बनी हुई है। जिसमें सोमवार को अचानक आग लग गयी जो हवा के तेज वेग से दूर तक फैल गयी। जिससे ग्रामीणों में अफरा-तफ़री मच गई और अपने स्तर पर आग पर काबू पा लिया बाद में चाकसू से पहुंची दमकल ने आग को पूरी तरह से बुझा दिया। वही ग्रामीणों ने प्रशासन से आग से हुए नुकसान का मुहवजा दिलवाने की मांग की है।

### महिला का शव फार्म पॉण्ड में मिला

**मालपुरा,** (निसं)। लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र के सुवादियाडी से मोरला जाने वाले कच्चे रास्ते पर एक खेत में बने फार्म पॉण्ड में वृद्ध महिला का शव तैरता मिला। जानकारी में सामने आया कि वृद्ध महिला पांची देवी पत्नी कानाराम भील जो कि अपनी बेटी से मिलने मोरला जाने के लिए रविवार की शाम को घर से निकली थी। सोमवार सवेरे तक मोरला नहीं पहुंचने की मिली सूचना पर परिजनों ने आस-पास तलाशी की तो सोमवार को सांवर लाल जाट के खेत में बने फार्म पॉण्ड में एक महिला का शव तैरते मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से शव को बाहर निकाल शव की शिनाख्त कर सुवादियाडी वृद्ध महिला पांची देवी भील के रूप में की गई।

## फुले जयंती पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

■ प्रतिभाओं का सम्मान भी किया

**कोटपूतली,** (निसं)। महात्मा ज्योतिबा फुले की 196 वीं जयंती की पूर्व संध्या पर अमर शहीदों के सम्मान में सोमवार को कस्बे के डाबला रोड़ स्थित नारायणा मैरिज गार्डन में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जहां युवाओं ने बढ़-चढकर रक्तदान किया। इस दौरान कुल 161 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस दौरान विशाल नि:शुल्क चिकित्सा शिविर भी आयोजित हुआ।

जहां आंखों की नि:शुल्क जांच करते हुए 200 मरीजों को दवाओं का वितरण किया गया। साथ ही विभिन्न प्रकार की बीमारियों की जांच भी की गई। इस मौके पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन भी हुआ। जिसमें 10 वीं एवं 12 वीं के 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं व सीए, नीट, आईआईटी एवं एमसीआई सीए में चयनित विद्यार्थियों समेत राजकीय सेवा में चयनित समाज के युवाओं को भी प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान टोरडा के महंत मोहनदास महाराज, वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश गोयल, वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना, यादराम जांगल, पूर्व विधायक सुभाष चंद शर्मा, सभापति प्रतिनिधि एड. दुर्गाप्रसाद सैनी, हनुमान सैनी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया लाल सैनी, बिड़दीचंद सैनी, पूर्व चेयरमैन प्रकाश चंद सैनी व एड. महेन्द्र सैनी, इंजी. सुभाष घोघड़, एड. सुरेन्द्र चौधरी, महेन्द्र जांगल, सुभाष दवाईवाला, मनोज नारायण शर्मा, रामकुमार सैनी, सैनी सभाध्यक्ष राकेश सैनी, रोहिताश सैनी, रामसिंह सैनी, योगेश सैनी, महावीर सांखला, पार्षद नाहरसिंह पायला, मनोज गौड़, रघुवीर गोयल, कृष्ण कारोडिया, सोनू आर्य, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी, पार्षद प्रमोद गुरुजी, सुनिल सैनी, महेन्द्र सैनी, रमन सैनी, महेश सैनी, विक्रम सैनी व अभिषेक सैनी सहित अन्य मौजूद थे।

## 840 मरीज लाभान्वित, 321 मरीजों का होगा ऑपरेशन

■ नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित

**कोटपूतली,** (निसं)। स्थानीय राठौड़ पार्क के पास डॉ. महेश अग्रवाल क्लिनिक पर सोमवार को स्व. चमेली देवी एवं स्व. गोकुल चंद अग्रवाल की पुण्य स्मृति में चमेली देवी गोकुल चंद अग्रवाल चौरीटेबल ट्रस्ट एवं मिश्री देवी आई हॉस्पिटल व रिसर्च सैंटर, बहरोड़ के संयुक्त तत्वाधान में आंखों का विशाल नि:शुल्क चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर संयोजक डॉ. महेश अग्रवाल व एड. मधुसुदन अग्रवाल ने कि शिविर में बहरोड़ के सुप्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ. विरेन्द्र यादव, डॉ. सतीश तापडिया व डॉ. यति गोठवाल ने अपनी सेवायें दी।

इस दौरान कुल 840 मरीजों की नि:शुल्क नेत्रों की जांच कर सभी प्रकार की दवाईयां भी नि:शुल्क वितरित कि गई। मिश्री देवी आई हॉस्पिटल एवं रिसर्च सैंटर के निदेशक डॉ. वीरेन्द्र यादव ने बताया कि शिविर में चयनित 321 मरीजों का आगामी 19, 20, 21, 24 व 28 अप्रैल को बहरोड़ स्थित अस्पताल में नि:शुल्क ऑपरेशन किया जायेगा। इस दौरान जगदीश अग्रवाल, नरेन्द्र अग्रवाल, आभा, अंजली, कान्ता, शिक्षिता, विशाल, स्वाती, अंशुल, हर्ष, श्रेया व सुमन ने अपनी सेवायें प्रदान की।

शिविर में पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, भाजपा नेता मुकेश गोयल, एड. अशोक बंसल, पवन दीवान, विनोद गोयल, धर्मपाल सोनी, डॉ. विजय गुप्ता, डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता, ओमप्रकाश बंसल,एड.राजेश चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद थे।



नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में भीड़ उमड़ी।

## परशुराम जन्मोत्सव को लेकर बैठक

**पावटा,** (निसं)। 22 अप्रेल को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम व भव्यता से मनाने की रूपरेखा के साथ ब्राह्मण महासभा पावटा नगर की नवीन कार्यकारिणी के गठन को लेकर ब्राह्मण महासभा पावटा नगर की बैठक का आयोजन हखडेत हनुमान मंदिर पावटा मंदिर परिसर में सुरेश शर्मा की अध्यक्षता व तहसील ब्राह्मण महासभा पावटा अध्यक्ष राजेश शर्मा की मौजूदगी हुआ।

जिसमें भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने की रणनीति तैयार के साथ नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें पावटा ब्राह्मण समाज के लोगों की सहमति से सुरेश शर्मा नयाबासी को फिर से नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं चंद्रप्रकाश गौड व सुरेश हरितवाल को उपाध्यक्ष एवं एडवोकेट विष्णु पटेल को महासचिव, विकास शर्मा को पुन: कोषाध्यक्ष, पूर्व सरपंच गिरिराज बोहरा को मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया। वही पूर्व चेतन जोशी, राजू पटेल, पवन टीलावत को प्रचार प्रसार का कार्यभार सौपा गया।

समाज के बंधुओं ने बताया कि पावटा नगर में भगवान परशुराम जयंती को तहसील स्तर पर मना कर ऐतिहासिक बनाया जाएगा इसके लिए पावटा तहसील से जुडे प्रत्येक ब्राह्मण समाज के प्रत्येक घरों तक संपर्क किया जाएगा। इस मौके पर दुर्गादत्त भारद्वाज गुरुजी, विष्णु टोरडा वाला, दिनेश शर्मा, गजानंद बोहरा, दीपक पटेल, योगेश शर्मा, मुकुंद माधव, राहुल शर्मा, धीरज वशिष्ठ, भवानी शंकर, राजू पटेल, धीरज पटेल, सुनील गौड, श्रीकांत मिश्रा, सचिन गंगावत, चेतन शर्मा, हितेंद्र लाटा सहित बड़ी संख्या में विप्र बंधु मौजूद रहे।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

**जमवारामगढ़,** (निसं)। राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड टीम जमवारामगढ़ माली समाज के तत्वावधान में सोमवार को कमलेश्वर महादेव मंदिर जमवारामगढ़ में महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती समारोह रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ।

महात्मा ज्योतिबा फूले की 196वीं जयंती से एक दिन पहले जमवारामगढ़ में कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम आयोजन कमेटी व माली समाज के लोगों ने मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक गोपाल मीणा से जमवारामगढ़ में महात्मा ज्योतिबा फुले की मूर्ति स्थापना व समारोह आयोजन के लिए सरकारी भूमि आवंटन करने की मांग की। कार्यक्रम संरक्षक नारायण सहाय माली सहित अन्य लोगों ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले महान समाज सेवक थे उनके आदर्शों को जन जन तक पहुंचाने के लिए उन्हें यहां जमवारामगढ़ में स्मारक की आवश्यकता है। सरकार को उसके लिए यहां भूमि आवंटन चाहिए।

## विवाहिता ने फांसी लगाई

**निवाई,** (निसं)। गांव राहोली में रविवार की देर शाम को एक विवाहिता ने फन्दे से झूलकर जीवनलीला समाप्त कर ली है। घटना की सूचना पर पुलिस उपाधीक्षक संदीप सारस्वत मौके पर पहुंचे। जहां पुलिस उपाधीक्षक ने एफएसएल टीम को टोंक से बुलवाया। टीम ने घटनास्थल से विभिन्न प्रकार के सेम्पल और साक्ष्य जुटाए। इसके बाद शव को सीएचसी निवाई लेकर आए। जहां मृतका के शव को मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस ने मृतका के पीहर पक्ष को घटना की जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक संदीप सारस्वत ने बताया कि रविवार की देरशाम को सपना रैगर 25 वर्ष पत्नी गिर्राज रैगर निवासी राहोली अपने पति और अन्य परिजनों के साथ खेत पर फसल कटाई कार्य कर रही थी। शाम को वह खेत से खाना बनाने के लिए घर आ गई। घर आने के बाद विवाहिता ने कमरे की कुंदी लगा ली और छत में कडे से लूंगडी का फन्दा बनाकर लटक गई। सारस्वत ने बताया कि सोमवार को मृतका के पीहर पक्ष आने के बाद पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

## श्याम भजन संध्या सम्पन्न

**निवाई,** (निसं)। श्याम मंदिर में रविवार की रात भजन संध्या आयोजित की गई। भजन संध्या में भजन गायक अजय शर्मा दौसा, राजू खंडेलवाल, महेश दरगड, महेश खंडवाल, अनिल बावरा, राकेश गुरुजी सहित आदि ने भजनों पर प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर श्याम बाबा का कलकत्ता से मंगवाए फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया गया। इस दौरान छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। अर्द्ध रात्रि को महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया।

## हजारीलाल अध्यक्ष बने

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा की इकाई किशनगढ़ बास के चुनाव में हजारी लाल जांगिड़ को सर्व सम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। समाज के लोगों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का साफा व माला पहनाकर सम्मान कर अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी। समाज के सुरेश चंद्र जांगिड़ ने बताया कि किशनगढ़ बास के अलवर रोड स्थित विश्वकर्मा मंदिर में अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा की इकाई किशनगढ़ बास के चुनाव संपन्न हुए। जिसमें हजारी लाल जांगिड़ को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया।

चुनाव के दौरान राजेश जांगिड़ धनराज चंद्रशेखर सुरेंद्र मुकेश महिपाल ओमप्रकाश रवि दत्त नूतन दाताराम भास्कर जितेश दिनेश सोहनलाल अमर सिंह बुधराम रामअवतार जय नारायण रमेश महेंद्र देवेंद्र आदि समाज के लोग उपस्थित रहे।

# मंत्री परसादी मीणा ने नवीन कक्षा कमरों का लोकार्पण किया

■ राजकीय विद्यालयों में कक्षा कक्षों की उपलब्धता से छात्रों को मिलेगी बेहतर सुविधा: परसादी

**लालसोट/मंडावरी,** (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने सोमवार को महाराजपुरा एवं विनोद स्थित राजकीय विद्यालयों में बने अतिरिक्त कक्षा कक्षों के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि राजकीय विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा कक्षों की उपलब्धता से वहां अध्ययन करने वाले छात्र छात्राओं को बेहतर शैक्षिणक सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि प्रदेश की गहलोत सरकार का अध्ययन ग्रामीण क्षेत्रों से निकलने वाली प्रतिभाओं को राजकीय विद्यालयों के माध्यम से अच्छी शैक्षणिक सुविधा देकर निखारना है। चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि कांग्रेस सरकार की सोच रही है कि गांव व गरीब का कोई छात्र-छात्राएं शैक्षिणक व्यवस्था में पिछड़ा नहीं रहे इसी लिहाज से राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर एवं शहरी क्षेत्र में अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों की स्थापना की गई है ताकि गांव एवं गरीब जरूरतमंद ऐसे छात्र जो आर्थिक स्थिति सही नहीं होने के अभाव में अंग्रेजी शिक्षा से वंचित रह जाते थे ऐसे बालक बालिकाओं को अंग्रेजी विषय की शिक्षा से जोड़कर उनका इसके स्किल डेवलपमेंट बेहतर तरीके से किया जाए। इस दौरान चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय महाराजपुरा में जल्द ही एक हैंडपंप लगवा दिए जाने एवं राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय विद्यालय बिनोरी में एक आरओ लगवा देने की घोषणा भी की गई। इस कार्यक्रम में उपस्थित लालसोट पंचायत समिति प्रधान नाथू लाल मीणा बीसीएमएचओ धीरज शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष दीपक पुरोहित सोशल मीडिया से जीतू बिनौरी कैलाश चौबे कमलेश नेताजी प्रमुख महिला समाजसेवी राजेश्वरी देवी खुर्रा ग्राम पंचायत पट्टी किशोरपुरा सरपंच ऐरन्ता देवी आदि लोग मौजूद रहे।



लालसोट क्षेत्र के महाराजपुरा व बिनोरी ग्राम में राजकीय विद्यालय के नवनिर्मित कक्षा कक्ष का चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने लोकार्पण किया।

## बिल्डर्स एसोसिएशन ने ज्ञापन दिया

**टोंक,** (निसं)। जिला बिल्डर्स एसोसिएशन ने 34 सूत्री मांगों को लेकर निविदाओं के बहिष्कार के तहत सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता को ज्ञापन देकर निरस्त टेंडरों की अवधि बढ़ाने की मांग की। एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा, कमलेश गुर्जर, विष्णु, रामवतार सुवालका, रिषभ, छोटूलाल साहू, सुरेश, नेमीचंद जैन, बुद्धिप्रकाश, देवलाल मीणा, राजेश चौधरी आदि ने दिए ज्ञापन में बताया कि जिल टोंक में सम्पूर्ण निविदओं में भाग लेने का बहिष्कार का निर्णय के संबंध में ज्ञापन भी दिया गया था। स्थानीय संवेदकों द्वारा उक्त निविदा में भाग नहीं लेने के कारण पीएमजीएसवाई के टेण्डर में बाहरी एक संवेदक द्वारा निविदा में भाग लिया गया है। जिससे संवेदकों में होने वाला कम्पटीशन नहीं होने से राज्य सरकार को वित्तीय नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया कि उक्त टेण्डरों को निरस्त करावे एवं एलएसजी एवं अन्य निविदाओं की अवधि बढाई जाएं। ताकि पारदर्शिता से निविदाओं में भाग लिया जा सके एवं जब तक राज्य सरकार द्वारा संवेदकों की 34 सूत्री माँगों नहीं माना जावेगा तब तक बहिष्कार जारी रहेगा।

# सरकारी सेवाओं में चयनित अभ्यर्थियों का सम्मान

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। विनायक क्लासेज के 10 वे विजयोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुरू किया गया। दीप प्रज्वलन लेफ्टिनेंट जनरल एस पी एस कटेवा व क्लासेज के निर्देशक संयोग भावरिया ने किया।

निर्देशक संयोग भावरिया ने क्लासेज की विभिन्न गतिविधियों के बारे में अवगत करवाया एवं आए हुए अतिथियों अभिभावकों व छात्र-छात्राओं का अभिनंदन किया। अलग-अलग सरकारी सेवाओं में चयनित सैकड़ों अभ्यर्थियों व विनायक प्रतिभा खोज परीक्षा में सैकड़ों रैंकिंग वाले अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया जिसमें प्रथम रैंकिंग पर रहे जितेंद्र सैनी कांवट को 21000 रुपए एवं द्वितीय स्थान पर रहे गजेंद्र मीणा शाहपुरा व तृतीय स्थान पर अमित कुमार खाटूश्यामजी को क्रमश: 11000 रुपए एवं 5100 रुपए का नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो देकर सम्मानित किया। सरकारी सेवाओं में अंतिम रूप से चयनित प्रतियोगियों को माला पहना कर एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। वहीं श्रवण कुमार पीपलोदा जोरावर नगर गांव के रहने वाले एस एस सी जीडी अभ्यार्थी का सम्मान उनकी मां को दिया गया। विजयोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल एसपीएस कटेवा ने प्रतियोगियों को लक्ष्य बनाकर एकाग्रचित्त होकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।

विशिष्ट अतिथियों में समाजसेवी व भामाशाह राजाराम मील ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के दौर में शिक्षा के महत्व को बताया,ओलंपिक खिलाड़ी सपना पूनिया ने सफलता के लिए दिन-रात दौड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर इस अवसर पर रेडिएंट स्कूल की निर्देशक रेणु राठौड़, एसएमएस हॉस्पिटल जयपुर की असिस्टेंट प्रोफेसर कविता यादव, सीताराम सैनी, सेवानिवृत्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी साधु राम सैनी, सेवानिवृत्त प्रिंसिपल झाबर महला, पवन शर्मा सहित क्लासेज के अध्यापक गण छात्र-छात्राएं अभिभावक एवं प्रबुद्ध शिक्षक गणों ने भाग लिया।



विनायक क्लासेज का 10 वां विजयोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित।



*रोज-रोज सुबह की सैर या व्यायाम करने से जी चुराने वाले और अति व्यस्तता के कारण समय नहीं निकाल पाने वाले वालों के लिए जापान के शोधकर्ताओं ने अच्छी खबर सुनायी है कि, केवल सप्ताहांत में दो दिन 8,000 कदम चलने से असामयिक मौत का खतरा कम किया जा सकता है। क्योटो युनिवर्सिटी के ग्रेजुएट स्कूल ऑफ मेडिसिन समेत कई संस्थानों के शोधकर्ताओं के समूह ने बताया कि, जो लोग प्रति सप्ताह एक या दो दिन रोजाना कम से कम 8,000 कदम चलते हैं, उनमें 10 साल के बाद मौत के जोखिम में उतनी ही कमी देखी गयी, जितनी कि प्रति सप्ताह तीन से सात दिन तक चलने वाले लोगों में थी। यह अध्ययन हाल ही में अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन के जामा नेटवर्क ओपन मेडिकल जर्नल में प्रकाशित हुआ है। शोधकर्ताओं ने 2005 और 2006 के बीच किये गये एक अमेरिकी राष्ट्रीय स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़ों का उपयोग किया, जिसमें 20 या उससे अधिक उम्र के 3,101 लोगों द्वारा प्रतिदिन चले गये कदमों और 10 साल बाद मौत के जोखिम के बीच संबंध का अध्ययन किया गया। अध्ययन के अनुसार जो लोग एक या दो दिन और तीन से सात दिन में प्रतिदिन कम से कम 8,000 कदम चले, उनमें से तीन से सात दिन के समूह में मृत्यु दर 16.5 प्रतिशत कम दर्ज की गयी, जबकि एक या दो दिन चलने वाले समूह की मृत्यु दर 14.9 प्रतिशत कम थी। सप्ताहांत पर सैर की सलाह देने वाले क्योटो युनिवर्सिटी ग्रेजुएट स्कूल ऑफ मेडिसिन के सहायक प्रोफेसर कोसुके इनौए ने कहा, अब हर दिन सैर के लिए दबाव महसूस करने की कोई आवश्यकता नहीं है।*

# झालावाड़ में 2 और बीकानेर में एक करोना संक्रमित की मौत

## प्रदेश के 16 जिलों में 197 नए कोविड रोगी मिले सोमवार को

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 10 अप्रेल। वर्तमान में राजधानी जयपुर समेत प्रदेश के आधे से ज्यादा जिले करोना महामारी की चपेट में हैं। सोमवार को झालावाड़ में दो तथा बीकानेर में एक करोना संक्रमित रोगी की मौत हो गई, जबकि 16 जिलों में 197 नए मरीज भी सामने आए हैं। चिंताजनक बात यह है कि, प्रदेशभर में इकट्ठे किये गए मात्र 1348 सैंपल्स में से यह मरीज मिले हैं।

चिकित्सा विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, सोमवार को जयपुर 55, राजसमंद में 35, झालावाड़ में 22, उदयपुर व जोधपुर में 16-16, अलवर में 13 तथा अजमेर में 10 नए कोविड रोगी मिले हैं। इसके अलावा पाली में 8, बांसवाड़ा में 5, टोंक व बूंदी 4-4, चितौडगढ़ में 3, सवाईमाधोपुर और चूरू में 2-2 तथा कोटा व श्रीगंगानगर 1-1 नया करोना संक्रमित मिला है। सोमवार को मात्र 41 संक्रमित मरीज रिकवर होकर घर लौटे हैं, फिलहाल 804 एक्टिव केस प्रदेश में मौजूद हैं।

- **इनमें सबसे ज्यादा 55 संक्रमित जयपुर में मिले हैं। फिर राजसमंद में 35, झालावाड़ में 22, उदयपुर व जोधपुर में 16-16, अलवर में 13, अजमेर में 10, पाली में 8, बांसवाड़ा में 5, टोंक व बूंदी में 4-4, चित्तौड़गढ़ में 3, सवाई माधोपुर व चूरू में 2-2, कोटा व श्रीगंगानगर में 1-1 संक्रमित मिला है।**

उधर प्रदेश में तेजी से बढ़ते करोना संक्रमण को देखते हुए चिकित्सा विभाग भी हरकत में आया है। सोमवार को चिकित्सा शिक्षा सचिव टी. रविकांत और चिकित्सा व स्वास्थ्य सचिव डॉ. पृथ्वी ने अधिकारियों की बैठक बुलाकर कोविड प्रबंधन पर चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिये कि जहां-जहां पर तेजी से कोविड रोगी मिल रहे हैं, वहां-वहां सैंपलिंग बढ़ाई जाये। साथ ही प्रदेश के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में मॉकड्रिल, रिपोर्टिंग व अन्य उपचार सेवाओं पर भी निगरानी रखी जाये।

टी. रविकांत ने कहा कि, आउटडोर में आने वाले तमाम मरीजों में कोविड लक्षण पाये जाने पर उनकी कोविड सैम्पलिंग अनिवार्य रूप से करें। संकलित सैम्पलों को जांच के लिए निर्धारित केन्द्रों पर यथाशीघ्र भिजवाने तथा संक्रमित मरीजों को निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार उपचार देना सुनिश्चित करें।

बैठक में निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर, अतिरिक्त निदेशक ग्रामीण स्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, एस.एन.ओ. आईडीएसपी डॉ. प्रवीण असवाल, एसएमएस अस्पताल की माइक्रोबायोलोजिस्ट डॉ. भारती मल्होत्रा सहित सबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## पायलट के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जयराम रमेश द्वारा लिखे गये उस पत्र के बाद, जिसमें साफ तौर पर यह घोषणा की गई थी कि राज्य विधानसभा के आगामी चुनाव गहलोत के नेतृत्व में लड़े जायेंगे, पार्टी महासचिव तथा राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने पायलट से बात करने तथा उनके इस विरोध-प्रदर्शन को कर्नाटक के चुनाव सम्पन्न हो जाने तक टाल देने के लिये उन्हें तैयार करने के मामले में कोई तत्परता नहीं दिखाई। सूत्रों का कहना है कि रंधावा मंगलवार शाम तक जयपुर पहुँचेंगे तथा तब तक पायलट का अनशन समाप्त हो चुका होगा।

पिछले साल के पंजाब के चन्नी-सिद्धू अनुभव से डरे हुये, कांग्रेस नेतृत्व गहलोत और पायलट के बीच संतुलन की कोशिशों पर जोर देता रहा। लेकिन दोनों के बीच के संबंध ऐसे बिन्दु पर पहुँच गये हैं, जहाँ से लौटना संभव नहीं है। ऐसी संभावना दिखाई दे रही है कि आने वाले समय में, कुछ न कुछ तो टूटेगा ही।

# तृणमूल, एन.सी.पी. व सी.पी.आई. को चुनाव आयोग से बड़ा झटका लगा

## चुनाव आयोग ने राष्ट्रीय पार्टी होने का दर्जा छीना, साथ ही चुनाव आयोग ने आप पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी घोषित किया

नई दिल्ली, 10अप्रैल। ममता बनर्जी की टी.एम.सी. और शरद पवार समेत कई दलों को चुनाव आयोग से बड़ा झटका लगा है, लेकिन अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। चुनाव आयोग ने तृणमूल कांग्रेस, एन.सी.पी., सी.पी.आई. और ए.आई.टी.सी. से राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा वापस ले लिया है। वहीं अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल गया है। एन.सी.पी. और ए.आई.टी.सी. को नागालैण्ड और मेघालय में राज्य दलों के रूप में मान्यता दी जाएगी।

- **दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी की दर्जा मिलने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि इतने कम समय में राष्ट्रीय पार्टी? ये किसी चमत्कार से कम नहीं।**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी की दर्जा मिलने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि इतने कम समय में राष्ट्रीय पार्टी? ये किसी चमत्कार से कम नहीं। सबको बहुत-बहुत बधाई। देश के करोड़ों लोगों ने हमें यहां तक पहुंचाया है।

लोगों को हम से बहुत उम्मीद है। आज लोगों ने हमें ये बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है।

इसके अलावा लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को नागालैंड में एक राज्य पार्टी के रूप में मान्यता मिली है और टिपरा मोथा पार्टी को त्रिपुरा में एक राज्य पार्टी के रूप में मान्यता मिली है। वहीं बी.आर.एस को आंध्र प्रदेश में एक राज्य पार्टी के रूप में अमान्य किया गया है।

रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी को पश्चिम बंगाल में एक राज्य पार्टी के रूप में अमान्य किया गया है।

मेघालय में वॉइस ऑफ द पीपुल पार्टी को राज्य स्तरीय पार्टी के रूप में मान्यता मिली है।

## महाराष्ट्र में मंदिर में नीम का पेड़ गिरा, 7 की मौत

अकोला, 10 अप्रैल (वार्ता)। महाराष्ट्र में अकोला जिले के पारस गांव में एक टीन की छत पर नीम का पेड़ गिरने से एक धार्मिक समारोह में शामिल होने के लिए इकट्ठा हुए कम से कम सात श्रद्धालुओं की मौत हो गयी, जबकि अन्य 36 घायल हो गये।

- **महाराष्ट्र के अकोला जिले में पारस मंदिर में कई लोग धार्मिक समारोह में शामिल हुये थे, इस दुर्घटना में अन्य 36 लोग घायल हो गये।**

एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना बालापुर तालुका के पारस गांव में स्थित बाबूजी महाराज मंदिर में रविवार की रात हुई, जब कुछ लोग महाआरती के लिए एकत्रित हुए थे।

उस इलाके में तेज हवा और बारिश के कारण मंदिर परिसर में नीम का एक पेड़ टीन की छत पर गिर गया।

# अरुणाचल प्रदेश के आखिरी छोर पर पहुँचे गृह मंत्री अमित शाह

नई दिल्ली, 10 अप्रैल। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को अरुणाचल प्रदेश दौरे पर पहुँचे। चीन से सटी अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए अमित शाह ने साफ कर दिया कि, भारत की ओर बुरी नजर से देखने के दिन लद गए और अब कोई एक भी इंच जमीन पर अतिक्रमण नहीं कर सकता है।

- **अमित शाह ने, अरुणाचल प्रदेश के नामकरण का जिक्र कर कहा, भगवान परशुराम ने दिया था अरुणाचल नाम, कोई हमारी एक इंच जमीन पर भी अतिक्रमण नहीं कर सकता**
- **अमित शाह ने "वाइब्रेंट विलेज" प्रोग्राम के तहत अरुणाचल प्रदेश के किबिथू गांव का दौरा किया। वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत ग्रामीण इलाकों का विकास किया जायेगा।**

अमित शाह ने सीमा से सटे गांव काहो को अब देश के आखिरी गांव के बजाय पहला गांव करार दिया। इस दौरे से जहां चीन को संकेत दिया गया कि भारत किसी दबाव में रहने वाला नहीं है। वहीं विपक्षी दलों की अब तक की 12 सरकारों पर भी निशाना साधा और कहा कि बार्डर इंफ्रास्ट्रक्चर पर जो 12 सरकारें नहीं कर सकीं, वह नरेन्द्र मोदी सरकार ने दो कार्यकाल में ही कर दिया।

अरुणाचल प्रदेश का नामकरण भगवान परशुराम द्वारा किये जाने का उल्लेख कर अमित शाह ने चीन को स्पष्ट संदेश दे दिया कि ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से अरुणाचल प्रदेश भारत का हिस्सा है और भारत की धरती पर सूर्य की पहली किरण यहीं पड़ती है।

अमित शाह ने सोमवार को प्रदेश के किबिथू इलाके में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम की शुरुआत की।

इससे सीमावर्ती गांवों में रहने वाले लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार आएगा। साथ ही पलायन रोकने और सीमा सुरक्षा को मजबूत करने के लिहाज से भी वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम काफी अहम माना जा रहा है। बता दें कि अरुणाचल का किबिथू गांव चीन से सटा हुआ है। शाह की वाइब्रेंट विलेज योजना पर 4800 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

बता दें कि चीन से तनाव के बीच शाह अरुणाचल प्रदेश पहुंचे हैं। शाह का दौरा इस मायने में अहम है कि चीन ने पुरानी चाल चलते हुए दो दिन पहले ही अरुणाचल प्रदेश की 11 जगहों के नाम बदले हैं। चीन के इस कदम को भारत ने खारिज कर दिया है।

## गहलोत ने रंधावा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गहलोत की टीम ने पूरी तरह "मैनेज" कर लिया है।

सूत्रों का कहना है कि रंधावा मंत्री रामलाल जाट के आवास में रह रहे हैं जो कि धर्मेन्द्र राठौड़ के आलीशान घर के बगल में है। धर्मेन्द्र राठौड़ के खिलाफ ए.आई.सी.सी. की अनुशासन समिति ने अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरु की है।

रंधावा के लिये धर्मेन्द्र राठौड़ ने घर तैयार किया है। राजस्थान में सवाल यह पूछा जा रहा है कि रंधावा एक तरफा गेम खेल रहे हैं तो फिर वे न्याय कैसे करेंगे।

अशोक गहलोत और उनके समर्थकों की टीम ने पार्टी में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को दबाने के लिये हमेशा धन बल का इस्तेमाल किया है। एक के बाद एक महासचिवों को इस गुट को मैनेज कर लिया, फिर इन सभी ने खुल कर गहलोत का पक्ष लिया है। अब रंधावा भी एक और अविनाश पांडे बन गए हैं।

राजस्थान के महासचिव प्रभारी रहे पांडे ने तो जयपुर पहुंचने से पहले ही गहलोत का गुणगान शुरु कर दिया था और यही रंधावा के साथ हो रहा है लगता है उन्होंने भी समझौता कर लिया है और कांग्रेस ने राजस्थान के घटनाक्रम पर आँखें मूंद ली हैं, भले ही इसकी कीमत पार्टी को चुकानी पड़े।

## बांग्लादेश का विदेशी मुद्रा भंडार घटा

ढाका, 10 अप्रैल (वार्ता)। बंगलादेश का विदेशी मुद्रा भंडार मार्च के अंत तक 31.14 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया, जो दिसंबर 2016 के बाद सबसे निचला स्तर है। बंगलादेश बैंक (बी.बी.) के आंकड़ों के मुताबिक मार्च में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.11,427. 2 लाख डॉलर था। यह फरवरी में 3,23, 337.1 लाख डॉलर था। बैंक के विदेशी मुद्रा भंडार एवं ट्रेजरी प्रबंधन विभाग के एक अधिकारी ने रविवार को नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह दिसंबर 2016 के बाद से बंगलादेश के विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे निचला स्तर है। साल 2016 में बंगलादेश का विदेशी मुद्रा भंडार पहली बार 32 अरब डॉलर के स्तर को पार कर गया था। अधिकारी ने कहा कि यूक्रेन संकट के कारण आयात लागत बढ़ने से विदेशी मुद्रा भंडार छह साल के निचले स्तर पर आ गया है।

# पायलट के अनशन से गहलोत...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

है कि पार्टी शीघ्र ही कोई कठोर निर्णय ले।

राशिद अल्वी ने कहा, "पार्टी हाई कमान को कार्यवाही करनी ही पड़ेगी।"

मीडिया का एक वर्ग, जो आमतौर से गहलोत का पक्ष लेता है, ऐसा जताने की कोशिश कर रहा है कि नेतृत्व गहलोत का समर्थन कर रहा है और हो सकता है कि पायलट कांग्रेस छोड़ने का आधार तैयार कर रहे हों। लेकिन इस बात में रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है क्योंकि पायलट लम्बी लड़ाई के लिये तैयार हैं।

गहलोत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इस घृणित एवं तिक्त लड़ाई का कोई आसान समाधान नहीं है।

सन् 2020 में, जिस साल सारी दुनिया में कोविड फैला था, पायलट ने मुख्यमंत्री के खिलाफ अपना पहला बड़ा विद्रोह किया था तथा काफी दिनों तक दिल्ली के नज़दीक डेरा डाले रहे थे, किन्तु गांधी परिवार के साथ हुई उनकी मीटिंग तथा उनकी समस्या के समाधान के आश्वासन के बाद, पायलट ने अपने कदम पीछे हटा लिये थे।

- **जैसा कि विदित ही है, पायलट गहलोत स्पर्धा, 2018 के चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद ही शुरू हो गयी थी। पर, पायलट ने अनिच्छा से गहलोत का नम्बर दो होना स्वीकार कर लिया था, क्योंकि गहलोत ने हाई कमान से वादा किया था कि, दो साल बाद वे पायलट के लिये मु.मंत्री पद खाली कर देंगे, पर, जब गहलोत अपने वादे से मुकरे तो, पायलट ने गहलोत की खिलाफत का झण्डा उठाया।**

उस बात को तीन साल हो गये, लेकिन पैच-अप की कोई स्थिति नजर नहीं आ रही। पायलट ने भारत जोड़ो यात्रा के शीघ्र बाद ही, राजस्थान में एक एकल प्रचार अभियान शुरु किया था। अब तक की स्थिति यह है कि उस अभियान से दुश्मनी और बढ़ी ही है और यह चीज दोबारा निर्वाचित होकर सत्ता में आने की कोशिश कर रही पार्टी के लिये अच्छी नहीं है।

गहलोत-पायलट की लड़ाई, जो राजस्थान में 2018 की कांग्रेस की जीत के बाद ही शुरु हो गई थी, अंदर ही अंदर धधकती रही है।

हालाँकि पायलट शुरु में गहलोत के साथ एक गौण नेता के रूप में काम करने के लिये सहमत हो गये थे क्योंकि गहलोत ने पार्टी हाई कमान से वादा किया था कि अपने उपमुख्यमंत्री के लिये मुख्यमंत्री की कुर्सी आधी अवधि के बाद छोड़ देंगे।

लेकिन जब गहलोत ने अपना वादा पूरा नहीं किया, तो पायलट ने दो साल बाद विद्रोह करते हये, सत्ता में बेहतर हिस्से की माँग की दी।

# 'राहुल गांधी अब सिर्फ "ट्रोल" तक ही सीमित रह गये हैं'

नई दिल्ली, 10 अप्रैल। राहुल गांधी के बयानों और ट्वीट्स के जवाब में केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला है।

ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ट्वीट करते हुए कहा कि राहुल गांधी अब केवल ट्रोल तक ही सीमित रह गए हैं। उन्होंने लिखा, "स्पष्ट है कि अब आप एक ट्रोल तक सीमित हो चुके हैं। मुझ पर बेबुनियाद आरोप लगाने, और मुख्य मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के बजाय, इन तीन प्रश्नों का जवाब क्यों नहीं देते?" ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सवालों को ट्वीट करते हुए लिखा, " पिछड़े वर्ग को लेकर अपने अपमानजनक बयान के लिए माफ़ी क्यों नहीं मांगते? उल्टा कहते हैं कि आप सावरकर जी नहीं हैं, माफ़ी नहीं मांगेंगे! देश सेवक का अपमान और इतना अहंकार। जिस न्यायालय पर कांग्रेस ने सदैव उंगली उठाई, आज अपने स्वार्थ हेतु उस पर दबाव क्यों बना रहे हैं?"

- **अपने खिलाफ किये गये ट्वीट के जवाब में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने राहुल गांधी पर तीन प्रश्न खड़े किये।**

ज्योतिरादित्य ने लिखा कि राहुल गांधी के लिए नियम अलग क्यों हों। उन्होंने लिखा, "आपके लिए नियम अलग क्यों हों ? अपने आप को क्या आप फर्स्ट क्लास नागरिक मानते हैं? आप अहंकार में इस कदर ग्रस्त है कि शायद इन सवालों की महत्ता भी आपकी समझ से परे है।" वहीं इससे पहले भी वह राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी पर हमला बोल चुके हैं। उन्होंने कांग्रेस पर अपनी राजनीति चमकाने के लिए देश और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अपमान का आरोप लगाया था।

गौरतलब है कि, साल 2020 से पहले तक राहुल गांधी के सबसे करीबी दोस्तों में से एक ज्योतिरादित्य सिंधिया की गिनती हुआ करती थी। टीम राहुल गांधी में उनकी गिनती हुआ करती थी, लेकिन मार्च 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस पार्टी से नाता तोड़ लिया।

उसके बाद वे भाजपा में शामिल हुए और केंद्र की मोदी सरकार में उन्हें कैबिनेट में शामिल किया गया। इस समय बीजेपी के तमाम नेता राहुल गांधी पर हमलावर हैं।

## देश भर में...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जांच की जाएगी।

एक उच्चस्तरीय समिति जांच की निगरानी करेगी। समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस बी.एस. चौहान करेंगे। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डी.वाय. चंद्रचूड और जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा व जस्टिस जे.बी. पारदीवाला की बैंच ने एडवोकेट अजय शंकर श्रीवास्तव की अपील पर वह आदेश पारित किया। श्रीवास्तव ने सभी राज्य बार काउन्सिल को दिए गए बी.सी.आई. के आदेश को चुनौती दी थी। जस्टिस चौहान के अलावा कमेटी में इलाहाबाद हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस अरुण टंडन, दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस राजेन्द्र मैनन, सीनियर वकील राकेश द्विवेदी और मनिन्दर सिंह तथा बी.सी.आई. द्वारा मनोनीत तीन सदस्य शामिल होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि सभी विश्वविद्यालय और परीक्षा बोर्ड बिना कोई शुल्क लिए डिग्री की सत्यता की पुष्टि करेंगे। आदेश में कहा गया है कि, हम आग्रह करते हैं कि समिति पारपस्परिक रुप से विचार कर सुविधाजनक तिथि और समय से काम शुरु करे और 31 अगस्त 2023 तक स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करे।

## शिव कुमार ने...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सकती है तथा कांग्रेस एक स्वर्णिम अवसर को खत्म कर गवां रही है।

सिद्धारमैया ने स्वयं को मुख्यमंत्री के रूप में प्रस्तुत करने का मजबूत प्रयास किया है, लेकिन शिव कुमार के "खड़गे कार्ड" को इसके पलटवार के रूप में देखा जा रहा है।

पार्टी हलकों में एक अन्य दलित नेता सी.के. परमेश्वर के नाम की चर्चाएं हैं। इसे भी सिद्धारमैया की संभावनाओं की लुटिया डुबोने के रूप में देखा जा रहा है।

सिद्धारमैया के विश्वासपात्र बी.एस. शिवान्ना ने खेद प्रकट करते हुए कहा कि पार्टी अध्यक्ष के सर्वोच्च पद पर पहुंच चुके खड़गे का नाम मुख्यमंत्री पद के लिए चलाना अनुचित है। शिवान्ना खड़गे को एक राष्ट्रीय नेता एवं प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार मानते हैं।

खड़गे की मुख्यमंत्री बनने की पहले भी महत्वाकांक्षाएं थीं, लेकिन कुछेक बार वह यह मौका चूक गए। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस की मीडिया विंग के अध्यक्ष प्रियंक खड़गे ने कहा कि इस स्थिति में मुख्यमंत्री को लेकर बात करना काफी जल्दबाजी होगा।

शिव कुमार खेमा भी अपनी संभावनाओं को आगे बढ़ाने को लेकर हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठा है। उनके खेमे के लोगों का मानना है कि जिन लोगों को पहले मौका मिल चुका है, उन्हें अन्य लोगों को मौका देना चाहिए। जो नेता शिव कुमार के निकट हैं, उनका कहना है कि पार्टी के अधिकांश पदाधिकारियों का मूड यही है कि शिव कुमार को मुख्यमंत्री बनने का मौका देना चाहिए। उनमें एक पूर्व मंत्री टी.बी. जयचन्द्र भी शामिल हैं।

# 'यूरोप को अब अमेरिका का पिछलग्गू बनकर नहीं रहना चाहिये'

## फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने चीन की ओर अपना स्पष्ट झुकाव जाहिर करते हुये कहा, यूरोप को ताइवान मुद्दे पर अमेरिका और चीन के बीच नहीं आना चाहिये

पैरिस/नई दिल्ली, 10अप्रैल। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने हाल ही में चीन का दौरा किया और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। इस दौरान फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने चीन से रूस और यूक्रेन जंग को रोकने और शांति बहाल करने की दिशा में बातचीत की। लेकिन साथ ही चीन से अपने रिश्ते को बढ़ाने के संकेत भी दिए। चीन के साथ अपने कारोबार को और बढ़ाने की बात करने वाले मैक्रों ने स्पष्ट कहा कि अब अमेरिका की खुशामद करना बंद कर देना चाहिए। कब तक यूरोप के देश यानी यूरोप अमेरिका का पिछलग्गू बना रहेगा।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यूरोप को अमेरिका पर अपनी निर्भरता घटाने की सलाह दी है। चीन से मुलाकात के बाद मैक्रों के सुर बदले नजर आ रहे हैं। वे अमेरिका से अलग यूरोप का वजूद चाहते हैं, इसलिए इस तरह के बयान दिए हैं। इमानुएल मैक्रों तो ये भी चाहते हैं कि यूरोप 'तीसरी शक्ति' बनकर उभरे, जिसका लीडर फ्रांस हो।

- **गौरतलब है कि, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने हाल ही में चीन का दौरा किया और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की।**
- **चीन के इस दौरे के बाद से ही राष्ट्रपति मैक्रों के विचार काफी बदले-बदले नज़र आने लगे हैं। उन्होंने अपने बयान में चीन से रूस और यूक्रेन जंग को रोकने और शांति बहाल करने की दिशा में बातचीत की। लेकिन साथ ही चीन से अपने रिश्ते को बढ़ाने के भी स्पष्ट संकेत दिए।**

यही कारण है कि मैक्रों ने अपने वक्तव्य में कहा कि "यूरोपीय देशों को ताइवान मुद्दे पर चीन और अमेरिका के बीच नहीं आना चाहिए।" मैक्रों की ये टिप्पणी ऐसे वक़्त में आई है, जब चीन ताइवान से सटे इलाके में सैन्य अभ्यास कर रहा है।

बुधवार को ताइवानी राष्ट्रपति साई इंग वेन और अमेरिकी हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव केविन मैकेर्थी से के बीच जो मुलाकात हुई, उसके बाद शनिवार से सैन्य अभ्यास और तेज हो गया। चीन अभ्यास के नाम पर ताइवान पर दबाव डाल रहा है।

अन्तर्राष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार मैक्रों ने इस बारे में अपने वक्तव्य में कहा कि 'ये बड़ी विडंबना है कि यूरोप यह मानता है कि वो अमेरिका का अनुयायी है। यूरोप के लोगों को इस प्रश्न का हल ढूंढना चाहिए कि क्या ताइवान में तनाव बढ़ना उनके हित में हैं?' मैक्रों ने कहा कि 'हम यूरोपीय लोग इस मुद्दे पर अमेरिका की तरह सोचने लगे हैं और हम अमेरिकी एजेंडे और इस पर चीन की प्रतिक्रिया को देखकर अपने कदम उठाना चाहिए।'

मैक्रों ने साफ कहा कि "यूक्रेन और रूस की जंग के संकट का हल तो निकाल नहीं पा रहे हैं। ऐसे में वहां इतनी दूर ताइवान के मुद्दे पर हम कैसे कह सकते हैं कि चीन ने कुछ गलत किया तो हम पहुंच जाएंगे।" हमें यूरोप की समस्याओं को पहले देखना चाहिए। अमेरिका के दृष्टिकोण से नहीं चलना चाहिए।

हालांकि यूरोप के देशों और यूरोपीयन यूनियन ने मैक्रों के इस विचार को "बकवास" बताया है।

राष्ट्रपति मैक्रों की चीन के राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद चीन के पक्ष में दिखाई देने वाले बयान देने लगे हैं। जो अमेरिका को बिल्कुल अच्छे नहीं लग रहे हैं।

## एक और...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

986 करोड़ रु. अदा किए गए हैं।

कांग्रेस के मीडिया चेयरमैन पवन खेड़ा ने पूछा कि क्या मोदी सरकार ने नया स्पायवेअर खरीदा है ताकि लोगों व संख्याओं की जासूसी की जा सके।

ए.आई.सी.सी. कार्यालय में एक प्रेस क्रॉन्फ्रैंस को संबोधित करते हुए पवन खेड़ा ने आरोप लगाया कि इन संस्थाओं में विपक्षी दल, एन.जी.ओ., मीडिया हाउसेज़, सिविल राइट्स एक्टिविस्ट्स, न्यायपालिका, चुनाव आयोग व लोकतंत्र की सुरक्षा करने वाला हरेक संस्थान शामिल है। उन्होंने कहा कि ट्रेड डेटा जिसका विश्लेषण एक प्रमुख अखबार ने किया है, के अनुसार मोदी सरकार पैगसस के विकल्प के रुप में "कोग्नाइट" उपकरण खरीद चुकी है।

खेड़ा ने कहा कि सरकार पैगसस सिस्टम, जिसे कई देशों ने ब्लैक लिस्ट कर रखा है, की तुलना में एक कम चर्चित स्पायवेयर की तलाश में थी।

राष्ट्रदूत ( एच.यू.एफ. ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908


MARUTI SUZUKI ARENA
जल्दी करें
या
मौक़ा गँवाएँ*
सीमित अवधि ऑफ़र्स, सिर्फ़ आपके लिए।
WAGONR
ALTO K10
S-PRESSO
CELERIO
EECO
बड़ी बचत
WAGONR ₹61 000*
ALTO K10 ₹57 000*
S-PRESSO ₹56 000*
CELERIO ₹51 000*
EECO ₹34 000*
ऑफ़र सिर्फ़ स्टॉक रहने तक मान्य है।
WAGONR ALTO K10 S-PRESSO CELERIO EECO
E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership | For bulk/corporate & DGS&D enquiries email at bharat.mittal@maruti.co.in
UTHORISED DEALERS: JAIPUR CITY: PREM MOTORS PVT. LTD: CORPORATE PARK, GOPAL BARI, AJMER ROAD: CALL: 4511111, 9785034000. JAIPUR-VKI, ROAD NO.8: CALL: 4411111, 9785023000. AURIC MOTORS PVT LTD.: MANSAROVAR: CALL: 8929207471. KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.: VAISHALI MARG, VAISHALI NAGAR: CALL: 9209056789. VIPUL MOTORS PVT. LTD.: TONK ROAD: CALL: 2727000, 7340045958. AJMER ROAD: CALL: 4065555, 9660000363. K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.: ADARSH NAGAR: CALL: 4074444, 9549650361. BANIPARK: CALL: 4072222, 2201365, 8698003009. SATNAM MOTOCORP PVT. LTD.: MALVIYA NAGAR: CALL: 2523400, 8302890000. SANGA AUTOMOBILES PVT. LTD.: TONK ROAD: CALL: 2793924/5/6/7, 4110100, 9772210902. JAIPUR: VIPUL MOTORS PVT. LTD.: DAUSA: CALL: 9773364861. LALSOT: CALL: 9773364863. BANDIKUI: CALL: 9773364864. MAHWA: CALL: 9773364862. MEHANDIPUR BALAJI: CALL: 9773364865. UNIARA: CALL: 7742944482. KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.: PHULERA: CALL: 7412077062. SAMBHAR: CALL: 7412068410. ACHROL: CALL: 7412077078. FORTUNE CARS: KARAULI: CALL: 8875001175/ 8875005132. HINDAUN: CALL: 9214794314 / 8875007758. PREM MOTORS PVT. LTD.: BASSI: CALL: 8058794137. SAWAI MADHOPUR: CALL: 07462-220029 / 8058799005 / 8058794181. GANGAPUR CITY: CALL: 8058794021. BAGRU: CALL: 8058401166. KOTPUTLI: CALL: 8058794121. JOBNER: CALL: 8058796065. RENWAL: CALL: 8058600117. RENWAL-MANJHI: CALL: 8058794042. DUDU: CALL: 8058406655. PHAGI: CALL: 8058403338. KANOTA: CALL: 8058794167. TUNGA: CALL: 8058794137. K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.: TONK: CALL: 9549651924. CHAKSU: CALL: 9549651926. SHAHPURA: CALL: 8696925275. DEOLI: CALL: 8696934957. MALPURA: CALL: 9549650513. NIWAI: CALL: 9667777114. PAOTA: CALL: 9549650495. VIRATNAGAR: CALL: 6350612446. JAMWA RAMGARH: CALL: 6350612727. SANGA AUTOMOBILES PVT. LTD.: CHOMU: (MORIJA ROAD): CALL: 9772210096 / 9772210906. GOVINDGARH: CALL: 9772210451. AJMER: RELAN MOTORS: CALL: 0145-2610106, 9214444222. AJMER AUTO: CALL: 0145-2425200, 9314531845, 9314391004. ALWAR: MG MOTORS: CALL: 9001795515, 9001795517, 8003692651, 8003692652, 8003090466. BIKANER: DUDI AUTOMOBILES: CALL: 0151-2942222, 0151 -3550418, 7412075151. PADAMPUR: CALL: 7412075151. AURIC MOTORS: CALL: 0151-2251819, 9529251819, 9636045111. SRIGANGANAGAR: AURIC MOTORS: CALL: 8955559963. DUDI AUTOMOBILES: PADAMPUR: CALL: 7412075151. SIKAR: JAMU AUTOMOBILES: CALL: (01572) 245515 / 246219. NEEM KA THANA: JAMU AUTOMOBILES: CALL: 9785644715. JHUNJHUNU: AURIC MOTORS: CALL: 8955664400. CHURU: AURIC MOTORS: CALL: 01562-250696, 8875010502. KOTA: BHATIA & COMPANY: CORPORATE OFFICE: 23-24, INDUSTRIAL ESTATE: CALL: 7230006839, 9829818018, 9784598109, 9829099081, 9829045729, 9829187004. DAKANIYA SHOWROOM: G-11-12, AUTO MOBILE ZONE, NEAR DAKANIYA STATION: CALL: 9001997116, 9001997113, 9587898054. SUWALKA MOTORS PVT. LTD.: KUNHARI: CALL: 0744-2370272, 9116312345, 7300308888. SULTANPUR: CALL: 9116178527. BHAWANIMANDI: CALL: 9116178557. KHANPUR: CALL: 07430-299240, 8306333715. JODHPUR: AURIC MOTORS PVT LIMITED: SARASWATI NAGAR, NEW PALI ROAD: CALL: 0291- 2722691, 9015900500. BALESAR: CALL: 6377715171. AHORE: CALL: 9015900500. SAYLA: CALL: 9015900500. SHRI KRISHNA AUTO SALES PVT. LTD.: PRATAP NAGAR: CALL: 0291-2762064/65, 9929244403, 9829144436. PHALODI: CALL: 9928841300, 9116150669, 9929244402. L.M.J. SERVICES LTD: A-11, INDUSTRIAL ESTATE, OPP. UDYOG BHAWAN, NEW POWER HOUSE ROAD: CALL: 8094011123, 8094011151, 0291- 2630478/79/80. NAGAUR: MANGALAM MOTORS: CALL: 9116008626, 9116008630. PALI: L.M.J. SERVICES LTD.: CALL: 02932 - 256177, 8094011136. SIROHI: NAVNEET MOTORS: CALL: 02972-222917-18, 7665010638. UDAIPUR: NAVNEET MOTORS: MADRI: CALL: 0294-2494454, 7230046380. CITY STATION ROAD: CALL: 0294-2415142, 7230046381. TECHNOY MOTORS: GOVARDHAN VILLAS: CALL: (0294) 2485158, 2485738, 9982666809. BANSWARA: NAVNEET MOTORS: CALL: 9414159145, 7665010632, 7412074100. BHILWARA: LOHIA AUTOMOBILES: CALL: 01482-264061, 264144, 09799545333, 09950512555. CHAMPION CARS: CALL: 01482-267135, 9602892423, 7727863720. BHARATPUR: TM MOTORS: CALL: 05644-220970, 226392, 9251423393, 9251423395, 8094000626. CHITTORGARH: BHATIA & COMPANY: CALL: 9414130799, 9001791753, 9587208999, 9414179006, 9413316117.
*Offer includes consumer offer, retail support, 2 ka 4 offer, exchange offer and ISL/ Rural offer (wherever applicable) on WagonR (1.0L Petrol- all variants except AGS) Alto K10 (Petrol- LXI & VXI variants only), S-Presso (Petrol- all variants except AGS), Celerio (Petrol- all variants except AGS) and Eeco (Petrol- all variants except cargo, flexi & Ambulance). *Terms & Conditions apply. Creative visualization. The terms and conditions are subject to change without any prior notice. All offers are brought to you by Maruti Suzuki dealers only. Offers may vary from variant to variant. All offers shown are valid for limited period & for limited stock only. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. Colors shown may vary from actual body colors due to printing on paper. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. Above offers are valid till stocks last.